e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 11, अंक 30

बुधवार

31.01.2024

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

विकास और विनाश दोनों एक सिक्के के दो पहलू है, अब आपको चुनना है कि आपको क्या बनना है।

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### पीएम मोदी का टला झारखंड-बिहार दौरा

**नई दिल्ली** : पीएम मोदी 3 फरवरी को राज्य के दौरे पर आने वाले थे। भाजपा के सूत्रों ने जानकारी दी है कि अब ये दौरा टल गया है। इसके साथ ही पीएम मोदी का बिहार के बेतिया में रैली का कार्यक्रम भी रद्द हो गया है। माना जा रहा था कि बिहार में एनडीए के साथ वापस आने वाले सीएम नीतीश कुमार इस रैली में पीएम मोदी के साथ मंच साझा कर सकते थे। पहले के तय कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 3 फरवरी की रात झारखंड के राजभवन में पहुंचने वाले थे। वहीं 4 फरवरी को पीएम धनबाद में कार्यक्रम करने वाले थे। इसके बाद पीएम मोदी को बिहार के बेतिया में रैली को संबोधित करने जाने का प्लान था। हालांकि अब ये सभी कार्यक्रम टाल दिए गए हैं। पीएम के कार्यक्रम के इस फैसले को टालने का प्रमुख कारण अब तक नहीं बताया गया है। झारखंड इस वक्त सियासी संकट से जूझ रहा है। राज्य के सीएम हेमंत सोरेन के खिलाफ ईडी की कार्रवाई लगातार जारी है। झारखंड में सियासी सरगर्मी के बीच राज्यपाल ने झारखंड के डीजीपी और चीफ सेक्रेटरी से पूछताछ की है। झारखंड के राज्यपाल राधाकृष्णन ने कहा है कि वह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी का समन मिलने के मद्देनजर राज्य की स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने कहा कि मैं संविधान के रक्षक के रूप में पूरी स्थिति पर नजर रखे हुए हूं। यह राज्यपाल का कर्तव्य है और मैं इसे निभा रहा हूं। समय आने पर फैसला लूंगा।

### 52 लोगों की बेरहमी से गोली मारकर हत्या

**सूडान** : अफ्रीकी देश सूडान के अबेई में हथियारबंद बदमाशों ने 52 ग्रामीणों की गोली मारकर हत्या कर दी. मारे गए लोगों में महिलाओं, बच्चों और दो संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिक भी शामिल हैं. अबेई के सूचना मंत्री बुलिस कोच ने बताया कि दक्षिण सूडान के वार्रप राज्य के हथियारबंद लोगों ने शनिवार को गांव पर हमला कर दिया. हालांकि हमला क्यों किया गया, इसकी वजह साफ नहीं हो पाई है.अबेई एक तेल समृद्ध क्षेत्र है, जिसे दक्षिण सूडान और सूडान द्वारा संयुक्त रूप से प्रशासित किया जाता है. दोनों देश इस पर अपना दावा करते हैं. कोच ने न्यूज एजेंसी रॉयटर्स को बताया कि इस हमले में महिलाओं, बच्चों और पुलिस अधिकारियों समेत 52 स्थानीय लोग मारे गए. इसके अलावा 64 लोग घायल हो गए. उन्होंने बताया कि मौजूदा हालात को देखते हुए डर और दहशत पैदा कर दी है, जिसकी वजह से इलाके में कर्फ्यू लगा दिया गया है. संयुक्त राष्ट्र अंतरिम सुरक्षा बल अबेई ने रविवार को बताया कि हिंसा के बीच एगोक शहर में उसके अड्डे पर हुए हमले में अबेई स्थित संयुक्त राष्ट्र बल के एक घाना शांतिरक्षक की मौत हो गई.

### महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर मनाया शौर्य दिवस

**मेरठ** : अखिल भारत हिन्दु महासभा ने महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर मंगलवार को शौर्य दिवस मनाया। इस दौरान महासभा के कार्यालय पर हवन पूजन, अनुष्ठान किया और हनुमान चालीसा का पाठ किया गया।शारदा रोड स्थित अखिल भारत हिन्दु महासभा के कार्यालय पर मंगलवार को हवन पूजा, अनुष्ठान का आयोजन किया गया। महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पंडित अशोक शर्मा के अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। महासभा के जिलाध्यक्ष व प्रदेश प्रवक्ता अभिषेक अग्रवाल ने कहा कि 30 जनवरी को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि को शौर्य दिवस के रूप में मनाया जाता है।उन्होंने कहा कि गांधीवाद का भारत से जड़मूल से सफाया होने पर ही भारत हिन्दु राष्ट्र बन सकता है। भारत की धरती की अनेक महापुरुषों ने राष्ट्र रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति स्वयं अपनी इच्छा से दे दी थी। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने गांधीवाद का जड़ से सफाया करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष भरत राजपूत, पंडित अरविंद शर्मा, दीपक शर्मा, शेखर पंडित, सावन कुमार, हनी कुमार, प्रथम दीक्षित, मनोज कुमार आदि उपस्थित रहे।

### 10 करोड़ की संदिग्ध लेनदेन वाला आरोपित गिरफ्तार

**देहरादून** : उत्तराखंड एसटीएफ ने एक बड़े आरोपित को गिरफ्तार किया है। दुबई में बैंक खाते और सिम कार्ड सप्लाई करने वाले इस बड़े हवाला आपरेटर को सूरत, गुजरात से गिरफ्तार किया गया है। इस पर देश भर 104 मुकदमे और 2327 अपराध लंबित हैं। मंगलवार को एसटीएफ एसएसपी आयुष अग्रवाल ने बताया कि आरोपित के पास से 42 डेबिड कार्ड, 30 चैक बुक, 20 माइक्रो सिम, दुबई मेट्रो कार्ड, सिम कार्ड, एक पासपोर्ट एक स्वैप मशीन, तीन फर्जी कंपनियों के मुहर और मोबाइल बरामद हुए हैं। एसटीएफ ने एक राष्ट्रीय घोटाले, जिसमें लगभग 10 करोड़ का संदिग्ध लेनदेन हुआ है। इसमें आरोपित की हरेक राज्य की पुलिस को तलाश थी। एसटीएफ एसएसपी के अनुसार आरोपित फ्लाइट नेटवर्क कंपनियों का सीनियर एजेंट बताते हुए टेलीग्राम ग्रुप में जोड़कर विभिन्न कंपनियों के लिंक भेजकर टिकट बुक करने के टास्क के माध्यम से घर बैठे कमीशन के रूप में लाखों कमाने का लालच देकर धोखाधड़ी कर रहा था।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 22° |
| न्युनतम | 10° |

## रांची पहुंचे सीएम, महागठबंधन में शामिल विधायकों के साथ की बैठक

# सब कुछ ठीक रहेगा : हेमंत सोरेन

*** महागठबंधन के सभी विधायक सर्किट हाउस में जमे रहे, चलता रहा बैठकों का दौर**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : मुख्यमंत्री मंगलवार दिल्ली से रांची लौट आये। यहां उन्होंने सीएम आवास पर महागठबंधन के विधायक दल की बैठक की। इसके बाद मोरहाबादी मैदान स्थित बापू वाटिका पहुंच कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने वर्तमान राजनीतिक घटनाक्रम पर कहा कि मुख्यमंत्री आपके सामने हैं। आगे भी सब कुछ ठीक रहेगा। सीएम ने विधायकों के साथ बैठक भी की।कांग्रेस के झारखंड प्रदेश प्रभारी मीर सहित विधायक अलमगीर आलम,दीपिका पांडेय, नेहा सिल्पी तिर्की,अंबा प्रसाद, बादल पत्रलेख, इरफान अंसारी, राजेश कच्छप, सत्यानंद भोक्ता, चंपई सोरेन सहित झामुमो के करीब सभी विधायक बैठक में उपस्थित थे। महागठबंधन के सभी विधायक दिन भर सर्किट हाउस में जमे रहे और बैठकों का दौर चलता रहा। शाम में सत्ताधारी दल के विधायकों के साथ सीएम ने फिर बैठक की।इधर सीएम हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी की अटकलों को देखते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा ने प्लान तैयार किया है। कहा जा रहा है कि इसके लिए सभी कार्यकर्ताओं को बड़े प्रदर्शन के लिए तैयार रहने को कहा गया है। फिलहाल ईडी की कार्रवाई के खिलाफ जेएमएम की ओर से रांची में प्रदर्शन किया भी जा रहा है। राज्य के कई जिलों के जेएमएम कार्यकर्ता रांची पहुंचे हुए हैं। ये कार्यकर्ता रांची के मोरहाबादी मैदान में जमा हैं। इसके अलावा हेमंत सोरेन की पत्नी को सीएम बनाने की भी चर्चा है। कहा जा रहा है कि अगर हेमंत सोरेन गिरफ्तार होते हैं तो उनकी पत्नी को विधायक दल का नेता चुना जा सकता है। पार्टी हर बिंदुओं पर गहराई से विचार कर रही है।

### रांची में आज सुबह 9 बजे से रात 10 बजे तक धारा 144 लागू

**रांची** : सदर एसडीओ ने शहर में 31 जनवरी की सुबह 9 बजे से रात्रि 10 बजे तक धारा 144 लागू किया है. एसडीओ ने संगठनों, दलों द्वारा धरना-प्रदर्शन, जुलूस, रैली किए जाने की सूचना को लेकर शहर में धारा-144 लागू करने का निर्देश दिया. एसडीओ ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से सरकारी कामकाज में बाधा उत्पन्न होती है. साथ ही साथ शहर में विधि-व्यवस्था और ट्रैफिक व्यवस्था की भी समस्या उत्पन्न होती है. धारा 144 मुख्य रूप से मुख्यमंत्री आवास की चाहरदीवारी से 100 मीटर की परिधि में, राजभवन की चाहरदीवारी से 100 मीटर की परिधि में व प्रवर्तन निदेशालय, डोरंडा, रांची के कार्यालय से 100 मीटर की परिधि में पूरी तरह से लागू रहेगा।

### बाबूलाल मरांडी व निशिकांत दुबे पर करेंगे मानहानि का मुकदमा : जेएमएम

**रांची** : झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रीमो भट्टाचार्य ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सीएम के खिलाफ जिस तरह की ऊंची भाषा का इस्तेमाल सोशल मीडिया पर किया है उससे उनकी मानसिकता झलकती है. उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी ने सीएम के खोजे जाने पर 11000 रुपए के इनाम की घोषणा की थी लेकिन पार्टी घोषणा करती है कि अगर कोई मनोचिकित्सक उनको ठीक कर देगा तो उसे 11 लाख रुपया दिया जाएगा. साथ ही उन्होंने बाबूलाल मरांडी और निशिकांत दुबे द्वारा सोशल मीडिया पर की गई टिप्पणी पर आपत्ति जताते हुए कहा कि दोनों के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दर्ज किया जाएगा.



### सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

**रांची** : ईडी के द्वारा सीएम से पूछताछ करने को लेकर रांची पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं. पुलिस मुख्यालय के निर्देश के बाद राजधानी में 1800 पुलिस बल की तैनाती की गई है. इसके अलावा चार कंपनी आरएएफ की भी तैनाती रांची में की गई है. साथ ही अलग अलग जगहों से 14 डीएसपी रैंक के अधिकारी सीएम हाउस और उसके आसपास तैनात किए गए हैं.

### सीएम से आज दोपहर ईडी करेगी पूछताछ

**रांची** : सीएम हेमंत सोरेन से ईडी बुधवार की दोपहर एक बजे पूछताछ करेगी. सीएम हेमंत सोरेन ने ईडी पर राजनीति से प्रेरित होकर चुनी हुई सरकार को काम करने से रोकने का आरोप लगाया. उन्होंने ईडी द्वारा 20 जनवरी को पूछे गये सवालों को तथ्यों से परे और गलत करार दिया. साथ ही बजट सत्र की व्यस्तता के बावजूद 31 जनवरी को अपने आवास पर ही बयान दर्ज कराने पर सहमति देते हुए ईडी को ई-मेल भेजा था. अपनी आपत्तियों के साथ ही मुख्यमंत्री ने बयान दर्ज कराने के लिए ईडी को 31 जनवरी को दोपहर एक बजे अपने आवास पर बुलाया है.

## गोड्डा में अंधाधुंध फायरिंग, 3 की मौत



**स्कूल की लाइब्रेरी हाल में छह राउंड गोलियां चलीं। मृतकों में सुजाता देवी, रवि रंजन और आदेश सिंह हैं। बताया जाता है कि घटना के समय स्कूल में क्लास चल रही थी।**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गोड्डा** : जिले के पोड़ैयाघाट के उत्क्रमित उच्च विद्यालय चतरा में प्रेम प्रसंग में शिक्षक रवि रंजन ने मंगलवार को अंधाधुंध फायरिंग कर दो शिक्षकों को मौत के घाट उतार दिया। बाद में उसने खुद को भी गोली मार ली। स्कूल की लाइब्रेरी हाल में छह राउंड गोलियां चलीं। मृतकों में सुजाता देवी, रवि रंजन और आदेश सिंह हैं। बताया जाता है कि स्कूल में क्लास चल रही थी। इस बीच तीनों शिक्षकों ने लाइब्रेरी रूम में प्रवेश किया और अंदर से बंद कर दिया। इसके बाद गोली चलने की आवाज आई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जब दरवाजे को तोड़ा तो पाया कि यूपी चंदौली गांव के रहने वाले शिक्षक आदर्श कुमार सिंह कुर्सी पर मृत पड़े थे। गोली उसके सीने में लगी थी। दूसरी ओर शिक्षिका सुजाता कुमारी भी जमीन पर गिरी पड़ी थी। उसकी भी मौत हो चुकी थी। सुजाता के पति फौज में हैं। तीसरे रवि रंजन की कनपटी में गोली लगी थी। गंभीर अवस्था में उसे सदर एसडीपीओ जेपीएन चौधरी और पोड़ैयाहाट थाना प्रभारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पोड़ैयाहाट भेजा, जहां इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। गोली मारने वाले रवि रंजन का पत्नी से संबंध विच्छेद हो गया है। पुलिस घटना की छानबीन कर रही है। घटना में मृत शिक्षिका सुजाता कुमारी ग्राम दांडे की निवासी है जबकि रवि रंजन पोड़ैयाहाट का निवासी है। मृतक आदर्श सिंह यूपी का बताया जा रहा है।बताया जाता है कि रवि रंजन का पहले से सुजाता कुमारी के साथ प्रेम-प्रसंग चल रहा था। बाद में सुजाता की नजदीकियां आदर्श सिंह के साथ बढ़ने लगी। यह बात रवि को नागवार गुजरी और उसने पूरे खेल को ही समाप्त कर देने का बड़ा फैसला ले लिया। इसके लिए योजना बनाकर तीन नए-नए देसी रिवॉल्वर की व्यवस्था की और तीनों गोली अलग-अलग रिवॉल्वर से चलायी। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त तीनों रिवॉल्वर को बरामद कर लिया है। एक साथ तीन शिक्षकों की लाश स्कूल से निकलने के बाद शिक्षा महकमा में मातम छा गया।




## बजट सत्र से पहले सभी विपक्षी सांसदों का रद्द हुआ निलंबन

एजेंसी

**नई दिल्ली** : 31 जनवरी से शुरू होने जा रहे संसद के बजट सत्र से पहले पिछले सत्र में निलंबित किए गए सभी सांसदों का निलंबन रद्द हो गया है. शीतकालनीन सत्र के दौरान लोकसभा और राज्यसभा के 146 सांसदों को निलंबित कर दिया गया था. जानकारी के मुताबिक 146 में से 132 सांसदों को शीत सत्र के लिए ही निलंबित किया गया था. बजट सत्र में यह निलंबन स्वतः समाप्त हो गया है. वहीं शेष 14 सांसदों को विशेषाधिकार समितियां द्वारा उनके फैसला होने तक निलंबित कर दिया गया था.14 सांसदों में 3 लोकसभा और 11 राज्यसभा के सांसद थे. इनके मामलों को संसद की विशेषाधिकार समितियों के पास भेजा गया था और कहा गया था कि समिति का फैसला आने तक उन्हें निलंबित किया गया है. लोकसभा की विशेषाधिकार समिति ने 11 जनवरी को लोकसभा सांसदों का निलंबन रद्द कर दिया था,वहीं राज्यसभा सांसदों का निलंबन मंगलवार को रद्द किया गया. संसद के शीतकालीन सत्र में दोनों सदनों से 146 सांसद निलंबित किए गए थे. इनमें से 132 सांसदों को सत्र समाप्त होने तक के लिए निलंबित किए गए थे. वहीं लोकसभा के तीन और राज्यसभा के 11 सांसदों को प्रिविलेज कमेटी की रिपोर्ट आने तक के लिए निलंबित किया गया था.

## छत्तीसगढ़ : 3 जवान शहीद, 14 घायल



एजेंसी

**रायपुर** : छत्तीसगढ़ के सुकमा-बीजापुर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र टेकलगुड़ेम गांव में सीआरपीएफ कैंप पर नक्सलियों ने बड़ा हमला कर दिया. इस हमले में 3 जवान शहीद हो गए, जबकि 14 जवान घायल हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. उधर, हमले की सूचना मिलने पर फोर्स मौके पर पहुंच गई है और इलाके की घेराबंदी करते हुए हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है. जानकारी के मुताबिक सुकमा के थाना जगरगुण्डा इलाके में नक्सल गतिविधियों पर नकेल कसने और इलाके के लोगों को सहायता देने के लिए आज 30 जनवरी को ही सुरक्षा कैंप स्थापित किया गया था. कैंप के बाद सीआरपीएफ के कोबरा जवान जोनागुड़ा-अलीगुड़ा क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन चला रहे थे. इसी दौरान जवानों के ऊपर माओवादी द्वारा फायरिंग की गई. सुरक्षा बल द्वारा भी माओवादी फायरिंग का मूंहतोड़ जवाब देते हुए जवाबी कार्रवाई की गई. सुरक्षा बल के बढ़ते दबाव को देखकर माओवादी जंगल का आड़ लेकर भाग गए. हालांकि इस मुठभेड़ में 3 जवान गोली लगने से शाहिद हो गए. वहीं 14 जवान घायल हो गए. घायल जवानों की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है. उन्हें इलाज के लिए रायपुर भेजा गया है. बता दें कि पिछले साल दिसंबर महीने में छत्तीसगढ़ में सीएम की शपथ से पहले नक्सली हमला हुआ था. 13 दिसंबर 2023 को नक्सलियों ने नारायणपुर में आईईडी ब्लास्ट किया था. इस हमले में एक जवान शहीद हो गया था, जबकि एक अन्य जख्मी हुआ था.

### राहुल गांधी ने सीएम नीतीश कुमार पर साधा निशाना

## थोड़ा-सा दबाव पड़ने पर वे पलट जाते हैं : राहुल

एजेंसी



**पटना** : राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा बिहार में एंट्री कर चुकी है। इस यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने अपने संबोधन में नीतीश कुमार पर निशाना साधा। उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री का नाम लिए बगैर निशाना साधते हुए कहा कि थोड़ा-सा दबाव पड़ता है और उन्होंने यू टर्न ले लिया। राहुल गांधी ने आगे कहा कि बात समझिए नीतीश जी कहां फंसे। मैंने नीतीश जी से साफ कह दिया कि आपको बिहार में जातीय जनगणना करनी पड़ेगी। हम आपको छूट नहीं देंगे। आरजेडी और हमने ये काम नीतीश जी पर दबाव डालकर कराया। अब दूसरे साइड से प्रेशर आ गया। बीजेपी नहीं चाहती कि देश को पता चले कि कितने पिछड़े, कितने दलित हैं? बीजेपी नहीं चाहती की सामाजिक न्याय की बात हो। बीजेपी ने उन्हें भागने के लिए बैक डोर दे दिया। लोगों को सामाजिक न्याय दिलाना हमारी गठबंधन का काम है और इसके लिए हमें नीतीश जी की कोई जरूरत नहीं है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आगे कहा,हमारे समाज में सामाजिक वर्ग- पिछड़ा वर्ग, दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यक और सामान्य जाति के लोग हैं। ओबीसी समुदाय देश का सबसे बड़ा समाज है। लेकिन आज अगर मैं आपसे जनसंख्या पूछूंगा देश में ओबीसी समाज की आबादी कितनी है, तो आपके पास जवाब नहीं होगा। राहुल गांधी ने कहा, इस देश में जनसंख्या का पता लगाने के लिए भारत का एक्स-रे करने का समय आ गया है, सामाजिक न्याय की दिशा में पहला कदम देश का एक्स-रे है। बिहार में सामाजिक न्याय देना गठबंधन की जिम्मेदारी है। यहां नीतीश कुमार की जरूरत नहीं है। हम यहां अपना काम करेंगे।

## भारतीय नौसेना कमांडो ने पाकिस्तानी जहाज को बचाया, समुद्री डाकुओं को खदेड़ा

एजेंसी

**नई दिल्ली**: समुद्री क्षेत्र में सुरक्षा प्रदान करने के लिए भारतीय नौसेना के युद्धपोत हिंद महासागर के चारों ओर तैनात हैं। भारतीय नौसेना ने 36 घंटे के भीतर दक्षिणी अरब सागर में दो समुद्री डकैतियों को नाकाम किया है। ईरानी जहाज एफवी इमान को छुड़ाने के बाद भारत के नौसेना कमांडो ने पाकिस्तानी जहाज अल नईमी को समुद्री डाकुओं के चंगुल से मुक्त कराया है। इन दोनों ऑपरेशन में व्यापारिक जहाजों को छुड़ाने के साथ ही चालक दल के 36 सदस्यों को सुरक्षित बचाया है, जिसमें 17 ईरानी और 19 पाकिस्तानी नागरिक हैं। अरब सागर में कोच्चि से 700 समुद्री मील दूर पश्चिम में सोमालियाई समुद्री डाकुओं ने 28 जनवरी को मछली पकड़ने वाले ईरानी जहाज एमवी इमान का अपहरण कर लिया था। जहाज पर सवार 17 क्रू सदस्यों और अपहृत मछुआरों को बचाने के लिए भारतीय नौसेना ने अपना युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा को भेजा। युद्धपोत ने अपहृत इस जहाज को बचाने के लिए तत्काल ऑपरेशन शुरू किया। भारत ने मछली पकड़ने वाले जहाज इमान को सुरक्षित बचाकर सोमालियाई लुटेरों को निहत्था करके सोमालिया की ओर खदेड़ दिया। युद्धपोत पर मौजूद एएलएच ध्रुव हेलीकॉप्टरों ने अपहृत जहाज को चारों ओर से घेर लिया था, ताकि उस पर मौजूद समुद्री डाकुओं को चेतावनी दी जा सके। ईरानी जहाज को बचाने के बाद भारतीय युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा इलाके से बाहर निकल गया।



भारतीय युद्धपोत यह ऑपरेशन पूरा करने के बाद सोमालिया के पूर्वी तट पर ही था, तभी उसे 29 जनवरी को एक और समुद्री लुटेरों की हरकत का पता चला। कोच्चि से लगभग 850 नॉटिकल मील पश्चिम में दक्षिणी अरब सागर में मिशन तैनात भारतीय नौसेना के युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा को मछली पकड़ने वाले पाकिस्तानी जहाज अल नईमी और उसके चालक दल के 19 पाकिस्तानी नागरिकों को बंधक बनाए जाने की सूचना मिली। इस पर उसे पाकिस्तानी जहाज को समुद्री लुटेरों से बचाने की कार्रवाई में लगाया गया। युद्धपोत सुमित्रा ने 29 जनवरी को अपने हेलीकॉप्टर की मदद से अपहृत जहाज को घेरकर पाकिस्तानी चालक दल और जहाज की सुरक्षित रिहाई के लिए 11 समुद्री लुटेरों को भागने के लिए मजबूर कर दिया।

### करोड़ों की ड्रग्स के साथ चार विदेशी गिरफ्तार

**नई दिल्ली (एजेंसी)**: दिल्ली-एनसीआर में ड्रग्स के कारोबार के खिलाफ प्रशासन लगातार कार्रवाई कर रहा है. उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में दिल्ली पुलिस ने छापा मारकर ड्रग्स बनाने की एक फैक्ट्री का पर्दाफाश किया है. साथ ही इस मामले में चार विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार करने में भी सफलता मिली है. ड्रग्स बनाने की फैक्ट्री से नारकोटिक्स सेल ने करोड़ों की ड्रग्स और ड्रग्स बनाने के लिए काफी मात्रा में रॉ मैटेरियल की बरामदगी की है.

असर्फी हॉस्पीटल, धनबाद

अब ह्रदय का बाईपास सर्जरी, वाल्व रिप्लेसमेंट, फेफड़े इत्यादि का ऑपरेशन आयुष्मान भारत कार्ड से हो रहा है

78083 68888 www.asarfihospital.com

असर्फी हॉस्पीटल, बारामुड़ी, बिशुनपुर, धनबाद -828130

## लातेहार थाना परिसर में मनाई गई राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सदर थाना परिसर में मंगलवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्रा एवं पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सहित सभी पुलिसकर्मी ने 2 मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्रा ने कहा कि गांधी जी के विचार और दर्शन की तरफ दुनिया का झुकाव बढ़ा है।देश में गांधी जी का स्मरण किए बिना कोई भी कार्य सफल नहीं हो सकता कई आंदोलन और परिवर्तन उनके दिखाए मार्ग पर चलकर सफल हुए हैं। वहीं थाना प्रभारी श्री कुमार ने कहा कि गांधी जी आज भी हमारी ताकत हैं।आज की पीढ़ी को गांधी जी के बताए मार्ग पर चलने की जरूरत है ताकि जीवन में शांति और स्थिरता रह सके। इसके लिए जरूरी है कि उनके दर्शन को सब लोगों के बीच खासकर युवा वर्ग तक पहुंचाया जाए।गांधी जी की पुण्यतिथि पर उनका नमन करते हुए उन्होंने कहा कि बापू ने पूरे विश्व को सत्य और अहिंसा का जो रास्ता दिखाया आज उसपर चलकर ही पूरी दुनिया मे शांति और सद्भाव कायम हो सकता है। इस अवसर पर कई पुलिस बल उपस्थित थे।

# विद्या विहार वाटिका विद्यालय में मनाया गया वार्षिक उत्सव




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छत्तरपुर :** विद्या विहार वाटिका विद्यालय लठेया छत्तरपुर में रजत वर्ष शुभारंभ समारोह का आयोजन किया गया 30 जनवरी को वाटिका का रजत वर्ष शुभारंभ समारोह 24 वां वार्षिकोत्सव मनाया इस अवसर पर भाजपा नेता विनोद सिंह, विद्या विहार वाटिका के संचालक डॉ रामरेश यादव, सुरेन्द्र सिह एवं अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से प्रभु श्री राम की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों द्वारा गीत संगीत एवं झांकियां एक से बढ़कर एक प्रस्तुत की गई बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम से लोगों को खूब प्रभावित किया मौका पर भाजपा नेता विनोद सिंह ने कहा कि आज के दौड़ में शिक्षा बहुत जरूरी है और आप सभी अभिभावकों से अनुरोध होगा कि अपने बच्चों को पढ़ाई के लिए स्कूल जरूर भेजें और यह जरूरी नहीं है कि सभी बच्चे पढ़ कर डॉक्टर और इंजीनियर बनेंगे लेकिन शिक्षित होने पर बेहतर ही कुछ करेंगे वही विद्यालय के बच्चे एवं शिक्षकों को भी खूब सराहा। विद्यालय के संचालक डॉक्टर रामरेश यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि इस शुद्धवर्ती इलाकों में आज से 24 वर्ष पहले शिक्षा का स्तर बहुत ही निम्न था इस क्षेत्र का लड़कियां नहीं पड़ पाती थी उस समय से स्कूल का स्थापना कर और बच्चों को शिक्षा देकर हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने का काम किया है और आज इस विद्यालय से सरकारी बहालियों में एक दो सिलेक्शन जरूर होते हैं खाली नहीं जाता और आज डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक, प्रोफेसर सैनिक, अनेकों पदों पर विद्यालय के बच्चे कार्य कर रहे हैं । वहीं भाजपा नेता पूर्व सांसद मनोज कुमार सहित अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया कार्यक्रम के अंत में विद्या बिहार वाटिका के सौजन्य से जरूरतमंद लोगों के बीच मुख्य अतिथियों मनोज कुमार, विनोद सिंह द्वारा कंबल वितरण किया गया। इस मौक पर सुरेंद्र सिंह, डॉक्टर अभिषेक कुमार, रामाधार सिंह यादव, जितेंद्र कुमार सिंह, भाजपा नेता अरविंद सिंह, शेखर कुमार, जगदीश यादव, विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका सहित अभिभावक भी काफी संख्या में उपस्थित थे।

## पंडवा में हुआ शिक्षा विभाग प्राधिकार की बैठक



**पंडवा (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र में सरकारी विद्यालयों में कार्यरत सहायक अध्यापक के मानदेय में चार प्रतिशत वृद्धि को ले प्रखंड शिक्षा प्राधिकार की बैठक मंगलवार को पंडवा प्रमुख गीता मेहता की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पांच प्रस्तावो को मंजूरी दी गई। इस बैठक से प्रखंड में वर्ग छः से आठ में चयनित व कार्यरत अड़तीस सहायक अध्यापक के मानदेय में जनवरी से चार प्रतिशत वृद्धि का लाभ मिल सकेगा। इस मौके पर पंडवा बीडीओ सह प्रखंड शिक्षा प्राधिकार के उपाध्यक्ष चंद्रदेव प्रसाद, उप प्रमुख धर्मवीर सिंह उर्फ मंटू सिंह, बीईईओ हरिप्रसाद ठाकुर, नाजिर संजीव कुमार गुप्ता उपस्थित थे।

## नवनियुक्त भाजपा जिलाअध्यक्ष को नेताओं कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

**विश्रामपुर (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अमित तिवारी को पलामू भाजपा के जिला अध्यक्ष मनोनित होने पर विश्रामपुर भाजपा के नेताओं कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर की है। भाजपा नेत्री मधुलता कुमारी ने कहा कि अमित तिवारी के जिलाध्यक्ष बनने पर पलामू में भाजपा और मजबूत होगी। वरीय भाजपा नेता धर्मदेव सिंह यादव ने कहा कि श्री तिवारी के जिलाध्यक्ष बनने से आगामी लोस और विस चुनाव में भाजपा को और ज्यादा बढ़त मिल गई है.इसके अलावा कई भाजपा नेताओं कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अमित तिवारी को बधाई दी है। बधाई देने वालों में वरीय भाजपा नेता शिवबंश मिश्रा, शुशील शुक्ला, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, पूर्व प्रमुख संतोष चौबे, परमोद दीक्षित अभिषेक राज गुप्ता,सीताराम आर्य, कृष्ण मुरारी सिंह, सुनील पांडेय, शिव शंकर चंद्रवंशी, विनय चौबे, नरसिंह चौबे सहित कई लोगों का नाम शामिल है।

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड मुख्यालय स्थित कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेसियों ने कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह रा.स. सांसद प्रतिनिधि रीगन कुमार की अध्यक्षता में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 76 वें पुण्य तिथि मनाया। पुण्य तिथि के मौके पे सभी उपस्थित कांग्रेसियों ने बारी बारी से राष्ट्रपिता के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर नमन किया। इसके पश्चात कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष कुमार ने कहा आज,का दिन स्वतंत्रता सेनानी मोहनदास करमचन्द गांधी की पुण्यतिथि के तौर पर हमेशा के लिए इतिहास के पन्ने में दर्ज है .साल 1948 में आज के दिन ही यानि 30 जनवरी के दिन ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। तब से प्रत्येक 30 जनवरी को शहीद दिवस के तौर पर मनाते है। महात्मा गांधी ने ही सत्याग्रह व अहिंसा के माध्यम से ब्रिटिश शासन खत्म करने मे अपना अमुल्य योगदान दिया। साथ ही अफ्रीका देश मे बीस वर्षो तक नस्लीय भेदभाव व अन्याय के खिलाफ भी संघर्ष करते रहे। इसी पद्धति के कारण महात्मा गांधी को देश विदेश में उन्हें बापु कहकर सम्मान दिया जाता है ।मौके पर कांग्रेस प्रखंड उपाध्यक्ष मो मुमताज, साल्वे मुखिया सह मुखिया संघ अध्यक्ष राजिव भगत, एससी मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष कुलदीप राम, मो हदीस, मो रशीद, मुन्ना उरांव, लाल आशिस नाथ शहादेव, जगदीश उरांव, मो जफरूद्दीन, मुकेश राम, निरंजन यादव, मो तबारक सहित अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।

# बेखौफ लोग तेजी से कर रहे नाला का दोहन

## सरकारी जमीन पर आवास बनाने का किया विरोध : सुनील सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर प्रखंड अंतर्गत झरिवा पंचायत के टोला हरभोंगा में प्रमोद नवल किशोर तुलस्यान द्वारा खाता 51,प्लॉट 419 में नव निर्माण आवास बनाया जा रहा हैं जिसका जानकारी प्रमुख गायत्री देवी व उप प्रमुख सुनील सिंह को चला तो मौके पर जाकर स्थल का औचक निरीक्षण किया व सुनील सिंह ने कहा कि गैरमजरुवा जमीन है जहां से नाला गुजरी है जिसका प्रमोद नवल किशोर तुलस्यान द्वारा नाला का दोहन किया जा रहा हैं जो जांच का विषय है जहां एक तरफ सरकार जल जीवन मिशन को लेकर के कट्टीवध है वहीं दूसरी तरफ प्रशासन के नाक के नीचे प्रमोद नवल किशोर तुलस्यान द्वारा मनमानी ढंग से नव निर्माण मकान बनाया जा रहा हैं,जो की अंचल कार्यालय से महज़ दो किलोमीटर की दूरी पर मनमानी के साथ नव निर्माण मकान बनाया जा रहा हैं जो सरा सर प्रशासन के साथ उसके द्वारा आंख मिचौली का काम किया जा रहा हैं उनके अंदर कानून नाम का कोई डर भए नहीं हैं अगर प्रशासन इस पर जांच कर त्वरित कार्रवाई नहीं करती है तो हम उपायुक्त से मिलेंगे और ज्ञापन भी सौंपेंगे की घनी आबादी के बीच आखि़रि किसके सह पर नाला का दोहन प्रमोद नवल किशोर तुलस्यान द्वारा किया जा रहा हैं। इस संबंध में प्रमोद किशोर तुलस्यान ने कहा कि मेरा पुश्तैनी 15 डिसमिल जमीन है हम नाला का दोहन नही कर रहे हैं मेरा जमीन का ऑनलाइन रसीद 2024 तक कट रहा है जिसपर हम नव निर्माण मकान बना रहे हैं।



## झामुमो युवा मोर्चा प्रखंड उपाध्यक्ष ने गरीब असहाय के बीच कंबल का वितरण किया



**बारियातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झामुमो युवा मोर्चा प्रखंड उपाध्यक्ष रवि यादव ने सोमवार को प्रखंड क्षेत्र के गोनिया पंचायत अंतर्गत राजुरु ग्राम के जिरुहुला टोला में वृद्ध असहायो के बीच कंबल का वितरण किया। प्रखंड उपाध्यक्ष यादव ने बताया कि लगातार इन दिनों बढ़ते ठंड को देखते हुए आवश्यकता अनुसार जरूरत मंदो के बीच कम्बल का बितरण किया गया। कंबल पाने वाले चान्दो मसोमात, फुनगी मसोमात, पुरानी मसोमात, कैला गंझु, जगदिश गंझु सहित कई असहाय लोगो ने कंबल पाकर रवि यादव का आभार प्रकट करते हुए शुभकामनाये दी. मौके पर अध्यक्ष विश्वनाथ गंझु, सचिव रामा गंझु सहित कई झामुमो कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहे।

## अनियंत्रित होकर पुल का डीवाईडर तोड़ते हुए पलटा कोयला लदा ट्रक, चालक हुआ घायल



**बारियातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बारियातु थाना क्षेत्र अंतर्गत बरछिया पुल पर कोयला लदे 12 चक्का ट्रक अनियंत्रित होकर पुल के डिवाईडर को तोडते हुए पलट गई जिससे चालक घायल हो गया। घटना के संबन्ध मे मिली जानकारी के अनुसार 12 चक्का ट्रक जेएच 19 ए 6778 रांची चतरा मुख्य मार्ग से कोयला लेकर चतरा की ओर जा रहा रहा था। उसी बीच ट्रक अनियंत्रित होकर बरछिया पुल का डिवाइडर तोड़ते हुए पलट गई। वाहन पुल में अटक कर रह गया जिससे एक बडीं अनहोनी टल गया। जानकारी के अनुसार चालक घायल हुआ है जो खतरे से बाहर है. घटना की सूचना मिलते ही बारियातू थाना प्रभारी के पहल पर पलटे हुए गाड़ी को उठवाकर थाना ले जाया गया।

## भाजपा के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष बने रामदेव भोगता, प्रखंड में उत्साह



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत तिलैया गांव निवासी एवं चतरा लोकसभा के भावी प्रत्याशी रामदेव सिंह भोक्ता को भाजपा के जिला अध्यक्ष बनाया गया। जिसे लेकर प्रखंड में खुशी का माहौल है। और गिद्धौर प्रखंड के भाजपा नेताओं में भी खुशी की लहर देखी जा रही है। कहीं लोग पुष्पमाला पहनकर स्वागत कर रहे हैं। तो कहीं पुष्प गुछ देखकर तो कहीं सौल ओड़ा कर सम्मानित किए जा रहे हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी बनाएं जाने के बाद से ही रामदेव भोगता का राज्यनीति में एका एक उछाल आ गया था। और सामाजिक कार्यकर्ता एव मृदुभाषी होने के वजह से उसी का नतीजा आज देखने को मिल रहा है। एवं खुशियां मनाई जा रही है।

## लोकतांत्रिक मर्यादाओं को कायम रखने की छात्राओं ने शपथ ली



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** एल ए वूमेन कॉलेज लोहरदगा में मंगलवार को सभी छात्राओं, शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने मतदाता प्रतिज्ञा ली। सबने लोकतंत्र में पूर्ण आस्था रखते हुए लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखना स्वतंत्र निष्पक्ष और शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म वर्ग जाति समुदाय भाषा अथवा किसी भी अन्य प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली। कॉलेज के प्रिंसिपल स्नेह कुमार ने छात्राओं को भारत के गौरवशाली लोकतंत्र और इससे जुड़े महत्वपूर्ण बातें बतायीं। कहा कि लोकतंत्र को सशक्त बनाने में युवाओं की बड़ी भागीदारी जरूरी है।

## भंडार पंचायत में हुआ कृषि गोष्ठी का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर :** बिश्रामपुर प्रखंड स्थित भंडार पंचायत मे कृषि वैज्ञानिक बिश्रामपुर बीटीएम प्रदीप तिवारी के द्वारा कृषि गोष्ठी की गई, इस कृषि गोष्ठी में काफी संख्या में ग्रामीण किसान उपस्थित थे, गोष्ठी में मृदा जांच ऑनलाइन साधन होने की बात कही गयी, किसान का रजिस्ट्रेशन करके मिट्टी जांच के लिए उठाओ करना है इसी तरह G,R,F,V,R,Y योजना के तहत कृषक मित्र के द्वारा जिस किसान का रजिस्ट्रेशन हो चुका है, उसे जल्द ही वेरीफाई कर अपलोड करने की बात कही गई, वहीं उपस्थित वैज्ञानिक के द्वारा किसानों को खेती से ज्यादा फसल उपज करने के लिए अनेक तरह की जानकारी दी गई। मौके पर उपस्थित ग्रामीण किसान, नवल किशोर दुबे, रविंद्र पांडे, सत्यनारायण पांडे, रीना देवी, प्रेमी देवी, नागेश्वर प्रजापति, अमलेश दुबे, मोनू पांडे, श्याम सुंदर प्रजापति, उपेंद्र साहू, सुदामा चंद्रवंशी काफी संख्या में कृषक ग्रामीण उपस्थित थे।

## श्री माँ दुर्गा नवचण्डी यज्ञ को लेकर कलश यात्रा का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद, पलामू :** हुसैनाबाद प्रखंड के पथरा पंचायत के चनकार कस्तूरी टोला नोनियाडीह में देवी प्राण प्रतिष्ठा व श्री माँ दुर्गा नवचंडी यज्ञ को लेकर जलयात्रा का आयोजन किया गया।जलयात्रा की शुरुआत गांव स्थित देवी मंदिर परिसर से की गयी। परम्परागत ढंग से निकले जलयात्रा में शामिल लोग नोनियाडीह, चनकार कस्तूरी, पोलडीह जगदीशपुर, पोलडीह आदि गांवों का भ्रमण करते हुए गजनधाम स्थित कररबार नदी पहुंचे। जहाँ आचार्य कृपा नाथ पाठक, रजनीश पाठक, रामेश्वर पाठक आदि ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच जलभरी की प्रक्रिया पूरी की। युवा कमिटी नोनिया बीघा के लोग सक्रिय रहें। मौके पर मुखिया नरेश पासवान, कथा वाचक कृष्ण शास्त्री जी महाराज, लवकुश पासवान, शशिकांत कुमार, गोलू कुमार, अंगद पासवान, धीरज पासवान, मनीज पासवान, अनिल पासवान, विकड कुमार, रविकांत पासवान, जापान कुमार, गया पासवान समेत काफी संख्या में लोग शामिल हुये।

# पीएम नरेन्द्र मोदी को आभार व धन्यवाद तथा नीतीश कुमार व उनकी सरकार को बधाई : रामचन्द्र केशरी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देकर वर्षो का प्रस्तावित मांग पूरा करने तथा बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार व उनके पार्टी जदयू को एन डी ए गठबंधन में शामिल करने के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आभार व धन्यवाद तथा एनडीए के मुख्यमंत्री बनने पर नीतीश कुमार व उनकी सरकार को बधाई.उक्त बातें पूर्वमंत्री सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य रामचन्द्र केशरी ने मंगलवार को चेचरिया स्थित आवासीय कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में कही. उन्होंने कहा कि डॉ लोहिया कर्पूरी विचार केंद्र के तत्वावधान में जननायक कर्पूरी ठाकुर के जन्मदिन के पूर्व संध्या पर विगत 23 जनवरी 2022 को रांची के हिनू में जननायक कर्पूरी ठाकुर की आदमकद प्रतिमा का अनावरण भारत सरकार के रेलमंत्री नीतीश कुमार द्वारा किया गया था. उसके पूर्व अनावरण की तैयारी के लिये आयोजित बैठक में डॉ लोहिया कर्पूरी विचार केंद्र के अध्यक्ष रामचन्द्र केशरी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में ही जन नायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने का प्रस्ताव पारित किया गया था.उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने जननायक कर्पूरी ठाकुर के जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर जन नायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न से सम्मानित करने की घोषणा किया गया जो अत्यंत ही खुशी की बात है.उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने जननायक कर्पूरी ठाकुर की बातों को अमल करते हुये परिवारवाद से दूर रहने जैसी बातों को कहा तथा इन बातों को अपने साथ भी जोड़ा.उक्त बातों से राजद नेता भड़क गये तथा नीतीश कुमार को भद्दी भद्दी बातें कही गई.इन सभी घटना क्रम को भाजपा ने एहसास किया होगा तभी आज बिहार में काम करने वाली अच्छी, मजबूत एनडीए की सरकार बन पाई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री व बिहार के मुख्यमंत्री दोनों का विचार मिलता जुलता है जैसे ईमानदारी, काम करने के तौर तरीके, परिवारवाद से दूरी, भ्रष्टाचार से मुक्ति, विकास के प्रति संकल्पित रहना आदि जैसे अनेको उदाहरण है, जिसके कारण बिहार में एक अच्छी सरकार बनी है। प्रेसवार्ता में मथुरा पासवान, सलीम अंसारी, सोबराती खां, दिनेश शर्मा, राजेश विश्वकर्मा, जाहुल अंसारी सहित अन्य उपस्थित थे।

# आगामी 12 फरवरी को गोसाईबाग मैदान से अनुमंडल कार्यालय तक पदयात्रा करेगें कांग्रेस कार्यकर्ता




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** कांग्रेस पार्टी तुलसी दामर डोलोमाइट खदान के मजदूरों का त्रुटिपूर्ण किये गये पूरा फाइनल सेटलमेंट में हुई अनियमितता को दूर कराने सहित पांच सूत्री मांगों को लेकर आगामी 12 फरवरी को गोसाईबाग मैदान से अनुमंडल कार्यालय तक पदयात्रा तथा अनुमंडल कार्यालय के समक्ष धरना कार्यक्रम आयोजित करेगी। उक्त बातें कांग्रेस के प्रदेश प्रतिनिधि व जिला महासचिव सुशील कुमार चौबे ने कांग्रेस कार्यालय में प्रेसवार्ता कर कही. उन्होंने कहा कि तुलसी दामर खदान में पूर्व के कार्यरत मजदूरों के फाइनल सेटलमेंट से सबंधित मामले के निस्तारण में सेल प्रबंधन गैर जिम्मेदाराना व असहयोगात्मक रवैया, वित्तिय व महत्वपूर्ण कागजातों को जान बुझकर जांच हेतु उपलब्ध नही करा रही है। कांग्रेस पार्टी ने इस मामले को गम्भीरता से लिया है। उन्होंने कहा कि डोलोमाइट खदान का खनन पट्टा का विस्तार देकर बंद पड़े तुलसी दामर डोलोमाइट खदान को पुनः चालू कराने, डोलोमाइट खदान तुलसी दामर में कार्यरत सभी प्रकार के मजदूरों को वर्ष 1990 से लेंथ ऑफ सर्विस के अनुसार जोड़कर लाभ देने, तुलसी दामर खदान के मजदूरों का त्रुटिपूर्ण किये गये फाइनल सेटलमेंट की प्रति उपलब्ध कराने, भवनाथपुर खदान समूह का चूना पत्थर खदान भवनाथपुर को पुनः चालू कराकर परियोजना प्रभावित परिवार को रोजगार उपलब्ध कराने तथा चुना पत्थर खदान भवनाथपुर को चालू नही करने की स्थिति में खाली पड़े भूमि को रैयतों व विस्थापितों को वापस कराने की मांग को लेकर आंदोलन करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि गोसाईबाग से पदयात्रा के बाद अनुमंडल कार्यालय के समक्ष धरना के पश्चात मांगपत्र अनुमंडल पदाधिकारी को सौंपा जायेगा. प्रेसवार्ता में जिला के वरीय उपाध्यक्ष शैलेश चौबे, बबन पासवान व जिला महामंत्री ओमप्रकाश चौबे उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### हेमंत सोरेन और राहुल गांधी चार फरवरी को धनबाद में

**रांची** : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कांग्रेस नेता राहुल गांधी चार फरवरी को धनबाद पहुंच रहे हैं। धनबाद के गोल्फ ग्राउंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा चार फरवरी को अपना स्थापना दिवस मनाएगा। हर साल हेमंत सोरेन स्थापना दिवस समारोह में शामिल होते हैं। इस बार भी वह समारोह में शामिल होंगे। इसके साथ ही धनबाद में चार फरवरी को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भी न्याय यात्रा पहुंचेगी। कांग्रेस जिला अध्यक्ष संतोष सिंह ने बताया कि तीन फरवरी को झारखंड के पाकुड़ से दुमका, देवघर, जामताड़ा, साहिबगंज होते हुए राहुल धनबाद पहुंचेंगे। चार फरवरी को धनबाद में राहुल गांधी की जनसभा भी संभावित है।

### 67वीं राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता रांची में 31 से

**रांची:** 67वीं राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता के तहत 31 जनवरी से चार फरवरी तक रांची के खेलगांव स्थित मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के परमवीर शहीद अल्बर्ट एक्का खो-खो मैदान में अंडर 14 बालक-बालिका वर्ग खो-खो प्रतियोगिता होगी। राज्य के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की मेजबानी में आयोजित होने वाले इस प्रतियोगिता का उद्घाटन 31 जनवरी को दोपहर तीन बजे राज्य के श्रम नियोजन मंत्री सत्यानंद भोक्ता करेंगे। इस प्रतियोगिता में 28 टीमें भाग लेंगी। प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए 660 बाल खिलाड़ी रांची पहुंच गए हैं। इनमें 336 बालक और 324 बालिकायें शामिल हैं। प्रतियोगिता में बच्चों के अलावा विभिन्न टीमों के 110 सपोर्टिंग स्टाफ भी रांची पहुंचे जिनमें, कोच और मैनेजर्स भी शामिल हैं। इन टीमों का रांची पहुंचने पर परंपरागत तरीके से स्वागत किया गया।

# कौन लोग है जो झारखंड में चुनी गई आदिवासी सरकार को 5 वर्ष पूरा करने से रोक रही है

परवेज़ कुरैशी@प्रभात मंत्र

**रांची।** 27 जनवरी 2024 दिन शनिवार देर रात अचानक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन दिल्ली के लिए चार्टर्ड प्लेन से रवाना होते हैं । सोमवार को अचानक मुख्यमंत्री के दिल्ली स्थित 5/1 शांति निकेतन आवास में ईडी की रेड पड़ती है , पूरा झारखंड में हड़कंप मच जाती है। झारखंड के जो आदिवासी मूलवासी हैं , मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समर्थक हैं, झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता हैं वे सड सड़क पर उतर आते हैं । मुख्य सचिव एल ख्यगंते को आपात बैठक बुलानी पड़ता है, सभी जगहों पर पुलिस तैनात कर दिया जाता है। कुछ देर बाद यह भी सोशल साइट पर ख़बरें आती है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन लापता हो गए हैं और भी तरह-तरह की अटकलें मीडिया में वायरल होने लगती है। अचानक मुख्यमंत्री मंगलवार को दोपहर में अपने आवास पहुंच जाते हैं। और सभी विधायकों के साथ बैठक करते हैं । इतना ही नहीं वह शहादत दिवस के अवसर पर मोराबादी स्थित बापू वाटिका पहुंचते हैं और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि भी अर्पित करते हैं।

**कौन हैं जो नहीं चाहते हैं:**

29 दिसंबर 2019 को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कांग्रेस राजद ,माले के गठबंधन में सरकार बनाते हैं और सरकार 4 साल से अधिक दिनों तक काम कर रही होती है। इसी बीच कुछ लोग इस सरकार को अस्थिर करने की कोशिश करते हैं । भ्रष्टाचार के आरोप भी लगते हैं, कुछ मामले भूमि घोटाला से माइनिंग से भी जुड़ा होता है। कुछ मामले में मुख्यमंत्री को कोर्ट से राहत भी मिल जाती है , कुछ मामलों में ईडी के द्वारा समन भी भेजा जाता है। यहां तक ईडी 20 जनवरी 2024 को मुख्यमंत्री के आवास पर जाकर साथ घंटे उनसे पूछताछ भी करती है । इस ईडी के जाने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जनता का आभार व्यक्त करते हैं । राज्य की जनता को लगता है कि अब दो-तीन महीना बाद ही या लोकसभा चुनाव के बाद अब कुछ होगा, लेकिन फिर से इन्हें समन भेजा जाता है और 29= 31 जनवरी को जवाब देने को कहा जाता है। अब सोचने वाली बात है कि कौन लोग हैं जो यह चाहते हैं कि आदिवासी की सरकार गिर जाए , किसी दूसरी पार्टी के साथ गठबंधन बना कर सरकार बना लें, या राष्ट्रपति शासन




लग जाए या सचमुच किसी मामले में आरोपी हैं? ऐसे कई सवाल जनता के बीच उठ रहे हैं। क्योंकि अब से पहले झारखंड गठन होने 15 नवंबर 2000 बाबूलाल मरांडी भाजपा की तरफ से मुख्यमंत्री बनते हैं और फिर ऐसी क्या स्थिति बनती है कि उन्हें दिल्ली जाकर इस्तीफा देना पड़ता है और तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई को अपना इस्तीफा सौंप देते हैं । अर्जुन मुंडा भाजपा से तुरंत मुख्यमंत्री बनते हैं , उनकी भी सरकार चली जाती है , चुनाव होता है अर्जुन मुंडा फिर सरकार बनाते हैं । दिशुम गुरु शिबू सोरेन मुख्यमंत्री बनते हैं, दस दिन बाद इसकी सरकार गिर जाती है। राष्ट्रपति शासन लागू होता है। मधुकोड़ा मुख्यमंत्री बनते हैं। इसके बाद फिर अर्जुन मुंडा मुख्यमंत्री बनते हैं। इस तरह से बीजेपी व आजसू झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक हेमंत सोरेन को उपमुख्यमंत्री और आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो को उप मुख्यमंत्री बनाकर फिर से एक बार सरकार बनती है। फिर यह सरकार गिर जाती है । हेमंत सोरेन 2013 में फिर मुख्यमंत्री बनकर सरकार में आते हैं। 2014 में चुनाव होता है और इस तरह से केंद्र में और झारखंड में भाजपा की बहुमत की सरकार पहली बार बनती है और मुख्यमंत्री बनते हैं गैर आदिवासी चेहरा रघुवर दास। आखिर ऐसे कौन लोग थे जो आदिवासी की सरकार 2 साल, डेढ़ साल, 3 साल में गिरा देते थे। क्या उन्हें इन चेहरे से कोई परेशानी थी, वे कौन लोग थे, जो नहीं चाहते कि आदिवासी की सरकार झारखंड में रहे। खैर! गैर आदिवासी चेहरे में भाजपा के रघुवर दास भी मुख्यमंत्री बनकर आए और 5 साल सरकार चलाएं उम्मीद थी कि रघुवर दास वाली भाजपा की सरकार फिर से दोबारा 2019 में आएगी , लेकिन ऐसा क्या हुआ कि जब डबल इंजन के सरकार बेहतर काम कर रही थी तो 2019 में क्यों नहीं आई ? यह अपने आप में बहुत बड़ा सवाल है। और इस तरह से हेमंत सोरेन 2019 में सरकार बनाते हैं मुख्यमंत्री बनते हैं। सरकार चल रही है कोविड जैसे महामारी का सामना करते हुए आगे बढ़ती है। युवाओं को नौकरी और रोजगार देते हुए, स्वास्थ्य-चिकित्सा -शिक्षा पर बेहतर काम करते हुए, भ्रष्टाचारियों पर नकल करते हुए आगे बढ़ रहे थे, कि खुद भ्रष्टाचार के आरोप लगने लगते हैं ईडी द्वारा पूछताछ शुरू होती है। अब जनता द्वारा चुनी गई सरकार को कौन अस्थिर करना चाहती है ? आखिर नवंबर दिसंबर 2024 में चुनाव होना ही है। अगर यह भ्रष्टाचार में संलिप्त हैं, झारखंड हित में बेहतर काम नहीं किये हैं , तो इसे जनता के बीच जाने दिया जाना चाहिए, क्योंकि अब समय नहीं है । 8 - 9 महीना बाद फिर चुनाव होनी है, विधानसभा का तो जनता सर्वोपरि है। जनता ही इसका फैसला करेगी। क्योंकि जनता ने ही इसे चुनकर सरकार में लाई थी, ऐसे में जनता को ही मौका मिलना चाहिए था कि जनता क्या निर्णय देगी।

### कौन कब तक रहे हैं मुख्यमंत्री

15 नवंबर 2000 को झारखंड के गठन के बाद से छह लोगों ने राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया है।

बाबूलाल मरांडी रामगढ़ के विधायक<br>
15 नवंबर 2000 18 मार्च 2003 तक 2 साल, 123 दिन।<br>
2 अर्जुन मुंडा खरसावां के विधायक<br>
18 मार्च2003 से 2 मार्च 2005 तक 1 वर्ष 349 दिन।<br>
3शिबू सोरेन अनिर्वाचित<br>
2 मार्च 2005 से 12 मार्च 2005 तक मात्र दस दिन ।<br>
(2) अर्जुन मुंडा<br>
12 मार्च 2005 से 19 सितम्बर 2006 तक 1 साल, 191 दिन<br>
4 मधु कोड़ा जगनाथपुर से विधायक<br>
19 सितम्बर 2006 से 27 अगस्त 2008 तक 1 वर्ष 343 दिन।<br>
(19 सितम्बर 2006 - 23 अगस्त 2008) कोड़ा<br>
(3) शिबू सोरेन 27 अगस्त 2008 से 19 जनवरी 2009 तक 145 दिन झारखंड झामुमो।<br>
शिबू सोरेन 30 दिसंबर 20091 जून 2010तक 153 दिन<br>
अर्जुन मुंडा 11 सितंबर 2010 से 18 जनवरी 2013 तक 2 साल 129 दिन<br>
5 हेमन्त सोरेन दुमका से विधायक<br>
13 जुलाई 2013 से 28 दिसंबर 2014 तक 1 साल 168 दिन<br>
( तीसरा ) झारखंड मुक्ति मोर्चा रिक्त पद<br>
6 रघुबर दास जमशेदपुर पूर्व से विधायक<br>
28 दिसंबर 2014 29 दिसंबर 2019 तक 5 साल, 1 दिन<br>
2014 ( चौथा ) भारतीय जनता पार्टी रघुवर दास<br>
(5) हेमन्त सोरेन दुमका से विधायक<br>
29 दिसंबर 2019 पदधारी 4 साल 32 दिन।

# कवि जयशंकर प्रसाद की 135वीं जयंती मनाई गई

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** हिन्दी विभाग एवं हिन्दी साहित्य परिषद् के तत्त्वावधान में संत ज़ेवियर कॉलेज, राँची में छायावाद के सुप्रसिद्ध कवि जयशंकर प्रसाद की 135वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर परिचर्चा का आयोजन किया गया जिसका विषय था- ÷प्रसाद का व्यक्तित्व एवं कृतित्व÷कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ किया गया।इस मौक़े पर हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. जयप्रकाश पांडेय ने जयशंकर प्रसाद को युग पुरुष बताते हुए उनकी कालजयी कृतियों को राष्ट्रीयता एवं जन जागरण



की भावना से ओत-प्रोत बताया। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. सुनील कुमार भाटिया ने कहा कि अगर विचारों के हीरे मोती हमें चाहिए तो जयशंकर प्रसाद की कृतियों को पढ़ना चाहिए।हिन्दी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. संजय कुमार ने कहा कि जयशंकर प्रसाद जैसे रचनाकार न तो बनाये जाते हैं और न ही बनते हैं बल्कि जन्मजात होते हैं। सहायक प्राध्यापिका कोमल खलखो ने उनकी रचना 'कामायनी' को समरसता एवं विश्व कल्याण की भावना से अनुप्राणित बताया। कार्यक्रम का संचालन और धन्यवाद ज्ञापन परास्नातक की छात्रा नेहा गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में परास्नातक एवं स्नातक के विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

# रांची उपायुक्त ने मोरहाबादी स्थित ईवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा ने मंगलवार को मोहराबादी स्थित ईवीएम वेयर हाउस का मासिक (बाह्य) निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी विवेक कुमार सुमन सहित अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित थे। उपायुक्त ने उप निर्वाचन पदाधिकारी को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिये।





उल्लेखनीय है कि निर्धारित समय पर ईवीएम वेयर हाउस की स्थिति का निरीक्षण कर रख-रखाव, सुरक्षा एवं तकनीकी उपकरणों की स्थिति से संबंधित रिपोर्ट राज्य निर्वाचन विभाग को समर्पित करना होता है।

# झिरी में ही लगभग 5 एकड में अस्थायी प्लांट लगायेंगे : अमित कुमार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** राज्य सरकार की पहल पर रांची शहर के रिंग रोड स्थित झिरी में लगभग 33 एकड़ में डंप 18 लाख मीट्रिक टन Legacy Waste के निष्पादन प्रशासक, राँची नगर निगम अमीत कुमार, भाप्र से एवं दीप सिंह फौजी चेयरमैन गुरु रामदास कंस्ट्रक्शन के बीच एकरारनामा संपन्न हुआ। चयनित कंपनी अगले 24 महीने में बायोरेमेडिएशन तकनीक के माध्यम से Legacy Waste का निस्तारण करते हुए



Refuse Derived Fuel एवं Compost तैयार किया जाएगा। जिस पर लगभग 93 करोड़ रुपये व्यय किये जायेगें। कंपनी इस कार्य के लिए झिरी में ही लगभग 5 एकड में अस्थायी प्लांट लगायेगी। बता दें कि Refuse Derived Fuel का उपयोग मुख्यतः सीमेंट बनाने वाली कंपनियाँ तथा थर्मल पावर प्लांट इत्यादि में इस्तेमाल किया जाएगा एवं Compost को कृषि के क्षेत्र में Organic खाद के रूप में किया जाएगा। मौके पर उप प्रशासक रजनीश कुमार, गुरु , प्रतिनिधि, पीएमसी के प्रतिनिधि तथा अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# जमीन विवाद को लेकर दोनों पक्ष पहुंचे थाना

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** राघव शरण भारती ने सदर थाना में जमीन संबंधित मामले की शिकायत की है। उन्होंने कहा है कि लीज पर दी हुई जमीन पर विवाद उत्पन करने एवं ठगी करने और धमकी दिए जाने के इस सम्बन्ध में मामले को लेकर लिखित शिकायत की गई है। आवेदन में राघव शरण भारती पिता- स्व0 जनक देव भारती, पता कोकर बाजार जातराटांड़, थाना सदर, जिला राँची (झारखण्ड) का रहने वाला हूँ। वर्ष 2005 में मंगरा मुंडा, पिता- स्व0 सुखन मुंडा, ग्राम डुमरदगा, बूटी, थाना सदर, जिला राँची से में डुमरदगा में खाता न0 79, प्लाट न0 05 में रकबा 15 कट्ठा जमीन व्यवसाय करने के लिए लीज पर लिया था । शुरुआत में यह 5 वर्षों के लिए था, पर उस जमीन के अन्य रैयतों के साथ सही से बंटवारा नहीं हुआ था तो हमे किराया देने के बावजूद काम करने नहीं दिया जाता था। पुनः मंगरा मुंडा के साथ 2010 में एक और एग्रीमेन्ट तीस वर्षों के लिए हुआ जिसके लिए में मंगरा मुंडा को रूपए 150000/- (एक लाख पचास हजार रुपये। एडवांस के रूप में दिए और उसके बाद मैंने उस जमीन पर 4 कमरा बनवाया और थोड़ा बहुत गैराज का काम करने लगा। जब मुझे किसी बड़े गाड़ी का काम का ऑर्डर मिलता था तब वहां काम होता था और बिजली का कनेक्शन भी लिया हुआ था और मै तय समय पर मंगरा मुंडा को किराया दे भी रहा था। अचानक कुछ जमीन दलाल वहां पर आ गए और बोले की यह जमीन छोड़ दो मैंने मंगरा मुंडा से जमीन का एग्रीमेंट करवा लिया है और पीछे से कुछ लोग मंगरा मुंडा को पीला कर ले आये और मुझे पीछे हट जाने को बोला और जमीन नहीं छोड़ने के स्थिति में मुझे जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में सदर थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत ने कहा कि राघव शरण पहले उस जमीन पर कुछ लोगों के साथ गया था जिसकी शिकायत दूसरे पक्ष ने किया है। इसकी जानकारी मिलने पर राघव भी थाना में आया और बताया कि उसका पैसा और एग्रीमेंट है उसके साथ । राघव को पहले इ की जानकारी थाना में देना चाहिए था । पूरे मामले पर छानबीन हो रही है।

# जमीन घोटाला मामले में व्यवसायी विष्णु अग्रवाल ईडी कोर्ट में हुए हाजिर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत में मंगलवार को बरियातू रोड स्थित चेशायर होम रोड स्थित एक एकड़ जमीन खरीदने के मामले में न्यूक्लियस मॉल के मालिक विष्णु अग्रवाल हाजिर हुए। इस दौरान विष्णु अग्रवाल को अदालत की ओर से पुलिस पेपर सौपा गया। उल्लेखनीय है कि विष्णु अग्रवाल अभी जमानत पर हैं, उन्हें हाई कोर्ट से जमानत मिली थी। 31 जुलाई 2023 की रात ईडी ने विष्णु अग्रवाल से पूछताछ के बाद उन्हें गिरफ्तार किया था। विष्णु अग्रवाल पर चेशायर होम रोड की एक एकड़ की जमीन गलत ढंग से खरीदने का आरोप है। इस मामले में विष्णु अग्रवाल सहित 10 आरोपितों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल हो चुका है। ईडी ने अपनी जांच में पाया था कि इस जमीन के मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ की गई थी।

## राज्यपाल ने महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि



**रांची** : राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने मंगलवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर राजभवन में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके अलावा राज्यपाल ने बापू वाटिका, मोरहाबादी, रांची में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि प्रकट की।

# मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर बापू वाटिका, मोरहाबादी स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने मौके पर मीडिया के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का आज पुण्यतिथि है। आज हम सभी लोग यहां राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण उन्हें विनम्र



श्रद्धांजलि दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बापू के दिखाए रास्ते हर युग में प्रासंगिक हैं। हम सभी को गर्व होना चाहिए कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जैसे शख्सियत हमारे देश में जन्मे और हमारा मार्गदर्शन किया। देश-दुनिया भी उनके आदर्श और विचारों का अनुसरण करती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सभी लोग निश्चित रूप से इसके लिए कृतसंकल्पित हैं कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के पद चिन्हों में चलकर उनके विचार और संदेश को सदैव आगे बढ़ाते रहें। मौके पर सत्ता पक्ष के मंत्रीगण एवं विधायकगण सहित अन्य गणमान्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# वीर शिबू सोरेन के पुत्र हैं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन : सुप्रियो भट्टाचार्य

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** दो दिनों से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को लेकर चल रही अटकलों और भाजपा नेताओं के बयानों का जवाब देने के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने मंगलवार को पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन न तो अजित पवार है और न ही नीतीश कुमार है जो बीजेपी के आगे दवाब झूक जाएंगे, वो वीर शिबू सोरेन के बेटे हैं। उन्होने आगे कहा कि मुख्यमंत्री को लेकर जो बयान बीजेपी के नेता दे रहे थे उनके खिलाफ मानहानि का मामला बनता है। जल्द ही आपराधिक मुकदमा दर्ज कराएंगे। उन्होने आगे बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल पर हमला बोलते हुए कहा कि पार्टी की तरफ से 11 लाख खर्चा करूंगा जो मनोचिकित्सक बाबूलाल की मानसिक स्थिति को ठीक कर दे। भट्टाचार्य ने कहा कि भाजपा के लोगों को शर्म करना चाहिए। ये लोग लंबा लंबा बात कर रहे हैं। हेमंत सोरेन को खोजकर लाने के लिए 11 हजार रूपये का ईनाम भी रख




दिये। मुख्यमंत्री के लापता होने का पोस्टर लगाया गया। उन्होंने कहा कि केंद्रीय एजेंसियों को लेकर खुलेआम गुंडागर्दी ये लोग कर रहे हैं। हेमंत सोरेन ना तो हिम्मत विश्वशर्मा है ना तो अजित पवार ना ही नीतीश कुमार है वो वीर शिबू सोरेन का बेटा हेमंत सोरेन हैं। सुप्रियो ने कहा कि ये खबरें चल रही है कि मुख्यमंत्री के दिल्ली आवास से 36 लाख रूपये कैश बरामद किया गया है। ईडी की मंशा पर सवाल उठाते हुए सुप्रियो ने कहा कि किसके आदेश पर ईडी समय से पहले मुख्यमंत्री के आवास गई थी, क्या किसी के गैर हाजरी में तलाशी ली जा सकती है, कहीं ईडी या बाबूलाल ने तो पैसा प्लांट नहीं करा दिया। ऐसे कई सवाल हैं जिसका जवाब भाजपा को देने होंगे।

# हिन्दी फिल्म ब्लडी इश्क़ के 6 गानों की रिकार्डिंग मुम्बई में सम्पन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** मुंबई सुधा सिने मूवीज प्राइवेट लिमिटेड ( रांची ) के बैनर तले बनने जा रही बॉलीवुड हिन्दी फिल्म ब्लडी इश्क के 6 गाने की रिकार्डिंग 'स्टूडियो 504' , अंधेरी (वेस्ट) मुंबई में सम्पन्न हुई। गौरतलब हो कि हिन्दी फ़िल्मि - ब्लडी इश्क़ के 6 गानों की रिकार्डिंग की गई ।जिसमें बॉलीवुड फेमस स्टार सिंगर जावेद अली के अलावा शाहिद माल्या, पूनम भाटिया,अमन त्रिखें एवं लक्ष्य ने पार्श्वगायन किया है। गीत रिकार्डिंग के मौके पर सिंगरों के अलावा रांची निवासी लेखक निर्देशक प्रभात राज़,एक्टर निर्भय सिंह (मुंबई) एवं पी.आर.ओ. - सतीश कंवल (मुंबई ) उपस्थित थे।इन गीतों के गीतकार -सीटू जयपुरी एवं अशोक पंजाबी एवं संगीतकार -द्रोण एवं अशोक पंजाबी है। फिल्म की निर्मात्री- शबनम राज, निर्देशक ङ्क प्रभात राज़ एवं तरूण मोहम्मद,कथा- प्रभात राज, पटकथा और संवाद-पी के अनूप, डी.ओ.पी- भास्कर डोरनाला ( हैदराबाद )और संदीप गुप्ता ,फाईट डायरेक्टर- बाजी राव (हैदराबाद) ,पी.आर.ओ. - सतीश कंवल ( मुम्बई) एवं 009 न्यूज़ चैनल के रिपोर्टर राहुल खन्ना हैं। कैमरा ( रेड ड्रेगन ) एवं लाईट इक्यूपमेंट इत्यादि की व्यवस्था हैदराबाद से की गई है।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# पिपरवार मे असंगठित मजदुरो का विरोध प्रदर्शन, सौंपा हड़ताल का नोटिस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा साइडिंग में काम करने वाले असंगठित मजदूरों ने अपनी मांगों को लेकर 16 फरवरी से बचरा साइडिंग को बंद करने की घोषणा की है।इसको लेकर साईडिंग के असंगठित मजदूरों ने यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के नेतृत्व में एक रैली निकाल कर पिपरवार महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।जानकारी के अनुसार बीओसी हनुमान मन्दिर मैदान मे सभी मजदुर जमा हुए और जोरदार नारेबाजी के साथ रैली की शक्ल मे जीएम ऑफिस पहुंचा,जहां विरोध



प्रदर्शन के बीच स्थानीय प्रबधंन को हड़ताल का नोटिस सौंपा।

नोटिस के माध्यम से बचरा साइडिंग में 16 फरवरी से मजदुरो द्वारा हड़ताल की घोषणा की गई।कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे युनाईटेड कोल वर्क्स यूनियन के एरिया अध्यक्ष मुद्रिका प्रसाद ने बताया कि बचरा साईडिंग मे कार्यरत अंसगठित मजदुरो के न्युनतम मजदुरी का भुगतान करने,मजदूरों का आईएमई और पीएमई करने,बोनस का भुगतान करने,पीएचडी का भुगतान करने,पेमेंट स्लिप देने,मेडिकल कार्ड देने, भीटीसी कराने,सीएमपीएफ पासबुक उपलब्ध कराने सहित हाई पावर कमेटी के फैसले को लागू करने की मांग को लेकर स्थानीय पिपरवार प्रबंधन को पूर्व में ज्ञापन सोपा जा चुका है, जिसके आलोक में 20 जनवरी को प्रबंधन,कम्पनी और मजदूरों के बीच बैठक हुई जिसमें मजदूरों की समस्या के समाधान को लेकर प्रबंधन ने समय मांगा था,लेकिन समय बीत जाने के बावजूद अभी तक इस पर कोई पहल नहीं की गई है, जिसके कारण मजदूरों ने 16 फरवरी से बचरा साइडिंग को बंद करने की घोषणा की है।

उन्होंने कहा कि जब तक असंगठित मजदूरों की मांगों को पूरा नहीं किया जाता है तब तक यूनियन के बैनर तले आंदोलन जारी रहेगा।इस दौरान असंगठित मजदूरों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की।इस मौके पर मुंद्रिका प्रसाद, कामेश्वर राम,बाबूलाल राम, विमल महतो,कयूम अंसारी, चमन महतो,दिलीप चौधरी, सुरेश गोप,बिजली महतो,मुंशी महतो,राजनाथ महतो, अशोक महतो सहित काफी संख्या में असंगठित मजदूर व यूनियन के लोग मौजूद थे।

## जेबीकेएसएस की पांच सदस्यीय टीम ने किया पिपरवार का दौरा

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की पांच सदस्य टीम ने मंगलवार को सीसीएल पिपरवार क्षेत्र का दौरा किया।इस दौरान टीम के सदस्यो ने पिपरवार क्षेत्र के पड़रिया,होशिर और बचरा बस्ती का दौरा कर स्थानीय ग्रामीणो से मुलाकात किया और जेबीकेएसएस के उदेश्य और सिध्दांत के बारे मे विस्तार से जानकारी दी।इस दौरान टीम के सदस्यों ने संगठन विस्तार और सदस्यता बढ़ाने को लेकर स्थानीय समिति के सदस्यों से विचार विमर्श किया।दौरे के क्रम में स्थानीय ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में समिति से जुड़कर संगठन को मजबूत बनाने और टाइगर जयराम महतो के संघर्ष को सफल बनाने की अपील की गई।

## भाजपा के गांव की ओर चलो अभियान को लेकर बैठक संपन्न



**बेड़ो(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बेड़ो भाजपा मंडल और नरकोपी मंडल ने महादानी मैदान के रंगमंच पर मंगलवार को 'गांव की ओर चलो अभियान कार्यक्रम' को लेकर बैठक किया। बैठक में केंद्र के मोदी सरकार की योजनाओं को आम जन तक जानकारी पहुंचाने की बात कही गई। बैठक में बेड़ो मंडल के प्रभारी सह पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर ने कहा कि भाजपा संगठन द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर गांव की ओर चलो अभियान चलाया जा रहा है। इसके निमित्त पार्टी कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर लोगों से सवांद स्थापित कर उन्हें केन्द्र सरकार की ओर से चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देंगे उन्होंने कार्यकर्ताओं से केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ ज्यादा से ज्यादा लोगों को मिल सके, इस पर कार्य करने की बात कही। गंगोत्री कुजूर ने बताया कि चार फरवरी से प्रत्येक पंचायत में 24 घंटे का प्रवास सभी भाजपा कार्यकर्ताओं का होना है। मौके पर नरकोपी मंडल के प्रभारी जगरनाथ भगत, आलोक मिश्रा सुखदेव कच्छप, महामंत्री राजेश साहू, आनंद साहू,कमलेश महतो, गणेश महथा, कमलेश लाल, तेजु दास, बिरसा उरांव खेदुवा उरांव, चंद्र किशोर उरांव, संदीप कुमार, चारो उरांव, अभिषेक पांडे महिला मोर्चा अध्यक्ष सुगंती देवी सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मारंगहादा में अवैध अफीम के खिलाफ चलाया गया अभियान



**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** 26वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (रांची ) कमान्डेंट एस. डी. शेरखाने के दिशा निर्देश पर भारत सरकार द्वारा संचालित नशा मुक्ति अभियान के तहत सशस्त्र सीमा बल एफ कम्पनी हूंट के क्षेत्राधिकार में आने वाले सभी गाँव में लगातार भागो में नशा मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है और गाँव के सभी नागरिको को इससे सम्बंधित होने बिमारियों और परेशानियो के बारे में जागरूक किया जा रहा है । सशस्त्र सीमा बल एफ कम्पनी हूंट के द्वारा इससे सम्बंधित किसी भी प्रकार की सहायता हेतु गाँव के नागरिको को हर संभव मदद का आश्वाशन दिया गया है । इस अभियान के तहत आज सशस्त्र सीमा बल एफ कम्पनी हूंट और थाना मारंगहादा (खूंटी) के द्वारा विशेष नशा मुक्ति अभियान चलाया गया,जिसमें गांव अम्बा टोली और सिरुम इलाके में 15 एकड (लगभग) में लगे अफीम की अवैध खेती को नष्ट किया गया और गाँव के नागरिको को इसे न करने की सलाह दी गयी ढ़ इस मौके पर 26वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल एफ कम्पनी हूंट के प्रभारी इंस्पेक्टर नकुल चंद्र मंडल,सहायक उप निरीक्षक -अजीत कुमार सिंहा,घनश्याम वर्मा सा.आ. मिलन कुमार,जयप्रकाश यादव, चन्दन कुमार, और सुकरा होरो के साथ अन्य सशस्त्र सीमा बल जवान और थाना मारंहादा पुलिस बल भी मौजूद रहे ।

## डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में शहीद दिवस के रूप में मनाई गई गांधी की पुण्यतिथि

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में मंगलवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 75वीं पुण्यतिथि शहीद दिवस के रूप में मनाई गई। इस मौके पर स्कूल के प्राचार्य राजीव रंजन झा एवं वरिष्ठ शिक्षक आरबी प्रसाद ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और कार्यक्रम की शुरुआत की।कार्यक्रम में स्कूल के सभी शिक्षक और बच्चों ने भी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्कूल के प्राचार्य राजीव रंजन झा ने कहा कि शहीद दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य उन शहीदों को याद करना है जिन्होंने अपने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों का बलिदान कर दिया था राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के कार्यो को देश कभी भी भूल नहीं सकता है।स्कूल के वरिष्ठ शिक्षक आरबी प्रसाद ने शहीद दिवस पर विस्तार से प्रकाश डालकर कई प्रकार की महत्वपूर्ण जानकारियां दी।वही स्कूल के छात्र अक्षत प्रसंजय,हर्षराज,और प्रतीक कुमार ने भी शहीदो के बलिदान पर विस्तार से प्रकाश डाला।इस मौके पर स्कूल के प्राचार्य राजीव रंजन झा,वरिष्ट शिक्षक आरबी प्रसाद, एसके पाण्डेय,सीएस सिंह,एके द्विवेदी सहित स्कूल के सभी शिक्षक और बच्चे मौजूद थे। इधर न्यु उदयन पब्लिक स्कूल कल्याणपुर में भी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई।इस मौके पर स्कूल के शिक्षक और बच्चों ने महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षकों ने महात्मा गांधी के जीवनी पर प्रकाश डाला और उनके दिखाएं मार्ग पर चलने का आह्वान किया गया।

## सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कार्यालय मेन रोड सिल्ली में कांग्रेस जनों ने बापू की पुण्यतिथि मनाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की मंगलवार को पुण्यतिथि पर महात्मा गांधी जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रध्दासुमन अर्पित कि गई। इस मौके पर रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस उपाध्यक्ष नागेन्द्र नाथ गोस्वामी, जिला सचिव नागेश्वर महतो, सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो, सिल्ली विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष



विकास रजक, सिल्ली प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष निशाकर महतो, उपाध्यक्ष मनीराम दास, सचिव,शाहबुद्दीन अंसारी,सचिव बलराम महतो,योगेंद्र कोइरी, कोषाध्यक्ष मंजूर मोमिन, सदानंद सोनार, मंडल अध्यक्ष पश्चिमी गुहिराम महतो, पूर्वी मंडल अध्यक्ष भूत नाथ मंडल, प्रकाश मुंडा, पिनाकी बनर्जी,घासीराम पातर, रामेश्वर महतो, सिल्ली युवा कांग्रेस अध्यक्ष रोहित मुंडा, एस.टी अध्यक्ष श्रीप्रसाद बड़ाईक, लालू कोइरी, रबिंद्र प्रमाणिक, बुधराम लोहरा, इत्यादि कांग्रेस जानों ने बापू की शहादत दिवस मनाई गई।

## हॉली चाइल्ड पब्लिक स्कूल में विदाई समारोह का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** नारो स्थित होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल में वर्ग 10 के छात्र-छात्राओं के लिए मंगलवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया विद्यालय प्रबंधन एवं जूनियर छात्र छात्रों ने अपने सीनियर को विदाई दी।कार्यक्रम का सुभ आरंभ स्कूल के निदेशक आलोक बिपिन टोप्पो और प्रधानाध्यापक आलोक तिवारो ने सयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस बीच बच्चों ने कई तरह का रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया।वही विद्यालय के निदेशक आलोक विपिन टोप्पो ने अपने बातों को रखते हुए बच्चों को समय प्रबंधन कर बचे हुए समय में परीक्षा की तैयारी करने की बात कही वही विद्यालय के प्रधानाध्यापक आलोक कुमार तिवारी ने को उनकी परीक्षा अच्छी तरह लिख पाए इसके लिए उन्हें शुभकामनाएं दी ।कार्यक्रम का संचालन रोहित टोप्पो एवं शबाना परवीन ने सम्मिलित रूप से किया। मौके पर विद्यालय प्रबंधन के नोबेल टोप्पो एवं शिक्षक शिक्षिकाएं निशा कुजूर शालिनी तिग्गा शाहिना परवीन, महावीर उरांव पुनीत खलखो, जेवियर एक्का,पिंकी टोप्पो, नूतन टोप्पो,मरियम एक्का आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## आम आदमी पार्टी प्रखंड कार्यालय मांडर में भ्रष्टाचार के खिलाफ नुकड़ सभा कर सौंपा मांग पत्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** आज दिन मंगलवार को प्रखंड कार्यालय मांडर परिसर में प्रदेश उपाध्यक्ष अजय भगत के नेतृत्व में भ्रष्टाचार के खिलाफ एक नुकड़ सभा का आयोजन कर प्रखंड विकास पदाधिकारी के अनुपस्थित में प्रधान लिपिक करुणा बाला गुप्ता को उपयुक्त के नाम एक दस सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। मौके पर उपस्थित प्रदेश उपाध्यक्ष हरि सिंह ने कहा की झारखण्ड सरकारी के सभी कार्यालय भर्ष्टाचार में डूबा हुआ है विशेष कर प्रखंड कार्यलय दलालों के गिरफ्त में है प्रखंड पदाधिकारी हमारे मांगों को संज्ञान में ले और दलाली प्रथा बंद करें नहीं तो बाध्य होकर हमें आंदोलन को आक्रामक करना पड़ेगा। प्रदेश मीडिया प्रभारी सईद अख्तर ने कहा की प्रखंड के आम जनता दलालों से परेशान है पंचायत पदाधिकारी अपने सम्बंधित पंचायत नहीं जाते प्रखंड विकास पदाधिकारी से हमारी मांग है की आप ये सुनिश्चित करें की पंचायत पदाधिकारी कम से कम सप्ताह में दो दिन पंचयात कार्यलय में बैठे इससे दलाली प्रथा स्वतः खत्म हो जाएगी।

## कृषि विज्ञान केंद्र रांची द्वारा किसान मेला का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** बेड़ो प्रखंड के बारीडीह गांव में मंगलवार को दिव्यायन कृषि विज्ञान केंद्र, रांची एवं रामकृष्ण मिशन विवेकानंद शैक्षणिक एवं शोध संस्थान, रांची, के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय श्री रामकृष्ण किसान मेला का आयोजन किया गया। किसान मेला में किसान गोष्ठी अंतर्गत दिव्यायन कृषि विज्ञान केंद्र, रांची एवं रामकृष्ण मिशन विवेकानंद शैक्षणिक एवं शोध संस्थान, रांची के वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को कृषि से संबंधित विभिन्न आधुनिक तकनीकों के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में दिव्यायन कृषि विज्ञान केंद्र, रांची के वरीय विज्ञान डॉ अजीत कुमार सिंह ने कृषि विज्ञान केंद्र की विभिन्न गतिविधियों से उपस्थित लोगों को परिचित करवाया व किसान मेला के महत्व पर प्रकाश डाला।




किसान मेला कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद सुदर्शन भगत ने प्राकृतिक खेती जैसी उन्नत तकनीकों को अपना कर आमदनी बढ़ाने के लिए प्रयास करने पर जोर दिया। कृषि वैज्ञानिकों को भी किसानों को विभिन्न आधुनिक तकनीकों के प्रति जागरूक करने के लिए प्रयास करने के लिए कहा।

रामकृष्ण मिशन आश्रम, रांची के सचिव स्वामी भवेशानंद जी ने प्राकृतिक खेती का मृदा, फसल, पर्यावरण एवं मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले लाभकारी प्रभाव के बारे में चर्चा की। किसान मेला में 9 व्यवसायिक प्रतिष्ठानों द्वारा स्टॉल के माध्यम से किसानों को अपने विभिन्न उत्पादों के बारे में जानकारी दी गई। रांची कैंसर हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर द्वारा स्वास्थ्य शिविर भी लगाया गया जिसमें प्रतिभागियों की स्वास्थ्य जांच के साथ साथ कैंसर रोग के प्रति जागरूक भी किया गया। किसान मेला में फसल एवं पशु प्रदर्शनी का भी अयोजन किया गया। जिसमें कुल 338 फसल, पशु, पक्षी प्रदर्शन का निबंधन किया गया। इनमें से कुल 74 प्रदर्शो को पुरस्कृत किया गया।

## एक ही परिवार के चार सदस्यों ने सरना समाज में वापसी किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**इटकी :** 12 पड़हा इटकी के तत्वाधान में एक ही परिवार के चार सदस्यों को ईसाई धर्म से सरना धर्म में विधि विधान के साथ घर वापसी कराया गया। इटकी के झखरा टांड स्थित सरना स्थल में आयोजित कार्यक्रम में सरना धर्म में लौटे चारों सदस्यों में मंगरीता केरकेट्टा, सुधीर केरकेट्टा, राजू केरकेट्टा, रजनी केरकेट्टा का फूलमाला पहना पारंपरिक तरीक़े से स्वागत किया गया। पवित्र सेरेसिता जल से शुद्धिकरण करा सरना स्थल की तीन बार परिक्रमा कराई गई। विधिवत गाजे बाजे और पूजा अर्चना के साथ सरना धर्म में शामिल कराया गया। पहान द्वारा सफ़ेद मुर्ग़े की बलि दिया गया, और उसका प्रसाद ग्रहण कराया गया। घर वापसी करने वालों के घरों




पर सरना झंडा स्थापित किया गया। सरना धर्म मे वापसी के लिए उक्त परिवार ने गत 2022 से सरना समाज को आवेदन देकर सरना धर्म मे शामिल कराने की प्रतीक्षा कर रहा था। जो 30 जनवरी 2024 को पूरी हुई। घर वापसी पर उक्त परिवार ने खुशी का इज़हार करते हुए कहा कि बिना कीसी दबाव के स्वेच्छा से सरना धर्म मे घर वापसी हुई। कार्यक्रम में उरांव जागृति समिति के अध्यक्ष बीरा उरांव, सुधीर उरांव, सुका उरांव, डब्बू केरकेट्टा, चामू उरांव, सुधीर प्रधान, बंधना, बिंदेश्वर, अजीत, अजय, सोमरा ,चंदन, विजय, अजय, मुन्ना, सूरज, बिरसा, पप्पू , राजेश, श्रीनाथ, बिपिन, बादल सहित सरना समाज के लोग भारी संख्या में मौजूद थे।


**JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LIMITED**
**(CIN: U40108JH2013SGC001702)**
**Registered office :-ENGINEERING BUILDING, HEC, DHURWA, RANCHI-4,**
**FAX No. 0651 – 2400799, email – cere_jseb@yahoo.co.in**
**(Department of Rural Electrification)**

**Cancellation Notice of E-Tender**

Due to unavoidable reasons following tenders under **Mukhyamantri Ujjawal Jharkhand Yojana** have been cancelled:-

| Sl. No. | Name of Package (District) | NIT No. |
|---|---|---|
| 1 | West Singhbhum | 245/PR/JBVNL/2023-24 |
| 2 | Simdega | 246/PR/JBVNL/2023-24 |
| 3 | Palamau | 247/PR/JBVNL/2023-24 |
| 4 | Ranchi | 248/PR/JBVNL/2023-24 |
| 5 | Latehar | 249/PR/JBVNL/2023-24 |
| 6 | Garhwa | 250/PR/JBVNL/2023-24 |
| 7 | Godda | 251/PR/JBVNL/2023-24 |
| 8 | Chatra | 252/PR/JBVNL/2023-24 |
| 9 | Giridih | 255/PR/JBVNL/2023-24 |
| 10 | Pakur | 256/PR/JBVNL/2023-24 |
| 11 | East Singhbhum | 257/PR/JBVNL/2023-24 |
| 12 | Sahibganj | 258/PR/JBVNL/2023-24 |
| 13 | Deoghar | 259/PR/JBVNL/2023-24 |
| 14 | Khunti | 260/PR/JBVNL/2023-24 |
| 15 | Lohardaga | 261/PR/JBVNL/2023-24 |
| 16 | Saraikela Kharsawan | 262/PR/JBVNL/2023-24 |
| 17 | Dhanbad | 263/PR/JBVNL/2023-24 |
| 18 | Bokaro | 265/PR/JBVNL/2023-24 |
| 19 | Dumka | 266/PR/JBVNL/2023-24 |
| 20 | Ramgarh | 267/PR/JBVNL/2023-24 |
| 21 | Jamtara | 268/PR/JBVNL/2023-24 |

**This has got the approval of the competent authority.**
**PR No. 315693**

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

**Sd/-**
**General Manager (RP)**

PR 317316 (Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd)23-24*D

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT BUILDING DIVISION, HAZARIBAG**
**e-Procurement Cell**

**Very Short e-Procurement Notice**
Tender Reference No:- BCD/EE/ HAZARIBAG/ 10/2023-24
Date:: -27-01-2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | :- Renovation work of ANM Training School and Hostel Building in the premises of Sadar Hospital, Hazaribag |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | 6329912/- |
| 3. | Time of Completion | 4 Month |
| 4. | Date of Publication of Tender on website | 1-02-2024 |
| 5 | Last date/Time for receipt of bids | 8-02-2024 03.00 PM |
| 6. | Name & address of office Inviting tender | Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division,Hazaribag |
| 7. | Contact no. of Procurement officer | 9348952485 |
| 8. | Helpline number of e - Procurement cell | **06546-225723** |

***Further details and subsequent amendments can be seen on website*** http://jharkhandtenders.gov.in

**Nodal Officer,**
**e-Procurement Cell,**
**Office of the Executive Engineer,**
**Building Construction Department,**
**Building Division,** Hazaribag

PR 317293 Building (23-24)D

**Govt. of Jharkhand**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Field Survey Division, Advance Planning, Road Construction Department**
Nirupan Bhawan, 4th floor, 56-Set Chowk, Doranda, Ranchi-834002
**e-mail--- eercdapfsdran-jhr@nic.in**

**e-Procurement (Short Tender Notice)**
**Letter of Invitation (LOI) No.-62/2023-24**
**National Competitive Bidding (Two Bid System)**
e-**Tender Ref No**:– RCD/FSD /AP/ RAN/**62**/23-24 Dated **29.01.2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name Of Work | Consultancy services for preparation of Detailed project report for construction of Connecting Flyover from Kantatoli Flyover (Under-construction) to BootyMore including replacement of culverts and bridges, proposal for new culverts and bridges, complete Land Acquisition Proposal including ownership details all complete as per latest guidelines, Resettlement and Rehabilitation Proposal with clearance of all stages etc as required, at Ranchi in the state of Jharkhand. |
| 2 | Tentative Length | 5.00 km |
| 3 | Period of Completion of Work | 90 Days |
| 4 | Cost of Tender Document & Earnest Money Deposit (EMD) | **Cost of Tender Document** :- Rs 10,000/- (Rupees Ten Thousand)(Non-Refundable) through online mode only. **EMD :-** Rs- 10,00,000/- (Rupees Ten Lakh) through online mode only. As per the Departmental Letter no.- 4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document and Earnest Money Deposit will be received in online mode only through e-procurement portal (https://jharkhandtenders.gov.in ) by Internet banking/ NEFT/ RTGS facility as per Standard Operating Procedure (SOP) issued by Information Technology & e-Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no- 120 dated 03.10.2023. |
| 5 | Mode of Bid Submission | e-tendering(http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 6 | Date/Time of Publication of Tender on Website | 31.01.2024,17:00 PM |
| 7 | Date of Pre Bid Conference | 06.02.2024 (In the Chamber ofExecutive Engineer, Field Survey Division, Advance Planning, RCD, Ranchi.) at 12.00PM |
| 8 | Last date and Time of submission of Tender (With Tender Fee and EMD) | 15.02.2024,not later than 16:00 hrs |
| 9 | Date of opening of Bid | 16.02.2024 at 16:30 hrs |
| 10 | Designation and Contact no. of e-Procurement Officer | Executive Engineer, Field Survey Division, Advance Planning, RCD, Ranchi. Mobile No-9431591027 |

Note-: Only e-Tender shall be accepted.

**Executive Engineer,**
**Field Survey Division, A.P**
**Road Construction Department, Ranchi**

PR 317369 Road (23-24)_D



प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## प्रमोद मिश्रा ने नव नियुक्त जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष को दी बधाई



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा जमशेदपुर महानगर के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष सुधांशु ओझा को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए बारीडीह मंडल भाजपा के मीडिया प्रभारी प्रमोद मिश्रा ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व के द्वारा एक पुराने कार्यकर्ता को जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष बनाने पर हर्ष व्यक्त किया। कहा कि जमशेदपुर महानगर आने वाले लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में सभी सीटों पर विजयी होगें।ज्ञातव्य हो कि नये अध्यक्ष भाजपा के पुराने कार्यकर्ता होने के नाते कार्यकत्ताओं की भावना को बखूबी समझेंगें एवं संगठन को मजबूती प्रदान करेंगें।

## रियलमी 12 प्रो सीरीज़ 5जी के साथ श्रेणी का सर्वश्रेष्ठ पेरिस्कोप टेलीफोटो पेश



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रियलमी ने आज अपनी प्रीमियम नंबर सीरीज़ में सबसे नया स्मार्टफ़ोन, रियलमी 12 प्रो सीरीज़ 5जी पेश किया। रियलमी 12 प्रो सीरीज 5जी में दो असाधारण स्मार्टफोन, रियलमी 12 प्रो प्लस 5जी और रियलमी 12 प्रो 5जी लॉन्च किए गए हैं। ये दोनों स्मार्टफ़ोन नेक्स्ट-जेन इमेजिंग स्मार्टफोन हैं, जो रियलमी की पुनर्निर्मित 'मेक इट रियल' ब्रांड भावना की ओर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हैं, और युवाओं के अनुरूप ब्रांड की एक नई पहचान प्रस्तुत करते हैं।इस लॉन्च के बारे में रियलमी के प्रवक्ता ने बताया, रियलमी 12 प्रो सीरीज 5जी अपनी श्रेणी के अन्य स्मार्टफोंस से बहुत आगे है। यह यूज़र्स को मूल्य-संचालित प्रीमियम उत्पाद प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करता है। यह प्रतिबद्धता इसकी पेरिस्कोप टेलीफोटो टेक्नोलॉजी और इनोवेटिव मास्टरशॉट एल्गोरिदम में दिखाई देती है, जो क्वालकॉम के सहयोग से विकसित की गई है, और मोबाइल इमेजिंग के दायरे बढ़ाने की हमारी प्रतिबद्धता पर बल देती है।

## ग्रीन पेंसिल फाउंडेशन ने शहीद दिवस मनाया



**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के नेंगटासाई में ग्रीन पेंसिल फाउंडेशन के तत्वावधान में शिशु शिक्षा निकेतन के बच्चों और शिक्षकों द्वारा शहीद दिवस पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ग्रीन पेंसिल फाउंडेशन के झारखंड राज्य प्रमुख आकाश महतो ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय धरा अनेकों महापुरुषों के ज्ञानात्मक आविष्कारों की धरा है। इस मौके पर शिशु शिक्षा निकेतन के छात्रों द्वारा शहीद दिवस विषय पर कविता वाचन तथा भाषण प्रस्तुत किया गया। धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के संचालक गोपाल महतो दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जयराम महतो, गोपाल महतो, रंजीत कैबर्त, सविता महतो, संजय मंडल,अंभो कैबर्त, आरती महतो, सूरज महतो, राखी महतो, प्रवीण गोराई, तनु महतो, निशा महतो समेत सभी शिक्षकों व छात्रों का सराहनीय योगदान रहा।

## राष्ट्रीय महिला इंटक की कोषाध्यक्ष बनी गम्हरिया निवासी रिंकू रॉय



**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रीय इंटक के राष्ट्रीय महिला कार्यकारिणी कमेंटी की राष्ट्रीय अध्यक्षा देविका सिंह के अनुमोदन पर इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष जी संजीवा रेड्डी द्वारा कमेटी का गठन किया गया है। नई राष्ट्रीय कमेंटी में झारखंड के सरायकेला-खरसावां जिले की रिंकू राय को राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है। गौरतलब है कि रिंकू रॉय जिले की प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में जानी जाती है और इंटक की सक्रिय सदस्य भी हैं। राष्ट्रीय कमेटी में कोषाध्यक्ष बनाए जाने पर रिंकू रॉय ने राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीवा रेड्डी और नेशनल चेयरपर्सन देविका सिंह का आभार प्रकट किया।

## चिलगु में सनातन धर्म सम्मेलन का शुभारंभ, कलश यात्रा में भाव विभोर हुए श्रद्धालु



**चांडिल(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के चिलगु में मंगलवार से सप्ताह व्यापी सनातन धर्म सम्मेलन का आयोजन किया गया है, जिसका शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। यहां श्रीमद्भागवत कथा प्रचारक समिति, चिलगु की ओर से 31 जनवरी से 7 फरवरी तक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। महिलाओं द्वारा सुवर्णरेखा नदी से चिल्गू तक कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। महिलाओं ने नदी से जल उठाकर शहरबेड़ा होते हुए चिलगु का भ्रमण किया, इसके बाद दुर्गा मंदिर प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम स्थल पर कलश स्थापना किया गया। बुधवार से श्रीमद्भागवत कथा सुनाई जाएगी। जबकि आज शाम को हनुमान चालीसा तथा महाआरती होगी। शाम को श्रीमद्भागवत गीता की पूजा अर्चना भी होगी। पश्चिम बंगाल के नदिया ङ्क श्रीधाम नवद्वीप से आए हुए कथा वाचक गिरिधारी शास्त्री महाराज द्वारा श्रीमद्भागवत कथा सुनाई जाएगी। प्रतिदिन महायज्ञ के साथ प्रातः 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक श्रीमद्भागवत कथा का मूल श्लोक पाठ होगा। वहीं, शाम 4 बजे से रात्रि 8 बजे तक संगीतमय सुमधुर श्रीमद्भागवत कथा प्रवचन सुनाई जाएगी। अंतिम दिन श्रीमद्भागवत परिक्रमा तथा भोग वितरण किया जाएगा।

### जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स से इंडियन सुपर लीग की एक्शन में वापसी

# एनईयूएफसी के खिलाफ नई शुरुआत करना चाहती है जमशेदपुर एफसी

### - दोनों क्लब अब तक 12 मैच में दो-दो जीत के साथ आगे बढ़ रहे है

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जमशेदपुर :** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2023-24 की एक्शन में वापसी 31 जनवरी, 2024 को होगी, जब जमशेदपुर एफसी अपने घरेलू मैदान जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी की मेजबानी करेगी। दोनों क्लब अब तक 12 मैच में दो-दो जीत के साथ आगे बढ़ रहे हैं। हालांकि, हाईलैंडर्स और उनके खेल ने काफी वाहवाही लूटी हैं क्योंकि वे 2022-23 में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद इस सीजन में काफी अच्छा कर रहे हैं। रेड माइनर्स के लिए यह मैच उस अच्छी छोटी सी लय को आगे बढ़ाने का एक बढ़िया अवसर है जो उन्होंने मुख्य कोच स्कॉट कूपर की जगह खालिद जमील के जुड़ने से मिली है। जमशेदपुर आईएसएल अंक तालिका में 10वें स्थान पर है। जमील ने यह सुनिश्चित किया कि चैम्पियन ईस्ट बंगाल एफसी से सेमीफाइनल में 0-2 से हारने से पहले रेड माइनर्स कलिंगा सुपर कप में अच्छे प्रदर्शन के साथ बेहतर स्थान पर रहें।जमशेदपुर एफसी के हेड कोच खालिद जमील ने प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, मैं सुपर कप के लिए सारा श्रेय लड़कों को देता हूं। उन्होंने बहुत अच्छा खेला। विदेशी, सीनियर और जूनियर ने हाल ही में अच्छा तालमेल दिखाया है और हम (आईएसएल में भी) अच्छा प्रदर्शन करने की क्षमता रखते हैं।नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी के मुख्य कोच जुआन पेड्रो बेनाली ने कहा, हम बस उसी लय को बरकरार रखने की कोशिश कर रहे हैं जो हमने सुपर कप में हासिल की थी। हम आईएसएल का इंतजार कर रहे हैं, जो सबसे महत्वपूर्ण है। सुपर कप में जमशेदपुर एफसी से हमारी हार अतीत है और हम केवल भविष्य के बारे में सोचते हैं। कल का मैच हमारे पिछले मुकाबलों से अलग होगा।

## बिड़रा टुसू मेला सह सांस्कृतिक कार्यक्रम में उमड़ी भीड़

प्रभात मंत्र संवाददाता



**पटमदा :** पटमदा प्रखंड की बिड़रा गांव के ग्रामीणों द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी टुसू मेला सह सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन मंगलवार को किया । मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री दुलाल भुईयां व विशिष्ट अतिथि में आंदोलनकारी दुर्योधन महतो शामिल हुए। मेला में दोपहर से टुसू नाच, शाम में पश्चिम बंगाल से आये हुए खुकु मणि एंड सम्प्रदाय द्वारा झुमुर संगीत व देर रात सनत महतो व निपेन सहिस के टीम द्वारा छौऊ नृत्य प्रस्तुत किया गया। जिसमें आसपास गांवों से पहुंचे हजारों की संख्या में लोगों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद उठाया। मेला में दूरदराज से कई महिलाओं की टोली ने टुसू प्रतिमा लेकर पहुंचे थे। जिसमें बेहतर प्रदर्शन करने वाले टुसू दलों को कमेटी की ओर से पुरस्कृत किया गया। मेला को सफल बनाने में मुख्य रूप से सनत कुमार महतो, गोपेश्वर रजक, जामिनि प्रमाणिक आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## नारायण प्राइवेट आईटीआई में गांधी जी की पुण्यतिथि पर श्रृद्धांजलि सभा आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता



**चांडिल :** नारायण प्राइवेट आईटीआई लूपुंगडीह चांडिल में आज महात्मा गांधी की पुण्य तिथि मनाई गई। मौके पर संस्थान के संस्थापक डॉक्टर जटाशंकर पांडे ने कहा गांधीजी भारतीय स्वतन्त्रता आन्दोलन के एक प्रमुख राजनैतिक एवं आध्यात्मिक नेता थे। वे सत्याग्रह के माध्यम से अत्याचार के प्रतिकार करने के समर्थक अग्रणी नेता थे, उनकी इस अवधारणा की नींव सम्पूर्ण अहिंसा के सिद्धान्त पर रखी गयी थी जिसने भारत सहित पूरे विश्व में जनता के नागरिक अधिकारों एवं स्वतन्त्रता के प्रति आन्दोलन के लिये प्रेरित किया। कहा 2 अक्टूबर को उनका जन्म दिन भारत में गांधी जयन्ती के रूप में और पूरे विश्व में अन्तरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में मनाया जाता है। मौके पर कॉलेज के प्राचार्य जयदीप पांडे , कृष्ण चंद्र महतो ,देव कृष्णा महतो अजय कुमार मंडल ,गौरव महतो , संदीप नायक आदि उपस्थित थे।

## जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा का भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत, बोले

### पार्टी कार्यकर्ताओं का सम्मान रहेगा सर्वोपरि

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जमशेदपुर :** भाजपा जमशेदपुर महानगर के नव मनोनीत जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा का शहर के विभिन्न स्थानों पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत एवं अभिनंदन किया। जमशेदपुर महानगर के अध्यक्ष बनने के बाद मंगलवार को पहली बार साकची स्थित जिला भाजपा कार्यालय पहुंचने पर सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुधांशु ओझा का पुष्पगुच्छ, फूलमाला, अंगवस्त्र भेंटकर एवं मिठाई खिलाकर उन्हें शुभकामनाएं दी। इस दौरान पार्टी के वरीय नेताओं के संग विभिन्न मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में आये बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व समर्थक मौजूद रहे। वहीं, अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के प्रति आभार जताते हुए कहा कि पार्टी ने मुझ पर जो विश्वास जताया है, उसे वे पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ निभाकर एवं वरीय नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के सहयोग से संगठन को और मजबूत करने की दिशा में कार्य करूंगा। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होते हैं, उनका सम्मान सदैव सर्वोपरि रहेगा।

## बराभूम एंटरटेनमेंट की दूसरी शॉर्ट फिल्म जल्द होगी रिलीज

प्रभात मंत्र संवाददाता



**पटमदा :** पटमदा के पत्रकार कल्याण कुमार गोराई की ओर से बराभूम एंटरटेनमेंट यूट्यूब चैनल में दूसरी शॉर्ट फिल्म लुड़का भुड़कार फांदे मदनार बहू कांदे ÷ जल्द ही रिलीज होने वाली है। इस संबंध फिल्म के निर्माता, निर्देशक व लेखक कल्याण कुमार गोराई ने बताया कि इस फिल्म के माध्यम से समाज को जागरूक करने का संदेश दिया गया है। लोग अपनी गाढ़ी कमाई किस तरह से परंपरा व संस्कृति की आड़ में जुआ खेलते हुए बर्बाद कर रहे हैं इसपर अधारित है यह फिल्म। इसमें ईशान चंद्र गोप, शिशुपाल सिंह सरदार, मिहिर कुमार महतो, जगन्नाथ कर्मकार, लालमोहन राय, काजल गोप, बंगाल की महिला कलाकार लक्खी राय आदि मुख्य अभिनय कर रहे हैं। फिल्म की शूटिंग पिछले दो दिनों से जारी है जो बुधवार तक पूरा कर लिया जाएगा। इसमें कैमरामैन आनंद गोराई हैं। उन्होंने बताया कि बराभूम एंटरटेनमेंट की पहली फिल्म भुड़कुर पेंशन टाकाय मकर परब को दर्शकों का अपार स्नेह और समर्थन मिल रहा है और लोगों की मांग को देखते हुए ही समाज में लोगों को जागरूक करने के लिए यह दूसरा प्रयास है। उन्होंने उम्मीद जताई कि दूसरी फिल्म में दर्शकों को भरपूर मनोरंजन का मौका मिलेगा।

## कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष अंसार की अध्यक्षता में गांधी जी की पुण्यतिथि मनाई गई

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष सह पश्चिम विधानसभा विधायक प्रतिनिधि अंसार खान के मानगो जवाहर नगर आवासीय कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई। इस पुण्यतिथि में काफी लोग शामिल हुए। राष्ट्रपिता गांधीजी की तस्वीर पर माल्यार्पण करने के बाद 2 मिनट का मौन रखा गया।अंसार खान ने बताया आजादी मिलने के कुछ महीने बाद 30 जनवरी 1948 को शाम प्रार्थना के दौरान बिरला हाउस में गांधी स्मृति में नाथूराम गोडसे ने गांधी जी को गोली मार कर हत्या कर दी थी।राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी का संपूर्ण जीवन एक कठिन तपस्या थी। वर्तमान परिस्थितियों में अगर हम चाहते हैं कि हम विश्व शांतिपूर्वक तरीके से विकास करता रहे तो अत्यंत आवश्यक है कि हम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के बताए हुए रास्ते पर चलकर काम करें।वहीं कैंप कोऑर्डिनेटर एसआरके कमलेश, सरायकेला खरसावां की कांग्रेस पार्टी की महासचिव रुकैया खातून और समाज सेवक राजाराम पंडित ने भी महात्मा गांधी के बारे में अपनी बातें रखी।इस दौरान चांदनी, मोहम्मद अलाउद्दीन, मोहम्मद हमदानी, शेख अब्दुल खालिक, मोहम्मद अली, अत्ताउल्लाह खान, दानिश परवेज समाजसेवी, इरफान अंसारी, असनल सिद्दीकी, नवाबबुल्लाह ,अबू शाहिद हुसैन, शेख अहमद, मोहम्मद जिलानी, बाबू भाई, मोहम्मद सऊद आलम आदि शामिल हुए।

## न्युवोको का तीसरी तिमाही में बिक्री और लाभ दोनों बढ़ा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** न्युवोको विस्टास कॉर्पोरेशन लिमिटेड, भारत की निर्माण सामग्री क्षेत्र में एक प्रमुख कंपनी, ने 31 दिसंबर 2023 को समाप्त तिमाही में 31.03 करोड़ रुपये का लाभ दर्ज किया है। बीते साल की समान तिमाही में न्युवोको ने 75.29 करोड़ रुपये का नुक्सान दर्ज किया था। भारत में पांचवें सबसे बड़े सीमेंट समूह, न्युवोको ने लगातार मजबूत प्रदर्शन किया और न्युवोको ने बिक्री और आय में बढ़ोतरी के साथ लाभ भी कमाया है। तीसरी तिमाही में न्युवोको की कुल सीमेंट बिक्री 4.02 एमएमटी तक पहुंच गई और अपने पूरे संचालन से राजस्व 2,421 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। वित्त वर्ष 24 की तीसरी तिमाही में न्युवोको की नेट कंसोलिडेटेड आय 2,431.87 करोड़ रुपये रही, जो पिछले साल की समान तिमाही में दर्ज 2,608.76 करोड़ रुपये से 6.78 प्रतिशत कम है। इस दौरान न्युवोको का एबिटिडा 55 फीसदी बढ़कर 421 करोड़ रुपये रहा जो कि एक बड़ी उपलब्धि है। वहीं न्युवोको का कुल ऋण 632 करोड़ रुपये कम होकर 4,533 करोड़ रुपये रह गया है।

## जेएससीए ए डिवीज़न लीग में पायनियर ने स्टूडेंट क्लब को 9 विकेट से हराया

### - सौरव चंदा ने लगातार दो शतकीय पारी में 319 रन बनाए

प्रभात मंत्र संवाददाता



सौरव चंदा



रति राज सिंह मैन ऑफ़ द मैच

**जमशेदपुर :** आज जमशेदपुर के कॉपरेटिव ग्राउंड में जेएससीए जमशेदपुर ए डिवीज़न लीग में खेले गए एक मैच में पायनियर पायनियर क्रिकेट क्लब ने जमशेदपुर स्टूडेंट क्लब को 9 विकेट से हराया।टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए स्टूडेंट क्लब ने 44.1 ओवर 177/10 रन बनाए। स्टूडेंट क्रिकेट क्लब की ओर से अविनाश कुमार ने 79 रनों का योगदान दिया वहीं पायनियर क्रिकेट क्लब के रति राज सिंह ने 10 ओवर में देकर 5 विकेट और सौरव कर्माकर को 2 विकेट मिला। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पायनियर क्रिकेट क्लब ने 29.5 ओवर में ही एक के नुकसान 180 रन बनाकर मैच जीत लिया। पायनियर के सौरव चंदा ने बेहतरीन 75 रन की नाबाद पारी खेली और आदित्य मुकेश ने भी 83 रन का योगदान दिया। गौरतलब हो कि सौरव चंदा की लगातार 2 मैचों में 2 नाबाद शतकों के बाद आज भी 75 रन की नाबाद पारी खेली। जमशेदपुर लीग में सौरव चंदा अभी तक सबसे जायदा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने हुए है जिसमे उन्होंने 4 इनिंग में 319 के औसत से 319 रन बनाए हैं जिसमे लगातार दो लगातार नाबाद शतकीय पारी शामिल है।

## अबुआ आवास में हो रही गड़बड़ी, बिमल बैठा ने ग्रामीणों के साथ पटमदा बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

प्रभात मंत्र संवाददाता



**पटमदा :** आवास योजना से वंचित गरीब लोगों के लिए झारखंड सरकार ने अबुआ आवास योजना लाई है। पिछले दिनों सरकार आपके द्वार शिविर में प्राप्त आवेदन पत्रों के हिसाब से प्रखंड कार्यालय में सूची भी तैयार किया गया है। लेकिन जिन लोगों का नाम सूची में है, उन लोगों को पहले ही आवास का लाभ मिल चुका है। जबकि जिन लोगों को आवास अभी तक नही मिला है वैसे लोगों का नाम सूची से गायब है। जिससे पटमदा प्रखंड की महुलबना पंचायत अंतर्गत सुंदरपुर गांव के ग्रामीणों में नाराजगी देखी जा रही है। ग्रामीणों द्वारा गड़बड़ सूची की शिकायत स्थानीय जनप्रतिनिधियों से करने के बाद भी जब समाधान नही हो रहा है तब मंगलवार को भाजपा नेता विमल बैठा को प्रखंड कार्यालय में बुलाकर मामलें को अवगत कराया। मामलें को संज्ञान में लेकर बिमल बैठा ने ग्रामीणों के साथ पटमदा बीडीओ से मिलकर एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में योग्य लोगों को ही आवास योजना का लाभ देने की मांग की है। बीडीओ ने ग्रामीणों को आश्वासन देते हुए कहा है कि जो शिकायत मिली है। उसमें निष्पक्ष जांच कराते हुए योजना का लाभ दिया जाएगा। ज्ञापन सौपनें वालों में मुख्य रूप से कल्याणी महतो, रेवती महतो, पुईतु मांझी, अंजना सिंह, हिमानी महतो, सुभाष चंद्र महतो, कल्पना महतो, बंकिम चंद्र महतो व श्रावण महतो आदि शामिल थे।

संपादकीया

# रोजगार के आदर्श बदलें

**बेरोजगारी** की चीखों के बीच नीतियों का इंतखाब करना भी मुश्किल हो गया है। सरकार गेस्ट टीचर के लिए स्कूलों के गेट नहीं खोल पाई तो इसलिए कि इस नीति की घोषणा ने युवाओं के सुर बिगाड़ दिए। कुछ इसी तरह जेओए-817 की परीक्षा पर तरस खाने का मुद्दा भी रहा। जिस परीक्षा प्रणाली के भ्रष्ट तंत्र ने हमीरपुर अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को उखाड़ फेंका, उसी के तहत हुई जेओए परीक्षा को बचाने का प्रयास जारी है। ये परीक्षार्थी अब फरियादी हैं, तो सरकार की अदालत बदल रही है। जाहिर है बेरोजगारी की चीखों की सत्ता अनदेखी नहीं कर सकती, लेकिन मंत्रिमंडल के बीच नैतिकता का विभाजन स्पष्ट रहा। अब मुख्यमंत्री जेओए परीक्षा को तमाम संशय से दूर रखते हुए नौकरी के आवरण से ढांपना चाहते हैं। बहरहाल मसला सरकारी नौकरी को लेकर पुनः खिदमत कर रहा है, तो आंसू पोंछने के लिए मुख्यमंत्री के मुलायम हाथ स्पर्श कर रहे हैं। रोजगार के बाजार में सरकार की आस्था सदा बदलती रही है और यही वर्तमान सरकार की परीक्षा और गारंटी है। एक लाख नौकरियों की बिसात पर अब कुछ ऐसे ही टोटके काम आएंगे। जाहिर है जेओए परीक्षा अगर बरी हो जाए, तो सरकारी रोजगार के आंकड़े कुछ तो काम आएंगे। नौकरी और रोजगार के अवसर पैदा करने का अंतर आज तक हिमाचल की नीतियों को समझ नहीं आया। हालांकि स्टार्टअप के जरिए वर्तमान सरकार की ग्रीन नीति रोजगार के अवसर सृजित करने को तत्पर है या पर्यटन के जरिए सरकार रोजगार को स्वरोजगार का पुष्पगुच्छ सौंपना चाहती है, लेकिन एक कहानी निवेशक की भी है। बीबीएन जैसे हिमाचल के सबसे बड़े औद्योगिक केंद्र से अगर कुछ उद्योग पलायन करने का सोच रहे हैं, तो यह रोजगार के बिंदुओं पर भी हताशापूर्ण वातावरण है। आश्चर्य यह है कि प्रदेश की राजनीति और नेताओं के वक्तव्य केवल सरकारी नौकरी की बात करते हैं, जबकि रोजगार की संभावना के अन्य क्षेत्र खामोश हैं। सरकार गांव के द्वार भी ऐसी ही घोषणाएं चुन रही है, जहां साधारण कालेज को स्नातकोत्तर बनाने की उपलब्धि गिनी जा रही है। हमें लगता है जिस दिन हमारे मंत्री-मुख्यमंत्री युवाओं के प्रयास से शुरू हो रहे व्यवसायों, शोरूमों, बस-टैक्सी संचालन या पर्यटन इकाइयों का आगे बढ़कर शुभारंभ करेंगे, हिमाचल के आदर्श और उदाहरण बदल जाएंगे। हम स्कूलों-कालेजों के वार्षिक समारोहों में नेताओं को बुलाकर बच्चों के मन में सियासी प्रभाव का आभामंडन कर रहे हैं, जबकि होना यह चाहिए कि वहां निजी क्षेत्र के सफल व्यावसायियों, युवाओं, डाक्टरों तथा नामी व्यक्तियों को बुलाकर रोजगार की क्षमता की नई पैरवी शुरू की जाए। आश्चर्य यह कि सरकारें शिक्षा के घुंघरू पहनकर नाच रही हैं, जबकि हमारे परिसर नाकाबिल हो चुके हैं। प्रदेश के तीन सामान्य विश्वविद्यालयों के अतिरिक्त केंद्रीय यूनिवर्सिटी के पाठ्यक्रम में ऐसा क्या है कि राष्ट्रीय स्तर के मानव संसाधन पैदा नहीं हो रहे। प्रदेश में तीन दर्जन कालेज एवं विश्वविद्यालय एमबीए के पाठ्यक्रम का मुखौटा पहने उच्च शिक्षा का उच्चारण कर रहे हैं, लेकिन डिग्रियां बेरोजगारी की मुजरिम बन गईं। इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग को लेकर ही अगर बीबीएन में एक राज्यस्तरीय संस्थान पैदा करते, तो काम करने का कोड बदल जाता। अभी हाल ही में मुख्यमंत्री ने फिल्म शूटिंग को सरल बनाने के लिए एक वांछित घोषणा करके सिने पर्यटन के उद्गम को टटोला है। अगर हिमाचल सिनेमा उद्योग से पींगें बढ़ा ले। गरली-परागपुर में फिल्म सिटी की अवधारणा में अधोसंरचना तथा एक राज्य स्तरीय फिल्म एवं टीवी प्रशिक्षण कालेज शुरू कर दे, तो रोजगार से रेवेन्यू के उद्गार निकलेंगे। हिमाचल की प्रतिभा से निकल रहे स्वरोजगार की पहचान की जाए तथा इसे उचित अवसर दिए जाएं तो रोजगार के मायने बदलेंगे। इसके लिए प्रदेश के सांस्कृतिक, धार्मिक तथा मेलों को सर्वप्रथम एक मेला विकास प्राधिकरण के तहत लाना होगा। रोजगार को सरकारी नौकरी से हटाकर अगर परिभाषित नहीं किया गया, तो यूंही रोजगार के उपनाम बदलकर 'गेस्ट फैकल्टी' जैसे मुहावरों पर शक रहेगा। रोजगार के अवसर बढ़ाने के फलक पर प्रोत्साहन बढ़ा कर सरकार को नौकरी की पुरानी मान्यताएं तोडनी होंगी।

सरकार गेस्ट टीचर के लिए स्कूलों के गेट नहीं खोल पाई तो इसलिए कि इस नीति की घोषणा ने युवाओं के सुर बिगाड़ दिए। कुछ इसी तरह जेओए-817 की परीक्षा पर तरस खाने का मुद्दा भी रहा। जिस परीक्षा प्रणाली के भ्रष्ट तंत्र ने हमीरपुर अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को उखाड़ फेंका, उसी के तहत हुई जेओए परीक्षा को बचाने का प्रयास जारी है। ये परीक्षार्थी अब फरियादी हैं, तो सरकार की अदालत बदल रही है। जाहिर है बेरोजगारी की चीखों की सत्ता अनदेखी नहीं कर सकती, लेकिन मंत्रिमंडल के बीच नैतिकता का विभाजन स्पष्ट रहा। अब मुख्यमंत्री जेओए परीक्षा को तमाम संशय से दूर रखते हुए नौकरी के आवरण से ढांपना चाहते हैं। बहरहाल मसला सरकारी नौकरी को लेकर पुन : खिदमत कर रहा है, तो आंसू पोंछने के लिए मुख्यमंत्री के मुलायम हाथ स्पर्श कर रहे हैं। रोजगार के बाजार में सरकार की आस्था सदा बदलती रही है और यही वर्तमान सरकार की परीक्षा और गारंटी है। एक लाख नौकरियों की बिसात पर अब कुछ ऐसे ही टोटके काम आएंगे। जाहिर है जेओए परीक्षा अगर बरी हो जाए, तो सरकारी रोजगार के आंकड़े कुछ तो काम आएंगे।

## आतंकी हमले से बचाने के लिए अमरीका, ब्रिटेन व मलेशिया जैसे कई देशों से मदद की गुहार लगाई

# भारत का एहसान भूल रहा मालदीव

प्रताप सिंह पटियाल

देश के प्रथम 'परमवीर चक्र' विजेता हिमाचल प्रदेश के मेजर 'सोमनाथ शर्मा' के भाई जनरल 'वीएन शर्मा' सन् 1988 में भारतीय थलसेना के प्रमुख थे। उस वक्त श्रीलंका के आतंकी समूह 'पीपल लिबरेशन ऑफ तमिल ईलम' के लड़ाकों ने पर्यटकों का भेष धारण करके समंदर में बसे देश मालदीव पर हमला करके वहां तख्तापलट को अंजाम दे दिया था।

**'आपरेशन कैक्टस'** भारतीय सेना की दास्तान-ए-शुजात की वो जांबाजी जब हिंदोस्तान के रणबांकुरों ने जोखिम भरे सैन्य आपरेशन को अंजाम देकर मालदीव को आंतकियों से मुक्त कराया था। देश के प्रथम 'परमवीर चक्र' विजेता हिमाचल प्रदेश के मेजर 'सोमनाथ शर्मा' के भाई जनरल 'वीएन शर्मा' सन् 1988 में भारतीय थलसेना के प्रमुख थे। उस वक्त श्रीलंका के आतंकी समूह 'पीपल लिबरेशन ऑफ तमिल ईलम' के लड़ाकों ने पर्यटकों का भेष धारण करके समंदर में बसे देश मालदीव पर हमला करके वहां तख्तापलट को अंजाम दे दिया था। आतंकियों के घेरे में फंस चुके मालदीव के तत्कालीन राष्ट्रपति 'मौमून अब्दुल गयूम' ने अपने मुल्क को उस आतंकी हमले से बचाने के लिए अमरीका, ब्रिटेन व मलेशिया जैसे कई देशों से मदद की गुहार लगाई, मगर मालदीव के एयरपोर्ट, टीवी टावर व रेडियो स्टेशन जैसे बुनियादी ढांचे पर कब्जा कर चुके आतंकियों का मुकाबला करने की जहमत किसी भी मुल्क ने नहीं उठाई थी। आतंकियों के तर्जुमान पाकिस्तान से भी मालदीव ने मदद के लिए राफ्ता किया था, मगर निराशा हाथ लगी। जब अब्दुल गयूम के लिए सवाल मालदीव की इज्जत-ए-नफ्ज का बना, तब ब्रिटेन की तत्कालीन प्रधानमंत्री 'मारग्रेट थैचर' ने मालदीव को भारत से मदद मांगने का मशविरा दे डाला था। आखिर मालदीव के सदर मौमून अब्दुल गयूम की गुजारिश पर भारत की तत्कालीन हुकूमत व भारतीय सेना हरकत में आई। मालदीव को उस आतंकी हमले से आजाद कराने के लिए भारतीय सेना ने 'आपरेशन कैक्टस' लाँच किया। सेना की 50वीं 'पैराशूट ब्रिगेड' व 'छह पैराशूट' यूनिट तथा '17वीं पैराशूट फील्ड रेजिमेंट' के जवान ब्रिगेडियर 'फारूक बुलसारा' की कमान में तीन नवंबर 1988 की रात को मालदीव के 'हुलहुले' एयरपोर्ट पर उतरे तथा समुद्री रास्ते से मालदीव की राजधानी 'माले' पहुंचे। भीषण गोलीबारी में 19 आतंकियों को हलाक करके भारतीय कमांडोज ने मालदीव में आतंकी तख्तापलट की मंसूबाबंदी को नाकाम करके राष्ट्रपति मौमून अब्दुल गयूम व उप रक्षामंत्री 'इल्यास इब्राहिम' सहित कई लोगों को 18 घंटों के



भीतर सुरक्षित निकाल लिया था। ऑपरेशन कैक्टस की कामयाबी के पीछे भारतीय सेनाध्यक्ष जनरल वीएन शर्मा की माकूल रणनीति व ब्रिगेडियर 'फारूक बुलसारा' का उत्कृष्ट सैन्य नेतृत्व तथा सैनिकों का अदम्य साहस शामिल था। आपरेशन कैक्टस में भारतीय जांबाज कंमाडोज के साथ भारतीय नौसेना व वायुसेना ने भी अहम किरदार अदा किया था। नौसेना के आईएनएस 'गोदावरी' व बेतवा भी समंदर में सक्रिय थे। भारतीय सैनिकों के खौफ से मालदीव में तख्तापलट का मुख्य साजिशकर्ता 'अब्दुल्ला लुतूफी' एक समुद्री जहाज को अगवा करके फरार हो रहा था। उसे भारतीय नेवी ने हिरासत में लेकर मालदीव की हुकूमत के हवाले कर दिया था। भारतीय पैराशूट रेजिमेंट के जवानों ने आतंकियों पर इतना माकूल प्रहार किया था कि मालदीव में आतंकी हमला या तख्तापलट की हिमाकत दोबारा नहीं हुई। मौजूदा दौर में भारत का एहसान भूलकर मालदीव चर्चा का मरकज बना हुआ है। हाल ही में चीन समर्थक 'मोहम्मद मुइज्जु' मालदीव के राष्ट्रपति चुने गए हैं। मालदीव में इक्तदार हासिल करते ही चीन की आस्तीन में बैठकर भारत विरोधी रुख अख्तियार करके मो. मुइज्जु भारत को आंख दिखा रहा है, लेकिन 35 वर्ष पूर्व मालदीव की हुकूमत पर जब तख्तापलट की गर्दिश के बादल मंडरा चुके थे, यदि उस वक्त भारतीय सेना ने मालदीव को बचाने का साहस न किया होता तो शायद पर्यटन के लिए मशहूर मालदीव आतंकियों की दारुल हुकूमत बन जाता। इस बात में भी कोई दो राय नहीं है कि पिछले कुछ समय से मालदीव पर मजहबी कट्टरवाद का साया पड़ चुका है। वर्ष 2022 में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर माले के फुटबाल मैदान में योग कर रहे भारतीय मूल के लोगों पर भीड़ ने मजहबी आक्रोश में आकर हमला कर दिया था। सात जनवरी 2023 को मालदीव की सरकार के तीन वजीरों ने भारत के प्रधानमंत्री के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी की थी, हालांकि मालदीव जल्द ही घुटनों के बल पर आ गया और अपने उन वजीरों को निलंबित कर दिया। बर्तानिया हुकूमत की गुलामी से जुलाई 1965 में आजाद हुए मालदीव को आजाद मुल्क का दर्जा देने वाले देशों में भारत अग्रणी था। मालदीव की सेना 'मालदीवियन नेशनल डिंफेस फोर्स' की ट्रेनिंग कई वर्षों से भारतीय सेना ही करवाती है। सन् 2004 में मालदीव में विनाशकारी सुनामी के बाद वहां मदद भेजने में भी भारत ने पहल की थी। सन् 2014 में मालदीव का 'वाटर ट्रीटमेंट' आग लगने से खाक हो गया था। पेयजल के संकट से जूझ रहे मालदीव की आवाम को भारत ने आपरेशन 'नीर' चलाकर पेयजल की आपूर्ति की थी। सन् 2010 व 2013 में भारत ने मालदीव को दो हैलिकॉप्टर तथा सन् 2020 में एक विमान भी तोहफे में दिया था। मालदीव की राजनीतिक स्थिरता को कायम रखने के लिए भारत के कुछ सैनिक वहां रहते हैं। भारत के उन 88 सैनिकों को राष्ट्रपति मुइज्जु 15 मार्च तक मालदीव छोडने का फरमान जारी कर चुके हैं। हमारे देश के हुक्मरानों को मालदीव की इस कारकर्दगी पर संज्ञान लेना होगा। 'इंडिया आउट' का नारा देकर मालदीव की हुकूमत पर काबिज होने वाले मो. मुइज्जु की ड्रैगन संग रफाकत मालदीव को महंगी साबित होगी, क्योंकि चीन के सबसे बड़े कर्जदारों में मालदीव भी शामिल है। बहरहाल चीन की उल्फत में डूब कर भारत के विरोध में उतरे मालदीव के एहसान फरामोश हुक्मरानों को भारतीय सेना के उन शूरवीर पैरा कमांडोज व नौसेना तथा वायुसेना का मरहून-ए-मिन्नत रहना होगा जिन्होंने सन् 1988 में मालदीव में तख्तापलट के मंसूबों को ध्वस्त करके वहां जम्हूरियत को दोबारा कायम कर दिया था। आपरेशन कैक्टस को अंजाम देकर भारतीय कमांडोज ने दुनिया को एहसास करा दिया था कि विश्व की बेहतरीन स्पेशल फोर्स भारत के पास है। यह देश के लिए गर्व की बात है।

दृष्टि कोण

# चुनावी साल में अंतरिम बजट से उम्मीदें

**एक** फरवरी को वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा लोकसभा में पेश किए जाने वाले वर्ष 2024 के अंतरिम बजट की तैयारियों का अंतिम चरण 24 जनवरी को हलवा वितरण समारोह के साथ आरंभ हुआ। पिछले तीन पूर्ण बजट की तरह नया अंतरिम बजट भी पूरी तरह से पेपरलेस होगा। वस्तुतः इस समय पूरे देश की निगाहें वित्तमंत्री के द्वारा पेश किए जाने वाले अंतरिम बजट की ओर लगी हुई हैं। वस्तुतः देश में जिस साल लोकसभा चुनाव होते हैं, उस वर्ष दो बजट आते हैं। एक अंतरिम बजट और दूसरा पूर्ण बजट होता है। सामान्यतया अंतरिम बजट में नई सरकार बनने तक की व्यय जरूरतों को पूरा करने का उद्देश्य होता है। लेकिन अधिकांश अंतरिम बजटों में लोक लुभावन योजनाओं और बड़ी-बड़ी राहतों का ढेर लगाया जाता रहा है। इस बार वित्तमंत्री सीतारमण वित्तीय अनुशासन के साथ आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जरूरी राहतों और आर्थिक कल्याण की योजनाओं से संतुलित अंतरिम बजट पेश करते हुए दिखाई दे सकती हैं। निःसंदेह इस समय वर्ष 2024-25 के अंतरिम बजट को अंतिम रूप देते समय दो अहम मसले वित्तमंत्री के समक्ष हैं। एक का संबंध उस राजकोषीय गुंजाइश और आकार से है जो फिलहाल केंद्र सरकार के पास अनुकूल स्थिति में है और दूसरा मुद्दा आगामी आम चुनावों में आवश्यक चुनावी लाभ हासिल करने के लिए कुछ नई व्यय योजना की घोषणा




और आर्थिक कल्याण को लेकर सरकार की राजनीतिक अनिवार्यता से संबंधित है। वित्तमंत्री ने सीतारमण ने कहा है कि अंतरिम बजट लेखानुदान होगा। पूर्ण बजट लोकसभा चुनावों के परिणामों के कोई एक माह बाद आने की संभावना रहेगी। कहा है कि जिस तरह वर्ष 2000 के बाद प्रस्तुत हुए तीन अंतरिम बजटों में लोक लुभावन बड़ी घोषणाएं की गई थी और कर उपायों की अनदेखी की गई, वह वैसा नहीं करने जा रही हैं। उनके द्वारा लोकसभा चुनाव के पूर्व प्रस्तुत किए जाने वाले नए अंतरिम बजट में वैसी बड़ी-बड़ी लोक लुभावन योजनाओं को शामिल नहीं किया जाएगा। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि नए अंतरिम बजट के समय वित्तमंत्री सीतारमण के पास आयकर परिदृश्य पर सकारात्मक बदलाव होने का अनुकूल परिदृश्य मौजूद है। हाल ही में एसबीआई की रिसर्च विंग के द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2014 से 2022 के पिछले आठ वर्षों में आयकर रिटर्न भरने वाले आयकरदाताओं की संख्या और आयकर की प्राप्ति में छलांगे लगाकर वृद्धि हुई है। 2023-24 के 31 दिसंबर तक आयकर रिटर्न रिकॉर्ड 8.18 करोड़ के स्तर को पार कर चुका है। जहां पिछले आठ वर्षों में आयकर रिटर्न भरने वाले दोगुने हुए हैं, वहीं आय की असमानता में भी कमी आई है। वित्त वर्ष 2014-22 के दौरान व्यक्तिगत आय असमानता 0.472 प्रतिशत से घटकर 0.402 प्रतिशत हो गई है। इस दौरान 3.5 लाख रुपए के कम आय वाले समूह से 36.3 फीसदी लोग उच्च आय वाले समूह में शामिल हो गए हैं। निःसंदेह वित्तमंत्री के मुट्ठियों में देश में कर सुधारों से आयकरदाताओं और आयकर संग्रहण के साथ-साथ जीएसटी में लक्ष्य से भी अधिक वृद्धि की बड़ी अनुकूलताएं है। इसके अलावा वित्तमंत्री के पास कुछ और अनुकूलताएं भी हैं, जिनके मद्देनजर वे उपयुक्त जरूरी राहत दे सकती हैं। इस वित्त वर्ष 2023-24 में वित्तमंत्री सीतारमण वित्तीय अनुशासन का पालन करते हुए वे अब तक राजकोषीय घाटे को बजट लक्ष्य के मुताबिक जीडीपी के 5.9 तक नियंत्रित रखते हुए सफलतापूर्वक आगे बढ़ी हैं। यह बात भी स्पष्ट रूप से उभरकर दिखाई दे रही है कि पिछले लोकसभा चुनाव के पहले 2019 के अंतरिम बजट में किसान सम्मान निधि व आयकर राहत देने के लिए जरूरी प्रावधान किए गए थे। चूंकि पिछले माह दिसंबर में राज्यों के उत्साहजनक चुनावी नतीजों में कल्याणकारी योजनाओं की भूमिका अहम मानी गई है, इसे ध्यान में रखते हुए वित्तमंत्री आमजन के हितार्थ कुछ महत्वपूर्ण सामाजिक और आर्थिक कल्याण की योजनाओं के साथ-साथ छोटे आयकरदाताओं और मध्यम वर्ग को राहत देने के लिए कुछ जरूरी प्रावधान कर सकती हैं। नए अंतरिम बजट में छोटे आयकरदाताओं व मध्यम वर्ग को कुछ राहत दी जा सकती है। बजट में किफायती आवासों के लोन पर ब्याज पर सब्सिडी बढ़ सकती है। नई मैन्युक्चरिंग यूनिट के लिए आयकर छूट की सीमा बढ़ सकती है। किसानों और महिलाओं के लिए अंतरिम बजट में बड़े ऐलान हो सकते हैं। किसान सम्मान निधि बढ़ाई जा सकती है। नए बजट में राजकोषीय घाटा और विनिवेश लक्ष्य कम हो सकता है। विनिवेश लक्ष्य 50 हजार करोड़ रुपए से नीचे रखा जा सकता है। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) को प्रोत्साहनमूलक राहत दी जा सकती है। जहां विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने और रोजगार के अवसरों में बढ़ोतरी करने के लिए सरकार नए अंतरिम बजट से पीएलआई योजना का दायरा बढ़ाते हुए इसे कपड़ा और हस्तशिल्प जैसे क्षेत्रों तक विस्तृत कर सकती है, वहीं रियल एस्टेट सेक्टर को भी प्रोत्साहनमूलक राहत दे सकती है। नए अंतरिम बजट में देश में डिजिटल क्रांति को बढ़ाने से संबंधित मोबाइल सेवा प्रदाताओं सहित विभिन्न उत्पादों, बुनियादी ढांचा क्षेत्र के लिए अधिक पूंजीगत व्यय के प्रावधान भी दिखाई दे सकते हैं।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## फाईलेरिया की दवा हर व्यक्ति को खिलाना है फाईलेरिया रोग मुक्त समाज बनाना है : सुधीर मंगलेश

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रामगढ़ :** दुलमी प्रखंड सभागार में फाईलेरिया अन्मूलन हेतु सर्वजन दवा सेवन कार्यकम (एमडीए) के नामित जन जागरूकता कार्यकम को लेकर बैठक आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता दुलमी बीडीओ सुनिल प्रजापति ने किया बैठक में मुख्य रूप से दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश प्रमुख रेणू देवी सीओ मदन महली डॉ मिहिर कुमारप्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक जयप्रकाश राम डॉ अकमल अंसारी डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर राजन कुमार ठाकुर। फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम 10 फरवरी से चलेगा। 10 फरवरी को लोगों को बूथ में फाईलेरिया रोधी दवा का सेवन कराया जायेगा व 25 फरवरी तक डोर टू डोर जाकर दवा खिलाई जाएगी।साथ ही कुष्ठ रोग को लेकर 31 जनवरी से 13 फरवरी तक दवा खिलाया जायेगा?। बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि अभियान के दौरान तीन प्रकार की दवा का सेवन करना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि फाईलेरिया की दवा खाली पेट में नहीं खानी है। वहीं गर्भवती महिलाओं, दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गंभीर रुप से बीमार व्यक्तियों को भी फाईलेरिया की दवा नहीं खिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि अभियान को सफल बनाने के लिए प्रखंड के स्कूलों में जागरुकता अभियान चलाया जाए। इसके अलावे जनप्रतिनिधियों सहित अन्य प्रमुख लोगों से संपर्क कर अभियान की जानकारी देते हुए अभियान की सफलता के लिए सहयोग की अपील की जा रही है। सभी के आपसी समन्वय से ही अभियान सफल होगा। अभियान के दौरान सभी लोगों को अपने सामने ही दवा का सेवन कराने की भी अपील की। कुष्ठ रोग को रोकथाम को लेकर लेकर शपथ दिलाया गया। मौके पर मुखिया उर्मिला देवी रंजू देवी परमेश्वर पटेल राजू कुमार मेहता रविंद्र कुमार महतो चुडगी देवी हैदर अली पंचायत सेवक बासुदेव महतो ममता कुमारी प्रकाश चटर्जी बबलू कुमार आतिफ कमर धोराई शिक्षा विभाग से मिथलेश कुमार रोजगार सेवक रामकुमार सिन्हा अर्जुन कुमार देवानंद कुमार देवनंदन चौधरी रामरतन पांडे मुरेश चौधरी सुधीर कुमार शेर बहादुर शाह आदि।

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोविंदपुर मांडू में मुखिया द्वारा जिम का सामान उपलब्ध कराया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोविंदपुर मांडू में शारीरिक स्वास्थ्य और मानसिक विकास के लिए मांडू चट्टी मुखिया अनीता देवी के सौजन्य से जिम संसाधन उपलब्ध करा दिए गया । इसका विधिवत्त उद्घाटन फीता काटकर मांडू चट्टी मुखिया अनीता देवी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी मांडू विजय राम उपस्थित हुए प्रधानाध्यापक डॉ सुनील कुमार कश्यप संयुक्त रूप से फीता काटकर इसका विधिवत उद्घाटन किया गया इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में विजय राम ने कहा कि पढ़ाई लिखाई के साथ-साथ खेलकूद भी विद्यालयों में होना बहुत जरूरी है शरीर को तंदुरुस्त और मजबूत बनाने के लिए जिम एक सशक्त साधन है मुखिया द्वारा उपलब्ध कराया गया है या निश्चित ही प्रशंसनीय अभिनंदनीय है बच्चे इसका लाभ लेंगे और पूरे मनोयोग से पढ़ेंगे अनीता देवी ने उद्घाटन के अवसर पर कहा कि विद्यालय में जो यह संसाधन मेरे द्वारा उपलब्ध करा दिया गया है बच्चे शरीर को तंदुरुस्त



रखेंगे तभी इनको पढ़ने में मन लगेगा हमसे जितना भी सहयोग हो सकेगा भविष्य में विद्यालय को संसाधन दिलाने में सहयोग करते रहेंगे प्रधानाध्यापक डॉक्टर कश्यप ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि निश्चित रूप से मुखिया के द्वारा विद्यालय पर काफी ध्यान दिया जा रहा है इस अवसर पर मुखिया प्रतिनिधि समाजसेवी बालेश्वर भुइयाँ विद्यालय के अध्यक्ष युगेश्वर भुइयाँ बीपीओ अहिया इस्लाम सहायक अध्यापक शारदानंद शर्मा गौतम कुमार गुप्ता जेठुलाल मांझी और काफी संख्या में विद्यालय परिवार के साथ बाल संसद के छात्र-छात्राएं भी उपस्थित रहे।

## उरीमारी के मांझी हडाम जीतराम मांझी का निधन, शोक

(प्रभात मंत्र संवाददाता)

**उरीमारी :** उरीमारी बस्ती के मांझी हडाम जीतराम मांझी उम्र 63 वर्ष का बिते सोमवार को अपने आवास पर ह्रदय गति रुकने की वजह से निधन हो गया। वहीं जीतराम मांझी अपने पीछे चार पुत्र व तीन पुत्री सहित भरा पुरा परिवार छोड़कर गए हैं। वहीं मंगलवार को उन्हें पहाड़ी शिव मंदिर के पीछे दुला नाला टाड में मिट्टी दी गई। मिट्टी बड़े पुत्र राजू पावरीया ने दिया। साथ ही मिट्टी देने वालो में मोहन पावरिया, डुमका पावरीया,सोधन पावरीया, सुखदेव पावरीया, लालजी पावरीया, शुखू मांझी, बड़ाई मांझी, महादेव बेसरा, कानू मरांडी, कार्तिक मांझी, दिनेश करमाली, तालो हांसदा, शिकारी टुडू, जुगल करमाली, कृष्णा सोरेन, संतोष प्रजापति, राजू हंसदा, कमलेश पावरीया, सुरेन्द्र हंसदा, विजय हंसदा आदि लोग मौजूद थे।

## डोजरिंग हुए तीन अवैध कोयला खनन स्थलों से मिट्टी हटाने की सूचना पर हुई कार्रवाई, चला पेलोडर

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना रामगढ़ क्षेत्र के अरगड्डा- सिरका पड़ारूनाला अवैध खनन स्थलों पर बुधवार को दूसरे दिन डोजरिंग हुए तीन अवैध मुहानो से मिट्टी हटाने की सूचना पर सुरक्षा विभाग सिरका उक्त स्थल पर पहुंचा। यहां अवैध खनन में लगे लोगों के साथ सुरक्षा विभाग, माईनिंग कर्मचारियों की जुबानी भिड़ंत हुई। खबर देने के बाद रामगढ़ पुलिस बल मौके पर पहुंचा। इससे पूर्व जुबानी जंग लड़ रहे अवैध खनन करवाने वाले मौके से निकल गए। इस संबंध में सुरक्षा सिरका प्रभारी राजू राम ने बताया कि बीते दिन तीन अवैध कोयला मुहान को बंद किया गया था, लेकिन पुनः इसे खोलने की प्रक्रिया की जा रही थी, जिसे लेकर तीन सुरंगो और एक खुदाई करने के आरंभ स्थल को पेलोडर द्वारा मिट्टी डालकर बंद करवाया गया हैं। मौके पर सुरक्षा सिरका इंस्पेक्टर सह प्रभारी राजू राम, ओवरमैन संतोष सिंह, पुलिस एएसआई ममता, हवलदार गंगा राम,ऑपरेटर कंचन, जगनारायण बेदिया, पुलिस व होमगार्ड के जवान उपस्थित थे।

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत : उपायुक्त

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 76वीं पुण्यतिथि एवं शहीद दिवस के अवसर पर मंगलवार को जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार ने रामगढ़ शहर अंतर्गत थाना चौक स्थित मुक्तिधाम में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मौके पर उपायुक्त चंदन कुमार ने सभी जिले वासियों से महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर देश की आजादी में महात्मा गांधी के महत्वपूर्ण योगदान को स्मरण करने एवं उनके आदर्शों को अपने जीवन में शामिल करने के अपील की वही उपायुक्त ने सभी से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी द्वारा लिखी गई पुस्तक माय एक्सपेरिमेंट विद ट्रुथ को पढ़ने एवं पुस्तक से प्रेरणा लेने की भी अपील की। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 76वीं पुण्यतिथि एवं शहीद दिवस के अवसर पर समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार, उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो सहित अन्य वरीय अधिकारियों, अधिकारियों एवं कर्मियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए वहीं शहीद दिवस के अवसर पर देश की आजादी में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में सभी ने समाहरणालय सभाकक्ष में 2 मिनट का मौन रखा।



## सम्पूर्ण विश्व को सत्य और अहिंसा का मार्ग दिखाने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी को कभी भुलाया नहीं जा सकता : सुनिता चौधरी

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** 30 जनवरी 2024 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि दामोदर घाट स्थित बापू के समाधि स्थल पर आजसू पार्टी रामगढ़ परिवार द्वारा पुण्य तिथि पुष्पांजलि व प्रार्थना के साथ मनाई गई द्य इसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सुनिता चौधरी रामगढ़ विधानसभा ने सर्वप्रथम था। थाना चौक स्थित महात्मा गांधी के अदमकाद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया ओर समाधी स्थल पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की । मौके पर विधायक सुनिता चौधरी ने संबोधित करते हुए कहा कि संपूर्ण विश्व को सत्य और अहिंसा का मार्ग दिखाने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की को पुण्यतिथि पर कोटि-कोटि नमन है, उनके योगदान को कभी भूलाया नहीं जा सकता है । इस मौके पर विधायक सुनिता चौधरी के साथ जिला परिषद सदस्य धनेश्वर महतो, आजसू पार्टी रामगढ़ नगर सचिव नीरज मंडल, जिला उपाध्यक्ष पवन करमाली, ओबीसी नगर अध्यक्ष रोहित सोनी, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष अनुपमा सिंह, छात्र मोर्चा नगर अध्यक्ष अंकित अग्रवाल, ओबीसी मोर्चा सचिव आकाश यादव, वार्ड नं 2 प्रभारी राकेश सिन्हा, कैलाश रजक, मोहमद गुलजार, नंदू महतो, छोटू पटेल सहित कई कार्यकर्ता मौजूद हुए ।



संक्षिप्त खबरें

## थाना परिसर में महात्मा गांधी का मनाया गया पुण्यतिथि



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्धौर :** थाना परिसर में थाना प्रभारी गुलाम सरवर के अध्यक्षता में महात्मा गांधी का पुण्य तिथि 30 जनवरी को मनाया। जहां थाना के सशस्त्र बल के जवान उपस्थित थे साथ ही साथ दो मिनट का मौन भी रखा गया।

## उपायुक्त अबु इमरान जनता दरबार के माध्यम से रूबरू हुए आमजनों की समस्याओं से

प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष व कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान द्वारा जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी गई।जनता दरबार में सिमरिया प्रखंड के बानासाड़ी पंचायत के रहने वाले जनता ने बताया कि ग्राम कुट्टी में लगभग 80 त्र आदिवासी परिवार रहते हैं। इस ग्राम में आंगनवाड़ी केंद्र नहीं है। यहां पर एक प्राथमिक विद्यालय की स्थापना की गई थी। पर वह भी राजकीय प्राथमिकी विद्यालय सिमरिया में मर्ज हो गया है। यहां के ग्रामीण आंगनवाड़ी केंद्र नहीं होने के कारण इसका लाभ नहीं ले पा रहे हैं। जिससे गांव के बच्चे को कुपोषण का उपचार नहीं हो पा रहा है और ना ही शिक्षा मिल पा रहा है। इसपर उपायुक्त ने आवेदन का



अवलोकन करते हुए नियमानुसार कार्रवाई करने की बात कही। वहीं दूसरे मामले में हंटरगंज के रहने वाले सीख समुदाय के लोगों ने उपायुक्त से मिल आवेदन के माध्यम से डुमरिकला में हो रहे समुदाय भवन निर्माण कार्य को लेकर जांच कराने हेतु अनुरोध किया। इसपर उपायुक्त ने अस्वस्त करते हुए कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी। इसी प्रकार अबुआ आवास, स्वास्थ्य विभाग, राशन कार्ड, भूमि विवाद से संबंधित समेत अन्य मामले शामिल है। उपायुक्त ने एक एक कर मिलने आए सभी आमजनों के समस्याओं से जुड़े आवेदनों का अवलोकन कर जल्द से जल्द मामले का निष्पादन करने का भरोसा आमजनों को दिया। ज्ञात हो कि सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार और शनिवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे से 01:00 बजे अपराह्न तक समाहरणालय में उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन उनका निराकरण किया जाता है।

## एसडीओ एवं अंचल अधिकारी के जांच के बावजूद भी धड़ल्ले से घर निर्माण जारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** प्रखण्ड सह अंचल क्षेत्र के मौजा बकचौमा के खाता 2 पलौट 76/77 रकबा 55 एकड़ ग़ैरमजुरूआ भूमि पर घर निर्माण जारी है। जबकि तेजतरार अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज का उक्त भूमि पर कब्जे को लेकर बिल्कुल सख्त हैं। वहीं एसडीओ के निर्देशानुसार अंचलाधिकारी धर्मेंद्र कुमार दुबे ने अपने दल बल के साथ उक्त खाता पलौट की भूमि की निरक्षण किया था। जहां उक्त भूमि पर कई लोग फर्जी कागजात के साथ अपना कब्जा जमाते हुए घर मकान निर्माण कर रहें हैं। जिसे लेकर अंचलाधिकारी ने सभी कब्जा धारियों को नोटिस जारी कर अपना मूल कागजात अंचल कार्यालय में जमा करने का निर्देश दिया था। साथ हीं उक्त भूमि पर किसी प्रकार का निर्माण कार्य पर पाबंदी लगाई गई है। किन्तु पाबन्दी के बावजूद भी बाबा



पेट्रोल पंप के बाउंड्री के बगल में घर निर्माण जारी है। आखिर नोटिस और निर्माण कार्य पर रोक के होने के बावजूद भी किसके इशारे पर धड़ल्ले से निर्माण कार्य किया जा रहा है। यह एक अनसुलझी सवाल है। बता दें कि सिमरिया अनुमण्डल मुख्यालय क्षेत्र के करीब उपकारा जेल बनाया जाना है। जिसे लेकर पर्याप्त भूमि की आवश्यकता अंचल को है। अंचल कार्यालय द्वारा उपकारा जेल के लिए अभी तक पर्याप्त भूमि नहीं सौपी गयी है जिसके कारण अभी तक उपकारा जेल का रूप रेखा तैयार नहीं हो पा रही है। हालांकि उपकारा जेल के लिए उक्त खाता 2 पलौट 76/77 रकबा 55 एकड़ भूमि पर्याप्त है। अनुमण्डल क्षेत्र के उक्त भूमि पर उपकारा जेल बनने से करीब 2 से 3 सौ लोगों को रोजगार मिलेगा वहीं चौक दुकानदारों की बिक्री में इजाफा होगा।

## गांव गांव में जाकर लोन देकर गरीब असहाय लोगों को बनाया जा रहा है गुलाम

पुंडरा गांव में लोन को लेकर दो लोगों के बीच जमीन पर हुई पटका पटकी

5 हजार लोन की जगह उगाही जाती है 7 हजार

गांव गांव में लोन की प्रक्रिया में बैंकों पर पड़ा असर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** प्रखण्ड के पुंडरा गांव में विधायक मद से बनाये गए सामुदायिक भवन में इन दिनों लोन बैंक धड़ल्ले से चलाया जा रहा है। यह लोन देने वाला कहां का है और लोन देने की क्या सरकारी अहर्ता है इसके बारे में किसी को कोई पता नहीं। सुबह 12 बजे आज पुनः लोन देने वाला राजेश कुमार ने उक्त विधायक द्वारा दिया गया सामुदायिक भवन में पहुंचा था जहां लोन लेने वालों की भीड़ जमा हो गयी। इसी बीच लोन के बदले ज्यादा रुपये वसूली को लेकर राजेश से झड़प हो गयी जहां दो युवक आपस में भीड़ गए और जमीन पर पटका पटकी शुरू हो गया। गांव गांव में लोन देने और लेने की प्रक्रिया ने लोगों को गुलामी की ओर ले जाया जा रहा है और लोगों को गुलाम बनाया जा रहा है। इन ठगों के चक्कर में एसबीआई और बैंक ऑफ इंडिया बैंक भी काफी प्रभावित हो रहा है। साथ हीं लोन देने वालों द्वारा गरीब लोगों से लोन के बदले एक मोटी रकम की वसूली की जा रही है। लोन देने वाला 20 या 30 हजार का लोन देता है इसके बदले प्रति सप्ताह ज्यादा रुपये की वसूली करते रहता है। हालांकि लोगों को यह आसान समझ में आ रहा है किंतु एक दिन गुलामी के शिकंजे में जकड़ जाएंगे।

## मुखिया एवं पंचायत सचिव के विरोध में पंचायत समिति व वार्ड सदस्यों ने खोला मोर्चा

### पंचायत सचिव को अभिलंब पंचायत से हटाने का कर रहे है मांग

प्रभात मंत्र संवाददाता

**टंडवा :** प्रखंड अंतर्गत पंचायत पोकला उर्फ कसियाडीह के पंचायत समिति सदस्य समेत पंचायत के वार्ड सदस्यों ने मुखिया सरिता कुमारी एवं पंचायत सचिव पुनीत कुमार दास के विरुद्ध में मंगलवार को टंडवा प्रखंड परिसर में एकदिवसीय धरना पर बैठे। धरना के माध्यम से प्रखंड विकास पदाधिकारी टंडवा को सौंपे गए आवेदन में कहा है कि, पंचायत की मुखिया सरिता कुमारी एवम् पंचायत सचिव के द्वारा पंचायती राज अधिनियम एवं उसके नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। साथ ही मुखिया एवं पंचायत सचिव के द्वारा आपसी तालमेल करके पंचायत के विभिन्न जनकल्याणकारी एवम् विकासकारी योजनाओं का



क्रियान्वयन गुपचुप तरीके से किया जाता आ रहा है। धरना पर बैठे वार्ड सदस्यों ने बताया कि पंचायत के विभिन्न योजनाओं का समीक्षा तथा विभिन्न विभागों की कार्यों की समीक्षा के लिए आज तक मात्र एक बार कार्यकारिणी की बैठक बुलाई गई है। आगे उन्होंने बताया कि पंचायत सचिवालय में अभी तक ना ही समिति का गठन किया गया है, और ना ही अगली बैठक बुलाई गई है धरने पर बैठे सभी जनप्रतिनिधियों ने एक स्वर में बताया कि अबुआ आवास में लाभुकों का चयन को लेकर मुखिया एवं पंचायत सचिव के द्वारा घोर अनियमिता बरती गई है। क्योंकि सरकार के द्वारा दिए गए निर्देश का पालन न करते हुए पंचायत समिति सदस्य एवं वार्ड सदस्यों को अबुआ आवास में लाभुकों का चयन प्रक्रिया से वंचित रखा गया है। पंचायत के योग्य लाभुकों को आवास ना देकर मुखिया एवं पंचायत सचिव के द्वारा अवैध रूप से अयोग्य लाभुकों का चयन किया गया है। इन सभी कारणों से नाराज होकर पंचायत के सभी जनप्रतिनिधियों ने मुखिया एवं पंचायत सचिव के विरोध में एकदिवसीय धरना दिया। पंचायत समिति सदस्य राजेश चौधरी ने कहा कि अगर पंचायत सचिव को अभिलंब हटाया नहीं गया तो एक निश्चित तौर पर उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य राजेश चौधरी के साथ वार्ड सदस्य गोकुल नारायण दास, रिंकी देवी, प्रेम कुमार, राधिका देवी, बसंती देवी, सेमी कुमारी, नजमीन बेगम, सहित कई लोग उपस्थित थे।

## हाईवा वाहन मालिकों का मांग चौथे दिन भी रहा बेनतीजा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टंडवा :** हाईवा वाहन मालिकों द्वारा ट्रांसपोर्टिंग कंपनियों से भाड़ा वृद्धि की मांग को लेकर आयोजित धरना आज चौथे दिन भी रहा यथावत। टंडवा ब्लॉक के समीप बैठे हाईवा मालिकों के बीच ट्रांसपोर्टिंग कंपनियों समेत एनटीपीसी प्रबंधन के अधिकारी व कई जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में हुई कई दौर का वार्ता बेनतीजा। प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रांसपोर्टिंग कंपनी पीएनएम, ऋत्विक, प्रगति के प्रतिनिधि समेत एनटीपीसी प्रबंधन के अधिकारी व विधायक किशुन कुमार दास तथा झामुमो के मनोज चंद्रा धरनास्थल पर वाहन मालिकों के बीच वार्ता के लिए पहुंचे। जहां ट्रांसपोर्टिंग कंपनियों ने भाड़ा वृद्धि संबंधित निर्णय लेने के लिए संघ से मांगी गई 10 दिनों के मोहलत को एक स्वर में सिरे से खारिज कर दिया।

# लातेहार की खबरें

## जन संवाद के तहत जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** चंदवा प्रखंड के माल्हन पंचायत अंतर्गत ग्राम देवनदिया में माल्हन पंचायत मुखिया जतरू कुमार मुंडा की अध्यक्षता में धनबाद रेल मंडल के निर्देशानुसार रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट टोरी के द्वारा जन संवाद के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जन संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक कुमार के द्वारा विभिन्न प्रकार के रोजगार के विषय को लेकर ग्रामीणों के बीच चर्चा किया गया और कहा कि रेलवे संपत्ति की सुरक्षा हर नागरिक का कर्तव्य है। उपस्थित सभी अभिभावकों को बच्चों को शिक्षा को बढ़ावा देने की बात कही और उन्होंने सरकारी द्वारा चल रही महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जानकारी भी दिया। माल्हन मुखिया जतरु कुमार मुंडा ने कहा कि इस प्रकार के जन संवाद कार्यक्रम से ग्रामीणों के बीच जागरूकता बढ़ती है। उन्होंने रेलवे सुरक्षा बल के द्वारा चलाये जा रहे इस कार्यक्रम की सराहना की। मौके पर आरपीएफ के राय कुमार, शशि कुमार समेत शिवारती लोहरा, गंगाधर तुरी, एतवा तुरी, मालती देवी,रेणु देवी, रेशमी देवी, मानो देवी, गनु मुंडा, गोबिंद मुंडा, ननका तुरी, रोहित मुंडा, फुलदेव मुंडा, धनेशर मुंडा समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

## भाड़ा भुगतान नही हुआ तो 2 फरवरी से अनिश्चितकालीन धरना देंगे ट्रक ऑनर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में सीसीएल द्वारा संचालित तेतरियाखांड कोलियरी में मंगलवार को बालूमाथ एवं बसिया के ट्रक मालिकों की एक संयुक्त बैठक हुई ।बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जिन डीओ होल्डर द्वारा तय भाड़ा का भुगतान कई दिन बीत जाने के बाद भी ट्रक मालिक को नहीं किया गया है ।अगर ऐसे डीओ होल्डर आगामी 2 फरवरी तक भाड़ा का भुगतान नहीं करेंगे तो ट्रक मालिक कोलियरी में अनिश्चितकालीन धरना देंगे। वही आज बुधवार को शाम 6:00 बजे बालूमाथ स्थित मुरपा मोड़ से सीसीएल कार्यालय तक सीसीएल और पीएनएम कंपनी की मनमानी के विरोध में ट्रक मालिकों द्वारा मशाल जुलूस निकाला जाएगा ।जानकारी देते



हुए बालूमाथ ट्रक ऑनर ऐशो. संजीव सिन्हा ने कहा कि पूर्व में बालूमाथ साइडिंग समेत कई अन्य जगहों का भाड़ा बकाया है ।इसको लेकर पूर्व में हुई बैठक में निर्णय लिया गया था कि ट्रक मालिको का भाड़ा बकाया रखने वाले डीओ होल्डर एवं निर्धारित भाड़ा नहीं देने वाले डीओ होल्डर के कोयला उठाव नही होगा । लेकिन सीसीएल की मिलीभगत से सोमवार को बालूमाथ साइडिंग का ट्रकों का प्रवेश कोलियरी में करवा दिया गया। वहीं विस्थापित नेता बिहारी यादव, संजय यादव, काली यादव, संतोष यादव ने कहा कि कोलियरी में ओबी एवं कोयला रेजिंग का कार्य कर रहे पीएनएम कम्पनी द्वारा सेल के कोयला को प्रभावित करने के लिए ओबी में फेकने लायक पत्थर कोयला को रेजिंग के नाम पर दे रहा है ।कम्पनी को सीसीएल द्वारा नियम के विरुद्ध ट्रांसपोटिंग का भी काम दे दिया गया है । सीसीएल और कंपनी अगर अपने रवैया पर सुधार नहीं लाती है तो ट्रक मालिक का अनिश्चित कालीन हड़ताल करेंगे ।जिसकी जवाबदेही सीसीएल की होगी ।आगे उन्होंने बताया की पीएनएम कंपनी कई जगहों पर भी पहले भी ट्रक मालिकों का पैसा हड़प चुकी है ऐसी सूचना है । मौके पर ट्रक मालिकों ने पीएनएम कंपनी होश में आओ ट्रक मालिकों का शोषण करना बंद करो सीसीएल जीएम, पीओ के विरुद्ध नारे लगाए। मौके पर तिवारी यादव, रोशन यादव, कुलदीप यादव, जितेंद्र तुरी, सुरेश यादव, मोनू कुमार, तिलकधारी साव, मोहन यादव, कमलेश सिंह, मो.शमीम, चुरामन साव, रविंद्र साव, उदय साव, अजय चौधरी, प्रकाश यादव, मो,कबीर, दीपांशु, मुख्तार आलम, मो. सद्दाम, गोविंद यादव, कुलदीप यादव, उमेश यादव, अजय चौधरी, नीरज कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे।

## आवासीय विद्यालय प्रांगन में महात्मा गांधी के प्रतिमा का लोकार्पण कर श्रधांजलि प्रकट की गई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** 30 जनवरी को कार्यकारिणी समिति के सभापति सन्तोष उराँव एवं विद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रसाद पासवान के द्वारा संयुक्त रूप से नेतरहाट आवासीय विद्यालय प्रांगण में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के प्रतिमा का लोकार्पण कर सच्ची श्रधांजलि व्यक्त किया गया। लोकार्पण के उपरांत सभापति सन्तोष उराँव के द्वारा विद्यालय परिवार को सम्बोधित करते हुए बताया कि विद्यालय की स्थापना के मूलभूत उद्देश्यों में महात्मा गाँधी के विचारों को ही मुख्य रूप प्राथमिकता दी गई थी अतएव आज उनके प्रतिमा को स्थापित करना ही उनके प्रति सच्ची श्रधांजलि है। डॉ प्रसाद पासवान ने बताया कि विद्यालय में राष्ट्रपिता के प्रतिमा को स्थापित करने से बच्चों को उनके विचारों को आत्मसात करने में सहायता मिलेगी। लोकार्पण के समय विद्यालय के समस्त शिक्षक, प्रशिक्षक, प्रशासी पदाधिकारी के अलावा समस्त विद्यालय कर्मी उपस्थित रहें।

## 30 जनवरी से 13 फरवरी तक चलेगा कुष्ठ जागरूकता अभियान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** 30 जनवरी को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के पुण्य तिथि के अवसर पर सदर अस्पताल के परिसर में आयोजित कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ अवधेश सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रपिता महत्मा गांधी के चित्र पर माल्यापर्ण कर श्रद्धाजलि देते हुए नमन किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सिविल सर्जन ने कहा कि कुष्ठ उन्मूलन के लिए दिनांक 30 जनवरी से 13 फरवरी तक कुष्ठ जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। जागरूकता अभियान के माध्यम से लोगों को कुष्ट रोग के लक्षण एवं ईलाज के बारे जानकारी दी जाएगी द्य उन्होंने कार्यक्रम में कुष्ट रोग के लक्षणों के बारे जानकारी देते हुवे कहा यदि किसी व्यक्ति के शरीर में कुष्ट रोग के



लक्षण हों तो वे उसे छुपाये नहीं बल्कि नजदीकी अस्पताल में जाकर जाँच करवाएं। कुष्ठ लाइलाज बीमारी नहीं है, ससमय इसका इलाज कराया जाए तो यह पूर्ण रूप से ठीक हो जाता है। उन्होंने कहा कि जागरूकता से कुष्ठ समाप्त होगा। जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ शोभना टोप्पो ने कुष्ठ रोगी अभियान के विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि शरीर में दाग और उस दाग में सूनापन होना कुष्ठ रोग का लक्षण है। शरीर में ऐसे लक्षण होने पर अविलम्ब डॉक्टर से जाँच करवाएं। दवा खाने से कुष्ठ रोग पूरी तरह से ठीक हो जाता है।मौके पर जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ शोभना टोपनो, डॉक्टर राजेश समेत , स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक एवं कर्मी उपस्थित थे।

## लातेहार में हेलमेट व सिट बेल्ट को लेकर चलाया गया जागरूकता अभियान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** यातायात नियमों के उलंघन करने वाले चालकों को धर्मपुर मोड़ के पास गुलाब फूल एवम फूल के माला पहना कर उन्हें जागरूकता अभियान चलाया गया जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेन्द्र कुमार एवम प्रशिक्षु आई पी एस ललित मीणा के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा माह के सोलवाँ दिन लातेहार थाना क्षेत्र में यातायात के नियम का उलंघन करने वाले वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए गांधीगीरी के तर्ज पर दुपहिया वाहन चालकों में बगैर हेलमेट एवं चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट नहीं लगाने वाले लोगों को फुल की माला पहना कर उन्हें यातायात नियमों के पालन करने का आग्रह किया गया। वैसे वाहन चालक जो हेलमेट पहने हुए थे और सीट बेल्ट लगाकर चार पहिया वाहन चला रहे थे। उन्हें गुलाब का फुल देकर जागरुक किया गया। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान लातेहर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार, सड़क सुरक्षा टीम और ज़िला परिवहन कार्यालय के कर्मी शामिल थे।

## भाजपा का गांव चलो अभियान को लेकर हुई बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरवाडीह :** बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत छिपादोहर मंडल में गांव चलो अभियान के तहत मंडल अध्यक्ष बैठक मुन्द्रिका सिंह की अध्यक्षता में सांसद प्रतिनिधि अजय सोनी के आवास पर आयोजित किया गया । मंच संचालन भाजपा मंडल महामंत्री मुन्ना गुप्ता ने किया कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया । जहां कार्यक्रम गांव चलो अभियान को लेकर मंडल के प्रभारी अवधेश सिंह चेरो के द्वारा मंडल संयोजक का विस्तार किया गया जिसमें मंडल संयोजक मुन्ना गुप्ता , सहसंयोजक अजय सोनी एवं बृजमोहन सिंह को बनाया गया । मौके पर भाजयुमो जिला मंत्रीअजय प्रसाद के द्वारा गांव चलो अभियान के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई, साथ ही 34 गांव एवं 30 बूथ पर प्रवासी प्रभारी नियुक्त किया गया गांव चलो अभियान कार्यक्रम 4 फरवरी से 11 फरवरी तक चलाया जाएगा । मौके



पर अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष जाकिर अंसारी, चंद्रदीप सिंह, लालमन उरांव, अनिल राम, सुंदर सिंह, अलीमुद्दीन अंसारी समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। **इस कार्यक्रम में उपस्थित :** गांव चलो अभियान के मंडल प्रभारी श्री अवधेश सिंह चेरो भाजपा मंडल अध्यक्ष श्री मुंद्रिका सिंह भाजपा मंडल महामंत्री श्री मुन्ना गुप्ता सांसद प्रतिनिधि श्री अजय सोनी भाजयुमो जिला मंत्री श्री अजय प्रसाद भाजपा मंडल उपाध्यक्ष श्री अशोक यादव मंडल मंत्री सोती प्रसादभाजयुमो मंडल अध्यक्ष बृजमोहन सिंह महामंत्री श्री चंद्रदीप सिंह किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष श्री लालमन उरांव अल्पसंख्यक मोर्चा मंडल अध्यक्ष जाकिर अंसारी किसान मोर्चा मंडल महामंत्री अनिल राम श्री जलेश्वर राम श्री पुटुन दयाल सिंह हरेंद्र प्रसाद अवधेश सिंह श्री गुड्डू कुमार सिंह श्री देव लाल यादव श्री सुंदर सिंह मोजरूद्दीन अंसारी अलमुद्दीन अंसारी अंसारी सुमित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### लोकसभा चुनाव के लिए जेबीकेएसएस के बरही विधानसभा प्रभारी बने बड़कागांव के राकेश मेहता

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जेबीकेएसएस के द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 के लिए हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के 5 विधनसभा मे पर्यवेक्षक और प्रभारी नियुक्त किया गया है। जेबीकेएसएस के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो के द्वारा बड़कागांव निवासी राकेश मेहता के मेहनत और संघर्ष को देखते हुए केंद्रीय संगठन मंत्री के बाद बरही विधानसभा का प्रभारी बनाया गया है। राकेश मेहता ने कहा कि बरही विधानसभा प्रभारी बनाने के लिए जेबीकेएसएस के केन्द्रीय अध्यक्ष जयराम महतो का दिल से आभार व्यक्त करता हूं। संगठन के लिए तन मन धन से दिन रात समर्पित रह कर झारखण्ड को स्वाभिमान दिलाने मे सहयोग करूंगा।



### रिंकू कुमार बने जवाहर बाल मंच के अध्यक्ष, शैलेंद्र यादव नें दी बधाई



**दारू(प्रभात मंत्र संवाददाता):**रिंकू कुमार जवाहर बाल मंच के जिला अध्यक्ष तथा गोलू यादव , अरविंद कुमार, अमीत कुमार, इमरान अंसारी, आरती देवी, प्रदीप कुमार को जिला संयोजक बनाए जाने पर जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने इनहें बधाई देते हुए इनकी भविष्य उज्जवल की कामना की है ।हज़ारीबाग् जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में एक सादे स्वागत समारोह में नवनियुक्त पदाधिकारियों को माला पहना कर स्वागत किया गया । मौके पर जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान, बिनोद सिंह, अजय गुप्ता, सलीम रजा,कृष्णदेव प्रसाद सिंह, गुड्डु सिंह, दिलीप कुमार रवि, तसलीम अंसारी, राशिद खान, सदरूल होदा, नरसिंह प्रजापति, गालिब अहमद, विजय कुमार सिंह के अतिरिक्त कई कांग्रेसियों ने हर्ष व्यक्त किया है ।

### विवेकानंद सिंह को जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर भाजपाइयों ने दिया बधाई

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हजारीबाग जिला के भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह को बनाए जाने पर बरही के भाजपाइयों ने बधाई दी है।वहीं कहा की मुझे पूर्ण आशा और विश्वास है कि भाजपा का संगठन और मजबूत होगा और इनका कार्यकाल सुनहरा रहेगा। वहीं बरही भाजपा के वरिष्ठ नेता अंबिका सिंह, सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साहू, डोमन पांडेय, सांसद प्रतिनिधि संजीव कतरियार, गणेश यादव, मंडल अध्यक्ष अमित साहू, बंधन यादव, महामंत्री प्रमोद सिंह, संजय सिंह, उपाध्यक्ष नवल किशोर सिंह, गोविंद साहू मुखिया, लक्ष्मी सिंह, दिलीप गुप्ता, उपेंद्र नारायण सिंह, रविंद्र सिंह, पप्पू चंद्रवंशी, रंजीत कुमार, नंदलाल कुशवाहा, समेत बरही मंडल के सभी भाजपा कार्यकर्ता शामिल है।

### समानता और स्वतंत्रता के संघर्ष की याद दिलाता है शहीद दिवस : आयुक्त

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):**उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय में भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में शहीद दिवस पर पूर्वाहन 11 बजे 2 मिनट का मौन धारण किया गया। प्रमंडलीय आयुक्त सुमन कैथरीन किस्पोट्टा संग सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों ने मौन धारण कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित किया। मौके पर आयुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि यह दिन देश की आजादी के लिए किए गए बलिदान, न्याय और समानता के लिए जारी संघर्ष की याद दिलाता है। मौके पर आयुक्त के सचिव बासुदेव प्रसाद, अवर सचिव रास बिहारी प्रसाद,उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।

### भाजपा नया जिला अध्यक्ष विवेकानंद को अनूप भाई ने दिया बधाई

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी हजारीबाग के नए जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह को हजारीबाग का जिला अध्यक्ष मनोनीत होने के बाद आज भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री मनमीत अकेला यादव एवं जैविक कृषि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सह हजारीबाग जिला सांसद प्रतिनिधि अनूप भाई समेत भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष आशीष कुमार मेहता ने विवेकानंद सिंह के आवास पहुंचकर माला पहनाकर एवं पुष्प गुच्छ भेटकर बधाई दिया जिस पर अनूप भाई ने बताया कि हमारे प्रदेश के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह एवं प्रदेश नेतृत्व को हजारीबाग की पूरी टीम की ओर से बधाई दिया और कहा कि कार्यकर्ता को संगठन में मान सम्मान मिला ।

## जनता दरबार में आए दर्जनों मामलों के त्वरित निष्पादन का उपायुक्त ने दिया निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** उपायुक्त नैंसी सहाय द्वारा मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। साप्ताहिक आयोजित होने वाले जनता दरबार में जिले वासियों की समस्याओं के निवारण के लिए उपायुक्त के समक्ष लगभग दो दर्जन से अधिक मामलो के आवेदन आए। जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों के समस्याओं से निष्पादन की आस लिए आए नागरिकों के फरियाद को सुन उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को जांचोपरांत न्याय संगत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त वेश्म में आयोजित जनता दरबार में फरियादियों द्वारा आम गैर मजुरूआ रास्ता में जबरन मकान बनाने के संबंध में, एलपीसी निर्गत करने के संबंध में, पारिवारिक विवाद निपटारा के संबंध में, अधिग्रहित भूमि के



मुआवजा भुगतान के संबंध में,जीविकोपार्जन के लिए रोजगार उपलब्ध कराने के संबंध में,पीएम आवास योजना में अनिमियतता के संबंध में,खतियानी जमीन हड़पने के संबंध में,भू रैयतों के मुआवजा भुगतान करने के संबंध में एवं इस दौरान रोजगार, मनरेगा, भूमि, म्यूटेशन, पेंशन, भूमिअधिग्रहण, आवास, राशन आदि समस्याओं से संबंधित आवेदन आए तथा उन आवेदनों को मार्क कर संबंधित अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन के आदेश दिए गए।

## जदयू जिला कमिटी ने नीतीश को दी बधाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जनता दल यूनाइटेड की जिला इकाई की एक बैठक स्थानीय डीवीसी गेस्ट हाउस में संपन्न हुई ।अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा एवं संचालन जिला प्रवक्ता राकेश ठाकुर ने किया। बैठक में बिहार सरकार के गठन एवं नौवीं बार नीतीश कुमार के द्वारा बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण पर पूरी जिला कमेटी ने उन्हें बधाई दी।मौके पर जिलाध्यक्ष प्रभुदयाल कुशवाहा ने कहा कि राजग गठबंधन में जदयू का शामिल होना बिहार की प्रगति एवं समग्र विकास में मील का



पत्थर साबित होगा। विकसित भारत के निर्माण में राजग और तेज गति से आगे बढ़ेगा। जिला के वरीय उपाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि देश एवं बिहार के विकास के लिए यह गठबंधन जरुरी था । बैठक में पूर्व चुनाव पदाधिकारी अनिल सिंह, वरिष्ठ नेता चंद्रमोहन पटेल,राकेश गुप्ता, प्रदेश सचिव सह बरकठा विधानसभा प्रभारी अर्जुन कुमार मेहता,प्रदेश सचिव मिथिलेश सिंह,प्रदेश अल्पसंख्यक महासचिव रोमी सलूजा,जिला उपाध्यक्ष भीम मेहता, अविरल बिहारीलाल, महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष खुशबू कुमारी,अयोध्या प्रसाद मेहता,रामधनी कुशवाहा ओम प्रकाश गिरी सहित अन्य सदस्य शामिल थे।

## अरुण सेकेंडरी स्कूल झरपो में शिक्षकों द्वारा उच्च कक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को किया गया विदाई समारोह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टाटीझरिया :** प्रखंड के झरपो पंचायत अंतर्गत अरुण मेमोरियल सेकेंडरी स्कूल झरपो में हरेक वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्कूल प्रांगण में कक्षा 10 वी में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को उच्च कक्षा के शिक्षा ग्रहण करने के लिए विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की कामना विद्यालय के प्रधानाध्यापक कुंदन कुमार, सहायक शिक्षक शिक्षकाओ में अनुज कुमार मिश्रा, दयाल कुमार, रागनी, प्रदीप,नंदकिशोर प्रसाद उर्फ नंदू सर प्रीति ,डोली ने उज्ज्वल भविष्य की कामना किया है। विदाई समारोह के दौरान छात्र छात्राओं में पायल राणा,रेहन अंसारी,सूरज कुमार, अभिषेक कुमार,पियूष कुमार, मनीष कुमार, दिव्या राणा, रोशनी कुमारी,आशीष कुमार, शंकर कुमार समेत अन्य कई विद्यार्थी शामिल थे।

## रेन्बो स्कूल बरही में मनाई गई राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड अंतर्गत शिवपुर गडलाही में संचालित रेन्बो स्कूल बरही में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि शाहिद दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर निदेशक सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा सहित सभी शिक्षकों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान दो मिनट का मौन धारण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हुए निदेशक सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि भारत को अंग्रेजों की गुलामी से




आजाद कराने में गांधी जी का बहुत बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने भारत की आजादी, विकास और समृद्धि के लिए अपना जीवन तक बलिदान कर दिया। 30 जनवरी 1948 को नाथूराम गोडसे ने महात्मा गांधी की गोली मार कर हत्या कर दी थी। गांधी जी के इस बलिदान की याद में और उन्हें सम्मान देने के लिए हर साल 30 जनवरी का दिन शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन उन सभी शहीदों को भी याद किया जाता है जिन्होंने देश की आजादी के लिए हंसते-हंसते अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। आज बापू की वजह से ही हम सब आजाद हवा में सांस ले रहे हैं। गांधी जी के साधारण व्यक्तित्व और साधनापूर्ण जीवन ने सिर्फ भारत को ही नहीं बल्कि विश्व को शांति, अहिंसा और सद्भाव का रास्ता दिखाया। उन्होंने कहा कि हमें भी सत्य और अहिसा के मार्ग पर जीवन में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को सत्य

## बरही के कांग्रेसियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 76वीं पुण्यतिथि मनाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड परिसर स्थित अब्दुल कलाम पार्क में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 76वीं पुण्यतिथि पर बरही के कांग्रेसियो ने बापू को श्रद्धांजलि अर्पित कर इसे शहीद दिवस के रूप में मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड युवा कांग्रेस अध्यक्ष मंजीत यादव व संचालन प्रखंड उपाध्यक्ष द्वारिका रविदास ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर सभी कांग्रेसियों ने बापू के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। वहीं गांधी जी के द्वारा देश को दिए गए अमूल्य योगदान पर कांग्रेसियों ने विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। मौके



पर प्रखंड युवा कांग्रेस अध्यक्ष मंजीत यादव, वरिष्ठ कांग्रेस उपाध्यक्ष जमुना यादव, प्रखंड कांग्रेस सेवा दल अध्यक्ष शरीफुल हक, वरिष्ठ कांग्रेसी कुणाल कतरियार, रघुनंदन गोप, मनोहर यादव, विधानसभा युवा अध्यक्ष उपाध्यक्ष द्वारका रविदास, नरेश यादव, डब्लू यादव, मोहन प्रजापति, नरेश सिंह, रोहित यादव, नसीम अख्तर, मो. करीम, मो. इरशाद, आर्यन कुमार, राजकुमार, किशन कुमार, मो. तसलीम, आकाश यादव, अमर कुमार सिंह, सुमित कुमार, आशीष निषाद, मो. खुर्शीद, मो. यूनुस, सनी यादव इसके साथ ही अन्य कई कांग्रेसी शामिल रहे।

## बरही में सड़क दुर्घटना में एक महिला की मौत, ग्रामीणों ने करीब 2 घंटे किया सड़क जाम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** थाना अंतर्गत रसोइया धमना में पुरहारा मोड़ के पास ट्रक न. जेएच 02 वी 2359 ने एक महिला को चपेट में ले लिया। जिससे उसकी मौत घटना स्थल पर ही हो गई। मृतक महिला रसोइया धमना निवासी टेकलाल साहू की 48 वर्षीय पत्नी सरोज देवी है। जानकारी मिलने पर काफी संख्या में ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंचे और सड़क को जाम कर दिया। वहीं पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह, भाजपा जिला



उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जिप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, मुखिया गोविंद साहू आदि घटनास्थल पर भी पहुंचे। इधर ग्रामीण उचित मुआवजा की मांग को लेकर अड़े रहें। घटना सुबह करीब 8 बजे घटी। बरही प्रशासन व सामाजिक कार्यकर्ताओं के पहल के बाद करीब 2 घंटे बाद जाम को हटाया गया। बताया जाता है कि मृतक महिला प्रतिदिन सुबह में टहलने के लिए चकुराटांड जाया करती थी और वापसी के दौरान रसोईया धमना के ही एक घर से दूध लेकर अपने घर वापस आती थी। इधर परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## विवेकानंद हुए भाजपा जिलाध्यक्ष, बधाई देनेवालों का लगा तांता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हज़ारीबाग़ :** बिबेकानंद सिंह को प्रदेश नेतृत्व के द्वारा सोमवार को हज़ारीबाग़ भाजपा जिलाध्यक्ष मनोनीत होते ही भाजपाइयों का बधाई आना शुरू हो गया । सुबह से शाम तक श्री सिंह के आवास पर सैकड़ो पार्टी कार्यकर्ताओं ने बुके व माला पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया। वही भाजपाइयों ने हर्ष जताते हुए कहा कि इस बार पार्टी ने जमीनी कार्यकर्ता को जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है इससे कार्यकर्ताओं में अत्यधिक खुशी ब्याप्त है। कहा गया कि श्री सिंह पार्टी के सभी बड़े छोटे कार्यकर्ताओं का मान सम्मान रखेंगे तथा संगठन को मजबूत करने में अपनी महती भूमिका निभाएंगे ऐसा आशा व विश्वास है।

ज्ञातब्य है कि नवमनोनित



जिलाध्यक्ष बिबेकानंद सिंह की राजनीति सफर की शुरुवात युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष से होते हुए उद्योग प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष, जिला उपाध्यक्ष , ब्यापार प्रकोष्ट के प्रदेश सह संयोजक सहित बर्तमान में पार्टी के जिला महामंत्री के पद पर कार्यरत थे। इतने पदों पर कार्य करते हुए जिलाध्यक्ष के पद पर आसीन हुए है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि श्री सिंह मधुरभाषी होने के साथ ही साथ कुशल संगठन कर्ता भी है। इनके जिलाध्यक्ष बनने से पार्टी और मजबूत होगी। बिबेकानंद सिंह के जिलाध्यक्ष मनोनीत होने पर हर्ष ब्यक्त करनेवालों में मुख्य रूप से कोडरमा सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी, पूर्व केंद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा, हजारीबाग सदर विधायक सह प्रदेश कोषाध्यक्ष मनीष जायसवाल, सांसद सह वित्त संबंधी स्थाई समिति के अध्यक्ष जयंत सिन्हा, मांडू विधायक सह सचेतक जयप्रकाश भाई पटेल ,बरकट्ठा विधायक अमित यादव, पूर्व मंत्री मनोज यादव, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, निवर्तमान जिला अध्यक्ष अशोक यादव, अनिल मिश्रा, केपी ओझा, हरिस श्रीवास्तव ,सुदेश चंद्रवंशी, गणेश यादव, भैया अभिमन्यु प्रसाद, सुनील मेहता ,जय नारायण प्रसाद, सुनील साहू, राजेश गुप्ता ,उदयभान नारायण सिंह, विजय बर्मा ,सुमन कुमार पप्पू, राजेश मेहता, दिलीप सहाय, दिनेश सिंह राठौड़ ,मनोज गिरी, अंबिका सिंह, संजीव कटियार, विनोद भगत ,रेणुका साहू, टोनी जैन, विनोद झुनझुनवाला, बबन गुप्ता, रणधीर पांडे, विवेक बैरियार ,कविंद्र यादव, कर्मचारी साहू ,बाबूलाल मेहता, सरफराज हैदर ,भैया नितेश के साथ-साथ अनेकों भाजपा कार्यकर्ता द्वारा दी गई। उक्त आशय की जानकारी जयनारायण प्रसाद द्वारा दी गई।

## महिलाएं हों आत्मनिर्भर, रोजगारपरक कौशल विकास प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य : अमर सोनी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़, चेडरा बाल विकास विद्यालय के बगल में मुख्यमंत्री सारथी योजनान्तर्गत झारखंड स्किल डेवलपमेंट के सक्षम योजना के तहत कौशल प्रशिक्षण केंद्र संचालित किया जा रहा है,इस संस्थान में विष्णुगढ़ प्रखण्ड के बेरोजगार 18 -35 वर्ष महिलाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।जिसमें फैशन डिजाइनिंग,जीडीए के तहत नर्स असिस्टेंट तथा ऑफिस असिस्टेंट की ट्रेंनिंग निशुल्क दी जा रही है।जिसमें आवास एवं खाने की भी व्यवस्था दी जा रही है।कौशल प्रशिक्षण केंद्र के संचालक अमर सोनी ने बताया की नामांकन चालू है,उत्सुक छात्रा जल्द से जल्द अपना नामांकन प्राप्त कर लें,सीटे सीमित है।उपरोक्त क्षेत्रो में छात्राओं को कौशल प्रशिक्षण देने के उदेश्य से जी एंड जी ग्रुप द्वारा प्रशिक्षण केंद्र खोला गया है।

प्रशिक्षण ले रही छात्राओं के रहने खाने की सुविधा उपलब्ध है,जिससे उन्हें स्थायी रूप से रह कर प्रशिक्षित होने की सुविधा मिले। साथ ही अमर सोनी ने बताया की 4 माह के कोर्स पूरा होने के उपरांत छात्राओं को सर्टीफिकेट के साथ रोजगार भी उपलब्ध कराया जाएगा। हमारा उदेशय छात्राओं को रोजगारपरक कौशल प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार से जोड़ना है। जिससे जीवन में सफलता प्राप्त कर आत्मनिर्भर बने।

## भाजपा विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल की कार्यशाला में पदाधिकारियों को सौपा गया जिम्मा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़, रमुआ दुर्गा मंदिर प्रांगण में भाजपा विष्णुगढ पश्चिमी मंडल की गाँव की ओर चलो अभियान के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता पश्चिमी मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल ने की तथा कार्यशाला का संचालन महामंत्री गुर प्रसाद साव ने किया।जिला से नियुक्त संयोजक बासुदेव महतो,गुरु प्रसाद साव,मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष डोमन प्रसाद गुप्ता ने बारी-बारी से कार्यशाला की गतिविधियों पर भाजपा पदाधिकारियो,शक्ति केंद्र संयोजक एवं बूथ अध्यक्षो को विस्तार पूर्वक बताया।जिसमे कहा गया कि विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल में कुल बारह पंचायत है। उन पंचायतों में विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल पदाधिकारियों एवं शक्तिकेन्द्र संयोजकों को मंडल के



पंचायतों में अदला बदली कर 24 घंटे का प्रवास कर पंचायत के बूथों में दीवाल लेखन एवं एक पंचायत में पाँच जगहों पर कमल का निशान बनाना,बूथ कार्यकर्ताओ का सत्यापन करना,मोदी जी के द्वारा किये गए कार्यो को जन-जन तक पहुँचाना,राममंदिर,धारा 370 सहित अन्य किये गए कार्यो की गारण्टी को पूरा किये जाने को जन-जन तक पहुँचाना। इन सभी कार्यो के लिए सभी बारह पंचायतों में संयोजक तथा सह संयोजक नियुक्त किये गए। इस मौके पर मुख्य रूप से मंडल मंत्री राजेश सोनी,मीडिया प्रभारी जीवन सोनी,महिला मोर्चा अध्यक्षा अंजू देवी, महिला मोर्चा महामंत्री गायत्री देवी,किसान मोर्चा अध्यक्ष अशोक कुमार मंडल,सुरेश राम,प्रयाग राम,राजेश यादव,भागीरथ पासवान,सुरेश रजवार,महादेव महतो,विनोद गुप्ता,डब्लू सोनी,बासुदेव प्रसाद,मन्नू कुमार पांडेय,हेमलाल साव,रामधन माली,गोबर्धन महतो,अजय ठाकुर,लाटो साव,नुनुचंद ठाकुर,सुखदेव मंडल समेत भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बरही प्रखंड मुख्यालय में विभागवार योजनाओं की हुई समीक्षा बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड मुख्यालय सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी क्रिस्टीना रिचा इंदवार की अध्यक्षता में संयुक्त रूप से सभी विभाग के योजनाओं की समीक्षा हेतु बैठक की गई। जिसमें पदाधिकारी एवं ब्लॉक कर्मी उपस्थित हुए। बैठक में मुख्य रूप से आवास, 15 फाइनेंस, मनरेगा, वन अधिकार अधिनियम के विषय में ब्लॉक कर्मियों से कार्यों की जानकारी ली गई। जिसके बाद बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार ने चयनित आवास में जिन लाभुकों पक्का का मकान है उसे हटाने एवं अबुआ अवास के क्षेर्णी में बदली करने का निर्देश दिया गया। वहीं 15 फाइनेंस योजना में महिला



एवं बाल सभा हेतु निर्देश दिया गया साथ ही उसे कैसे करना है उसे बताया गया।

डीएमएफटी फंड का ग्राम सभा करवा कर शीघ्र ही प्रखंड कार्यालय में जमा करने का निर्देश दिया गया। वहीं मनरेगा योजना में बिरसा सिंचाई कूप लक्ष्य के अनुसार सभी पंचायत में एक सप्ताह के अंदर शुरू करने एवं जिस पंचायत में ÷पोटो हो÷ खेल मैदान का लक्ष्य दिया गया है, उसे शुरू करने का निर्देश दिया गया।

बैठक में धनवार पंचायत के मुखिया राजेन्द्र प्रसाद,मुखिया में मोतीलाल चौधरी, राजेंद्र प्रसाद, शमशेर आलम, सिकंदर राणा, मंगलदेव यादव, नारायण यादव, मुखिया प्रतिनिधि अर्जुन रविदास, हरेंद्र गोप, मुकेश कुमार, विशेश्वर यादव, मो ताजुद्दीन, खिरोधर यादव,राजन यादव, शक्लदेव यादव एवं रोजगार सेवक अरविंद कुमार यादव, पंचायत सेवक में पम्मी कुमारी, खड़गधारी प्रसाद मेहता, प्रियंका प्रकाश, नेमधारी मेहता, कुमार साहू संजू कुमारी ललिता कुमारी लक्ष्मी कुमारी सूरज कुमार, बीपीओ मो परवेज, बीसी विजय कुमार, पीएस कमलेश कुमार भारती, प्रभु दयाल, प्रदीप राम प्रदीप कुमार रजक कालेश्वर कुमार प्रजापति विनोद कुमार सुनील कुमार, मोनाजीर अहमद, शिबू,विश्वकर्मा, सामंत कुमार आदि उपस्थित थे।

## शहीद दिवस : डीडीसी सहित अन्य पदाधिकारियों ने रखा वीर शहीद जवानों की स्मृति में दो मिनट का मौन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शहीद दिवस के अवसर पर भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में सुबह 11 बजे समाहरणालय में उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह व अन्य पदाधिकारियों ने 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कार्यपालक दंडाधिकारी प्रदीप कुमार, उप विकास आयुक्त कार्यालय के कार्यालय अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह, सामान्य शाखा के असलम परवेज, आलोक झा, सविता हलदर, जन शिकायत कोषांग के नंदकिशोर कुशवाहा, स्थापना विभाग के शौकत अंसारी, राजस्व विभाग के कार्यालय अधीक्षक एम.एस. तनवीर, मोहम्मद सोहराब, भू-अर्जन विभाग के महेंद्र पाल साव सहित बड़ी संख्या में विभिन्न शाख के कर्मी मौजूद थे।

## जन्मदिन पर मुख्तार खान ने कंबल व गर्म कपड़े बांटे



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टीएमसी झारखंड अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मुख्तार खान ने अपने जन्मदिन के अवसर पर कई ज़रूरतमंद लोगों के बीच कंबल, गर्म कपड़े, टॉफी, बिस्किट, पानी आदि का वितरण किया। उन्होने धनबाद रेलवे स्टेशन, डाईमंड क्रॉसिंग सहित अन्य स्थानों पर फूटपाथ पर जीवन यापन करने वाले लोगों के बीच वितरण कार्य कर अपना जन्मदिन मनाया। वहीं इस मौके पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। सभी ने खान को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम को सफल बनाने मे हाजी ज़मीर आरिफ, शादाब आलम, मनव्वर अख्तर, नुमान अरबाज खान आदि की सराहनीय भूमिका रही।

## इंपैक्ट स्टडीज कोचिंग सेंटर में साइंस एग्जीबिशन का आयोजन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** इंपैक्ट स्टडीज कोचिंग सेंटर, रहमतगंज में साइंस एग्जीबिशन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि झारखंड मुक्ति मोर्चा धनबाद महानगर अल्पसंख्यक अध्यक्ष मोहम्मद सद्दाम हुसैन एवं भाजपा प्रदेश मंत्री बबलू फरीदी उपस्थित हुए। शिक्षक एवं बच्चों ने अतिथियों का स्वागत फूलों का माला एवं गुलदस्ता देकर किया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र दिया गया। सद्दाम हुसैन ने कहा कि इस छोटे से कोचिंग सेंटर में बहुत ही प्रतिभाशाली छात्र हैं। इन छात्रों को यदि मौका मिला तो देश के लिए नाम रौशन करेंगे।

## पानी टैंकर की चपेट में आने से 14 वर्षीय बच्चा घायल, रेफर

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मंगलवार को गिरिडीह नगर थाना क्षेत्र के महादेव तालाब रोड सड़क किनारे जा रहा बच्चा पानी के टैंकर की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। 14 वर्षीय आर्यन महादेव तालाब रोड का ही रहने वाला है। बताया जाता है कि वो व्हिटी बाजार संकट मोचन से अपने घर जा रहा था इसी दौरान वो टैंकर की चपेट में आ गया और बुरी तरह से घायल हो गया। घायल बच्चे को सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर ईलाज के लिए धनबाद रेफर कर दिया गया है।

## धनबाद जिला फुटबॉल लीग मट्टे मुगमा ने एफ सी क्लब को हराया



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भितिया स्टेडियम में सुपर सिक्स लीग के मैच में मुगमा एफ सी क्लब 4-0 से पुलिस लाइन क्लब को पराजित कर दिया। मुगमा एफ सी क्लब के गौरव बाउड़ी हैट्रिक सहित तीन गोल व लक्ष्मण चौहान ने एक गोल की। इस अवसर पर संघ के कोषाध्यक्ष मो सलाउद्दीन, उपाध्यक्ष डॉ विकास रमन, संयुक्त सचिव उदय मिश्रा, सुभाष लोध ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल का शुभारंभ किया।

## परीक्षा को देखते हुए मोकामा-पटना मेमू पैसेंजर स्पेशल का कई स्टेशनों पर 01 मिनट का अस्थायी ठहराव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** रेल प्रशासन द्वारा इंटरमीडिएट एवं मैट्रिक बोर्ड के परीक्षा के मद्देनजर परीक्षार्थियों की सुविधा हेतु दिनांक 01.02.2024 से 23.02.2024 तक गाड़ी सं. 03279 मोकामा-पटना मेमू पैसेंजर स्पेशल का चम्पापुर, सालिमपुर बिहार, करौटा, मंझौलीग्राम हाल्ट एवं बुद्धदेवचक यादव नगर हाल्ट पर 01 मिनट का अस्थायी ठहराव प्रदान किया जा रहा है। दिनांक 01.02.2024 से 23.02.2024 तक गाड़ी सं. 03279 मोकामा-पटना मेमू पैसेंजर स्पेशल 06.19/06.20 बजे चम्पापुर, 06.25/06.26 बजे सालिमपुर बिहार, 06.29/06.30 बजे करौटा, 06.33/06.34 बजे मंझौलीग्राम हाल्ट एवं 06.47/06.48 बजे बुद्धदेवचक यादव नगर हाल्ट पर रूकते हुए आगे के लिए प्रस्थान करेगी । उपरोक्त ठहराव के कारण गाड़ी सं. 03279 मोकामा-पटना मेमू पैसेंजर स्पेशल का कुछ स्टेशनों के समय-सारणी में संशोधन किया गया है। दिनांक 01.02.2024 से 23.02.2024 तक यह स्पेषल संषोधित समयानुसार 06. 22/06.23 बजे टेकाबिगहा, 06. 38/06.39 बजे खुसरूपुर, 06.43/06.44 हरदासबीघा, 06.49/06.51 बजे फतुहा, 07.00/07.02 बजे पटना सिटी तथा 07.12/07.14 बजे राजेन्द्रनगर स्टेषन पर रूकते हुए आगे के लिए प्रस्थान करेगी ।

# गिरिडीह पुलिस ने बगोदर से चार साइबर अपराधियों को दबोचा




प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गिरिडीह ज़िले में चार साइबर अपराधियों को गिरिडीह पुलिस ने दबोचा है। पपरवाटांड कार्यालय में एसपी दीपक कुमार शर्मा ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। पुलिस ने इस बार बगोदर थाना क्षेत्र के नावाडीह में छापेमारी कर इन्हे गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। गिरफ़्तार साइबर अपराधियों में कोडरमा थाना क्षेत्र के बोकोबार निवासी अजीत कुमार दास, अनुज पंडित, हजारीबाग जिला के चलकोशा के शिवा साव और बरकट्ठा के सूरज कुमार साव शामिल हैं। साइबर अपराधियों के पास से पुलिस ने 21 मोबाइल फोन, 65 सिम कार्ड, 9 एटीएम कार्ड, 5 पासबुक, 1 लैपटॉप, 1 बाइक, 2 आधार कार्ड और 2 पैन कार्ड बरामद किए हैं। एसपी दीपक कुमार शर्मा ने बताया कि प्रतिबिंब पोर्टल के माध्यम से पुलिस को सूचना मिली कि कुछ साइबर अपराधी गिरिडीह जिले के बगोदर थाना क्षेत्र के नावाडीह में फर्जी सिम का उपयोग करते हुए लोगों को ठगी करने का काम कर रहे हैं। इसी सूचना के बाद साइबर डीएसपी संदीप सुमन समदर्शी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया । टीम में पुलिस निरीक्षक सह साइबर थाना प्रभारी साइबर अजय कुमार, एसआई सावन कुमार साहू, गौरव कुमार, एएसआई संजय मुखियार, गजेंद्र कुमार, साकेत वर्मा, सौरभ सुमन और आशुतोष रंजन को शामिल किया गया। टीम जब बगोदर के नावाडीह में छापेमारी करने पहुंची तो सभी साइबर अपराधी पुलिस को देखकर भागने लगे।

जिसके बाद पुलिस ने चारों साइबर अपराधियों को खदेड़ कर गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के क्रम में इन साइबर अपराधियों ने बताया कि ये लोग ईस्कॉर्ट सर्विस के नाम पर लोगों को झांसा में लेकर ठगी करते थे। इसके अलावे ईस्कॉर्ट पेशन क्लब के माध्यम से लोगों को सर्विस उपलब्ध कराने का झांसा भी देते थे और लड़कियों से न्यूड वीडियो कॉलिंग का रिकॉर्डिंग कर उसका वीडियो लोगों के मोबाइल पर भेज कर ब्लैकमेलिंग करते हुए पैसे की ठगी करते थे।

## गांधी सेवा सदन में दी गई राष्ट्रपिता को पुष्पांजलि



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर एडीएम लॉ एंड ऑर्डर कमलाकांत गुप्ता ने गांधी सेवा सदन में राष्ट्रपिता की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद उन्होंने कहा राष्ट्रपिता के विचार आज भी हमें आगे बढ़ने और कुछ अच्छा करने की प्रेरणा देते हैं। हमें शांति, अहिंसा, सादगी, साधनों की पवित्रता और विनम्रता के उनके आदर्शों का पालन करना चाहिए। देश को आजाद करने में उनके अतुल्य योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। मौके पर पूर्व मंत्री मन्नान मल्लिक, कार्यपालक दंडाधिकारी अंशु कुमार पांडेय, बीयाडा के पूर्व अध्यक्ष विजय कुमार झा, गोपाल व अन्य मौजूद थे।

## ड्रामा कंपटीशन में साथी फाउंडेशन को मिला प्रथम पुरस्कार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** आईआईटी आईएसएम में चल रहा कर्तव्य संस्था जो अपना 25 वां वर्षगांठ आईएसएम के पेमेंट ऑडिटोरियम में मनाया गया। इस वर्षगांठ के शुभ अवसर पर कई तरह के बच्चो के द्वारा कार्यक्रम किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में धनबाद के उपायुक्त वरुण रंजन और विशिष्ट अतिथि के रूप में आईएसएम के डायरेक्टर जे के पटनायक उपस्थित थे। उनके द्वारा दीप प्रज्वलित कर के कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम में कर्तव्य के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, साइंस एग्जीबिशन, पोस्टर मेकिंग, ड्रामा का कंपटीशन कराया गया जहां धनबाद के कई स्कूल और संस्था के बच्चे कंपटीशन में भाग लिए। ड्रामा में साथी फाउंडेशन के बच्चे को प्रथम पुरस्कार मिला। वहीं साइंस एग्जीबिशन में द्वारिका मेमोरियल को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ। इस मौके पर आईएसएम कर्तव्य के द्वारा साथी फाउंडेशन संस्था को सम्मानित भी किया गया।

## राहुल गांधी के आगमन पर धनबाद जिला 20 सूत्री समिति द्वारा बैठक आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** धनबाद जिला 20 सूत्री समिति के उपाध्यक्ष एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष ब्रजेंद प्रसाद सिंह की अध्यक्षता मे आगामी 3 - 4 फरवरी को राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा मणिपुर से आरंभ होकर मुंबई तक जाएगी जो 3 फरवरी के रात मे धनबाद पहुंच रही है। राहुल गांधी के स्वागत एवं न्याय यात्रा के सफलता के लिए बैठक संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए धनबाद जिला 20 सूत्री के उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि धनबाद जिला में राहुल गांधी जी का स्वागत एवं भारत छोड़ो न्याय यात्रा ऐतिहासिक होगा। हजारों हजार की संख्या मे कांग्रेस पार्टी के नेताओ एवं कार्यकर्ताओं के साथ-साथ धनबाद जिला के कोने कोने से लोग शामिल होंगे एवं राहुल गांधी का स्वागत कर उनकी बातों को सुनेंगे।

राहुल गांधी मन की नहीं बल्कि आम जनों की बात धनबाद जिला के आमजनों के साथ करेंगे। भारत जोड़ो न्याय यात्रा को देश का कोने कोने में भरपूर समर्थन मिल रहा है। चाहे मणिपुर हो या नागालैंड, अरुणाचल प्रदेश, असम, पश्चिम बंगाल, बिहार और आगामी 2 फरवरी को झारखंड प्रदेश के पाकुड़ जिला मे प्रवेश करेगी एवं तीन एवं चार फरवरी को धनबाद मे राहुल गांधी जी की न्याय यात्रा प्रस्तावित है जिसे झारखंड सहित धनबाद जिला में आम जनों का अपार समर्थन मिलेगा।

# एमएसएमई शाखाओं के अधिकारियों के क्षमता निर्माण हेतु कार्यशाला आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** आरबीआई राँची कार्यालय द्वारा धनबाद जिले में कार्यरत विभिन्न बैंकों के एमएसएमई शाखाओं के अधिकारियों के क्षमता निर्माण हेतु दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में आरबीआई झारखंड के क्षेत्रीय निदेशक प्रेम रंजन प्रसाद सिंह ने देश के आर्थिक विकास और रोजगार सृजन में एमएसएमई के योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एमएसएमई उद्यमिता को बढ़ावा देता है और रोजगार के बड़े अवसर का निर्माण करता है। एमएसएमई ग्रामीण क्षेत्रों में प्रच्छन्न बेरोजगारी की समस्या कम करने में सहायक हैं एवं सहायक इकाइयों के रूप में बड़े उद्योगों के पूरक भी हैं और द्वितीयक और तृतीयक क्षेत्र के पूरी पारिस्थितकी में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आगे सिंह ने यह भी कहा कि एमएसएमई क्षेत्र द्वारा अर्थव्यवस्था में उत्तरोत्तर महत्वपूर्ण योगदान हेतु भौतिक बुनियादी ढाँचागत बाधाओं, प्रौद्योगिकी अपनाने में विलंब, क्षमता निर्माण, आपूर्तिकर्ता और ग्राहक के बीच की कड़ी, ऋण और जोखिम पूँजी तक पहुँच की कमी, और इनके साथ-साथ देरी से भुगतान जैसी चुनौतियों से सक्षम रूप से निबटना जरूरी है। इसलिए उन्होने बैंककर्मियों को उद्यमियों के प्रति संवेदनशील होने एवं एमएसएमई इकाइयों के जीवन चक्र को समझने और उन्हें समय पर समुचित ऋण देने को कहा। इसके अलावे उन्होंने पीएम विश्वकर्मा योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर बैंकों से अनुरोध किया गया कि इन योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक करें एवं लाभार्थियों को चिह्नित कर इस योजना में निहित सुविधाओं के साथ ऋण सहायता प्रदान करें।

## उसरी बचाओ अभियान के द्वारा दी गई दिवंगत भूपेंद्र सिन्हा को जन्मदिन पर श्रद्धांजलि



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मंगलवार को गिरिडीह ज़िले में उसरी बचाओ अभियान के कोर कमिटी की सदस्य व सामाजिक कार्यकर्ता कुसुम सिन्हा के दिवंगत पति स्वर्गीय भूपेंद्र प्रसाद सिन्हा के जन्म जयंती के उपलक्ष में विभिन्न सरकारी विद्यालयों में लगभग 400 बच्चों के बीच स्टेशनरी समानो का वितरण किया गया। वही विद्यालयों के बच्चों के साथ उसरी नदी के महत्व पर चर्चा की गई। इस अभियान में ज़िले के बरमसिया , अरगाघाट , शीतलपुर के बच्चों के बीच कॉपी, कलम, चॉकलेट, बिस्कुट आदि का वितरण किया गया। मौके पर भाजपा नेता सह झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के अनुज नुनुलाल मरांडी ने स्वर्गीय भूपेंद्र प्रसाद सिंह को याद कर उन्हे श्रद्धांजलि दी एवं बताया कि आज के दिन उनके परिवार द्वारा बच्चों के बीच उसरी नदी को बचाने को लेकर किया जा रहा जागरूकता अभियान एवं स्टेशनरी वितरण काफी सराहनीय है।

## राष्ट्रीय एकीकृत शिविर के लिए गिरिडीह कॉलेज के एनसीसी कैडेट का हुआ चयन



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह कॉलेज के एनसीसी कैडेट अनिल मरांडी का चयन नेशनल इंटीग्रेशन कैम्प के लिए हुआ। एनसीसी पदाधिकारी प्रो विनीता कुमारी ने बताई की 1 फरवरी से 12 फरवरी तक जोरहाट असम के होगा । जहां 22 बटालियन हजारीबाग से सिर्फ एक कैडेट का चयन हुआ है। चयन प्रक्रिया में 22 बटालियन हजारीबाग में दौड़, पुसिंग, ऊंची कूद, लंबी कूद आदि से कैडटों को गुजरना पड़ा जहां बटालियन के अंतर्गत आने वाले सभी स्कूल कॉलेजों के कैडटों शामिल हुए द्य उन्होंने बताया कि जोरहाट असम में प्रशिक्षण के दौरान कैडटों को देश प्रेम, एकीकृत भाव, राष्ट सेवा, आपदा प्रबंधन आदि से संबंधित शारीरिक एवं शैक्षणिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। मौके पर गिरिडीह कॉलेज प्राचार्य डॉ अनुज कुमार एवं एनसीसी पदाधिकारी प्रो विनीता कुमारी ने कैडेट अनिल मंराडी को शुभकामनाएं देकर आज रवाना किया।

## दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता संपन्न, मुखिया ने बांटे पुरस्कार



**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र के पेशम पंचायत में स्थित +2उच्च विद्यालय पेशम में आयोजित दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आज समापन किया गया। इस दौरान स्थानीय मुखिया रागिनी सिन्हा के द्वारा खेल में भाग ले कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को गोल्ड मेडल, सिल्वर मेडल एवं फर्स्ट प्रतिभागी को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। मौके पर रागिनी सिन्हा, पंसस प्रतिनिधि विक्रम तर्वे, बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक जय सिन्हा, गोलू सिंह, पंचायत सचिव इंद्रजीत वर्मा, प्राचार्य रंजीत वर्मा, नागेश्वर वर्मा, नारायण विश्वकर्मा, बलराम वर्मा, गोपाल प्रसाद, खेल कूद शिक्षक, पंकज प्रसाद समेत सैकड़ो अभिभावक व बच्चे उपस्थित थे।

## सड़क सुरक्षा माह : सिटी सेंटर व स्टिल गेट में चलाया जागरुकता अभियान



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिला परिवहन पदाधिकारी राजेश कुमार सिंह तथा वरीय पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) राजेश कुमार के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा माह 2024 के तहत आज सिटी सेंटर और स्टिल गेट के पास नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। लोगों के बीच पैंपलेट बांटकर जागरूकता अभियान कार्यक्रम चलाया गया।इस अवसर पर लोगों को सड़क सुरक्षा की जानकारी दी गई तथा दुर्घटनाग्रत लोगो की मदद करने को कहा गया। साथ ही हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, ओवरस्पीडिंग नहीं करने, गलत दिशा से ओवरटेकिंग नहीं करने, ट्रैफिक सिग्नल का पालन करने, गुड सेमेरिटन, एंबुलेंस नंबर 108 के बारे में भी समझाया गया। मौके पर यातायात पुलिस एवं सड़क सुरक्षा टीम के सदस्य उपस्थित थे।

## स्पर्श कुष्ट जागरुकता अभियान चला



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर सिविल सर्जन डॉ चंद्रभानू प्रतापन ने आज स्पर्श कुष्ट जागरूकता अभियान की थीम ÷कलंक को समाप्त करना गरिमा को अपनाना÷ की शपथ दिलाई। साथ ही टाटा स्पर्श टीम कि आइईसी वेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

सिविल सर्जन ने बताया कि महात्मा गांधी की पुण्यतिथि 30 जनवरी से 13 फरवरी 2024 तक स्पर्श कुष्ट जागरूकता अभियान के तहत लोगों को कुष्ट रोग के लक्षण एवं ईलाज के बारे में जानकारी दी जाएगी। इस वर्ष अभियान की थीम ÷कलंक को समाप्त करना गरिमा को अपनाना÷ रखा गया है।

इस दौरान पंचायत, आंगनबाड़ी तथा विद्यालयों में कुष्ट रोग से सम्बंधित सन्देश पढ़ कर कुष्ट रोग के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा तथा कुष्ट निवारण हेतु अपना योगदान देने की प्रतिज्ञा दिलायी जाएगी। कार्यक्रम के दौरान कुष्ठ रोगियों के बीच एमसीआर चप्पल एवं सेल्फ केयर किट का वितरण किया गया। मौके पर डॉ सुनिल कुमार, डीआरसीएचओ डॉ रोहित गौतम, जिला कुष्ट रोग पदाधिकारी डॉ मंजु दास, जिला स्वास्थ्य समिति के सभी पदाधिकारी, कर्मचारी, टाटा स्पर्श के प्रतिनिधि व अन्य लोग मौजूद थे।

## भाकपा माले का एकदिवसीय उपवास कार्यक्रम

प्रभात मंत्र संवाददाता



**सरिया :** देश की आजादी की लड़ाई के महानायक व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहादत दिवस (30 जनवरी) के अवसर पर भाकपा माले ने बगोदर-सरिया अनुमंडल परिसर में मंगलवार को एकदिवसीय उपवास कार्यक्रम संगठित किया जिसमें बगोदर विधायक विनोद कुमार सिंह समेत सैकड़ों लोगों ने भाग लिया।उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता इनौस प्रदेश अध्यक्ष संदीप जायसवाल व संचालन माले नेता लक्ष्मण मंडल ने किया।

अपने संबोधन में बगोदर भाकपा माले विधायक विनोद कुमार सिंह ने कहा कि हमारे देश की आजादी के 75 साल पूरे हो गए हैं। हमलोग राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का शहादत दिवस ऐसे वक्त में मना रहे है जब देश की आजादी, लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता और संविधान को सबसे ज्यादा खतरे है।15 अगस्त 1947 को देश को आजादी मिली और उसके तुरन्त बाद 30 जनवरी 1948 को हिन्दू महासभा से सम्बद्ध आतंकवादी नाथूराम गोडसे ने उसकी हत्या कर दी। आजाद भारत की यह पहली आतंकवादी घटना थी।आज हमें महात्मा गांधी के विचारों पर चलते हुए अनगिनत बलिदानों व कुर्बानियों से मिली आजादी,लोकतंत्र और संविधान को और भी बुलंद करने व मजबूत करने का संकल्प लेना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# कांग्रेस पार्टी महात्मा गांधी के आदर्शों और विचारों का संवाहक है : नेसार अहमद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मंगलवार को लोहरदगा जिला कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र भवन में प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद के नेतृत्व में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी का पुण्यतिथि मनाई गई। सर्वप्रथम उपस्थित कांग्रेसियों के द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। तत्पश्चात एक विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। मौके पर प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद ने गांधी जी को याद करते हुए कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी केवल भारत के ही नहीं पूरे संसार के महापुरुष थे जिन्होंने भारतीयों के आजादी के सपने को सच्चाई में बदला था।



भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में उनके अतुल्य योगदान के चलते उन्हें राष्ट्रपिता एवं बापू के नाम से लोग जानते हैं बापू हमेशा अहिंसा और सामाजिक एकता में विश्वास करते थे वह भारतीय संस्कृति से अछूत और भेदभाव की परंपरा को खत्म करना चाहते थे बाद में वे भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में शामिल होकर अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष करने लगे और ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ पूरे राष्ट्र में जन आंदोलन खड़ा किया इस बीच कई यातनाएं भी सही और हम सभी कांग्रेसियों के लिए गर्व की बात है कि कांग्रेस संगठन के माध्यम से महात्मा गांधी के नेतृत्व में भारत अंग्रेजों के आधिपत्य से स्वतंत्र हुआ। आज भी गांधी जी के विचार पूरे विश्व के लिए प्रासंगिक एवं प्रेरणा स्रोत है गांधी जी सर्वधर्म समभाव की भावना से प्रेरित थे जो कि आधुनिक युग में वैश्विक सद्भावना का वातावरण बनाएं रखने और वसुधैव कुटुंबकम के विचार को साकार करने के लिए बेहद जरूरी है वह साधन व साध्य दोनों की सुविधा पर बल देते थे। कांग्रेस पार्टी उनके आदर्शों और विचारों का संवाहक है। आज ही के दिन 30 जनवरी 1948 को आरएसएस के नाथूराम गोडसे ने उनकी गोली मारकर हत्या कर दी। परंतु उनके द्वारा बताए गए मार्ग सत्य अहिंसा सामाजिक समानता जैसे विचार आज भी पूरे विश्व में जीवित है और हमेशा रहेगा। मौके पर जिला परिषद सदस्य संदीप कुमार, जिला महासचिव सलीम अंसारी बड़े, युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष गुलाम जिलानी, संजर अंसारी, प्रत्युष पांडे, आसिफ अंसारी, काशिफ कमर, अरमान अंसारी, मोसीब अंसारी, रब्बानी अंसारी, तारीख अनवर, मदन प्रसाद, मनु कुमार, चंदन कुमार, मोहम्मद अमन समेत कई कांग्रेसी उपस्थित थे।

## महिला कार्यकर्ता भाजपा संगठन की ताकत : विमला प्रधान

# शक्ति वंदन कार्यक्रम के निमित जिला कार्यालय में हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** भारतीय जनता पार्टी जिला सिमडेगा की शक्ति वंदन कार्यक्रम के निमित्त बैठक जिला कार्यलाय में हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला उपाध्यक्ष मनोज साय ने कहा कि प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार मंडल शक्तिकेन्द्र एव बूथ स्तर तक जाकर महिलाओं को मोदी जी की कार्यो को जन-जन तक बताना है इस कार्य मे कार्यकर्ता लग जाएं। बैठक में मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व मंत्री विमला प्रधान ने संबोधित करते हुए कहा की महिला मोर्चा के कार्यकर्ता भाजपा संगठन की रीढ़ हैं, मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार महिलाओं के लिए संसद में शक्ति वंदन बिल पास कर महिलाओं को 33त्न आरक्षण देने का बिल पास किया है जो 2029 से लागू होगी। ऐसे ही अनेक कार्य हैं जिन्हें हम लोगों को गांव स्तर तक जाकर लोगों को केंद्र सरकार की योजनाओं को




जन-जन तक पहुंचना है भारतीय जनता पार्टी आने वाले लोकसभा चुनाव में 400 सीटों का लक्ष्य रखी है यह महिला कार्यकर्ताओं के बदौलत ही संभव है। जिला उपाध्यक्ष प्रणव कुमार ने कहा कि शक्ति वंदन कार्यक्रम के निमित सभी मंडलो में 15 सदस्यीय टोली का निर्माण करना है एवं लोगों के बीच अपनी बात पहुंचानी है इससे पूर्व अतिथियों द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई मंच संचालन एवं विस्तार पूर्वक जानकारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के जिला प्रभारी सह महामंत्री दीपक पुरी ने किया मौके पर महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सावित्री देवी पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष फुल सुंदरी देवी रवि गुप्ता श्रीलाल साहू कृष्णकांत सिंह घनश्याम सिंह कामेश्वर सिंह नवीन सिंह तपेश्वर साहू मनिंदर बिंझिया देवकीनंदन साय रबिन्द्र शर्मा अशोक रजक रोहित कुमार दुर्योधन जायसवाल रेणु पूरी पिंकी प्रसाद रागिनी राज जयंती देवी सीखा अग्रवाल कंचन सिंह मौजूद थे।

## भारतीय सेना में भर्ती होना देश की सेवा के लिए एक बेहतर मौका : उपायुक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सेना भर्ती कार्यालय, रांची द्वारा आज भारतीय सेना में अग्निपथ स्कीम के जरिये भर्ती प्रक्रिया की जानकारी दिये जाने हेतु एक कार्यक्रम का आयोजन नगर भवन, लोहरदगा में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में उपायुक्त ने कहा कि भारतीय सेना में भर्ती होना देश की सेवा के लिए एक बेहतर मौका होता है। जो भारतीय थल सेना में जाना चाहते हैं उनके लिए आज यह कार्यक्रम रखा गया है। सेना में आप जाकर अपने समाज,जिला व राज्य का नाम रौशन कर सकते हैं।

# बड़ागाई पंचायत में कुष्ठ दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** जिले के भंडरा प्रखंड अंतर्गत बड़ागाई पंचायत में मंगलवार को कुष्ठ दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बमनडीहा हेल्थ वेलनेस सेंटर की सीएचओ अंजना साहू व शिक्षक अरुण कुमार दास ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। मौके पर सीएचओ अंजना साहू ने ग्रामीणों को कुष्ठ रोग की पहचान व उससे बचाव को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि कुष्ठ जिसे लेप्रोसी भी कहा जाता



है। एक बैक्टीरिया रोग है, जो मानव त्वचा और नसों को प्रभावित करता है। इस रोग का कारक है माइक्रोबैक्टेरियम लेप्रॉय नामक बैक्टीरिया है। यह रोग धीरे-धीरे विकसित होता है और शरीर में फैल जाता है। वैसे कुष्ठ के संक्रमण का पहला संकेत त्वचा पर छोटे गाढ़े, शरीर में लाल रंग के दाने या घाव के रूप में होता है। यह बीमारी बढ़ती है, तो शरीर के विभिन्न हिस्सों में दर्द और सूजन का अनुभव किया जा सकता है। लेप्रोसी का इलाज मानविकी, एंटीबायोटिक और अन्य दवा के संयोजन से होता है। सही समय पर उपचार होने से रोग को पूरी तरह से ठीक किया जा सकता है। इस रोग के बारे में लोगों को जागरूक होना अति आवश्यक है। साथ ही कुष्ठ के प्रति लोगों का जीवन अवधारणा है। उसे बाहर निकलते हुए छुआ-छूत के कलंक को दूर करना है।

# स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राण की आहुति देने वाले बलिदानियों को किया गया याद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** जिले के भंडरा प्रखंड सह अंचल कार्यालय सहित सभी सरकारी विद्यलाय व कार्यालय में मंगलवार को शहीद दिवस का आयोजन किया गया। भंडरा प्रखंड सह अंचल कार्यालय में बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा के नेतृत्व में प्रखंड के सभी विभाग के कर्मियों ने दो मिनट का मौन रख स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राण की आहुति देने वाले बलिदानियों को याद किया गया। साथ ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। मौके पर बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि भारत में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के पुण्यतिथि के अवसर पर शहीद दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। आज




हम लोग आजादी की जिंदगी जी रहे है। इसके पीछे भारत के बलिदानियों की देन है। देश के वीर योद्धाओं ने देश की आजादी की लड़ाई में अपनी जान की परवाह किए बगैर अपनी जान की बाजी लगा दी थी। इस दौरान उन्होंने भंडरा प्रखंड के अमर बलिदानी पांडेय गणपत राय का भी जिक्र करते हुए कहा कि 1857 की क्रांति में भौंरो के पांडेय गणपत राय भी देश की आजादी के लिए अपनी जान न्योछावर कर दिए थे। मौके पर दिनेश उरांव, नवप्रभात कुजुर, राधेशयम चौधरी, अभिषेक मिश्रा, उज्जवल पांडेय, नंदी रानी कच्छप, नीलम मिंज, शुषमा कुजुर सहित काफी संख्या में प्रखंड व अंचल के कर्मी मौजूद थे।

# भाजपाइयों ने भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव को पूनः अध्यक्ष बनाए जाने पर दी बधाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष ने अपनी कमेटी का विस्तार करते हुए जिला नव नियुक्त अध्यक्ष और जिला प्रभारी के नाम की घोषणा की जिसमें लोहरदगा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव जी को पून॰ एकबार जिला अध्यक्ष की जिम्मेवारी मिली है। वहीं लोहरदगा जिला प्रभारी श्रीमती सुनीता सिंह के नाम की घोषणा के पश्चात जिला अध्यक्ष दोबारा अपने कुशल नेतृत्व से संगठन कार्य के लिए बधाई व शुभकामनाएं दी। बधाई देने वाले में मुख्य रूप से राज्यसभा सांसद



समीर उराँव, क्षेत्रीय सांसद श्री सुदर्शन भगत, पूर्व मंत्री व विधायक सधनू भगत,पूर्व विधानपार्षद प्रवीण सिंह, पूर्व विधायक रमेश उरांव, ओमप्रकाश सिंह पूर्व माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष श्रीचंद प्रजापति,पूर्व अध्यक्ष ब्रजबिहारी प्रसाद, राजकिशोर महतो, राकेश प्रसाद, राजमोहन राम, अजातशत्रु, विश्वजीत शाहदेव, अजय कुमार पंकज, सामेला भगत, नवीन कुमार टींकू, नीरज नलिन, सूरजमोहन साहू, हर्षनाथ महतो, बालकृष्णा सिंह, राजकुमार वर्मा, बजरंग उरांव, अनिल उराँव, जगनंदन पौराणिक, सरोज प्रजापति, सिकंदर उराँव, अशोक उरांव, ताजे उराँव, विनोद उराँव, अजय मुंडा, कैलाश महतो, सजल कुमार, बाल्मीकि कुमार, तरूण देवघरिया, अजय पंकज, यदुनंदन पांडेय, सुरेश बैठा, टीपू खान, विशेश्वर प्रसाद दीन, मीना बाखला, बिंदिया देवी सहित अन्य ने दी।

# दो मिनट का मौन रख शहिद स्वतंत्रता सेनानी को किया गया याद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** स्वतंत्रता सेनानी के शहादत को याद करते प्रखंड परिसर में शहादत दिवस मनाया गया। मंगलवार को सेन्हा प्रखंड परिसर प्रांगण में शहीद दिवस का आयोजन किया गया। अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी ने प्रखंडकर्मी व अंचलकर्मी तथा बाल विकास विभाग कर्मियों और उपस्थित ग्रामीण के साथ दो मिनट का मौन रख स्वतंत्रता संग्राम में वीरो की प्राणो की आहुति देने वाले बलिदानी वीरों को याद किया गया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के पुण्य तिथि पर प्रति वर्ष शहिद दिवस मनाया जाता है। साथ ही कहा कि देश के बलिदानी शूरवीर शपूतो को याद करने का एक मौका मिलता है। जिसे देश की आजादी में शुर वीर योद्धाओं की कुर्बानी से आज भारत वासी आजाद सो रहे है और चैन की सांस ले रहे हैं। इन के मार्ग पर सभी भारतीयो को चलना चाहिए। मौके पर सीओ राकेश कुमार तिवारी, त्रिवेणी भगत, सत्यकाम श्रीवास्तव, महावीर, प्रमुनी देवी, अग्नि बेक, महेश कुजूर, नागमणी उरांव सहित अन्य उपस्थित थे।

# ट्रक मालिक ने सरेंगदाग क्षेत्र में बंद हो रहे माइंस को लेकर की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सरेंगदाग माईस क्षेत्र में चलने वाले ट्रक मालिकों की एक अहम बैठक उन्नति रेस्टोरेंट में राजेश कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सरेंगदाग क्षेत्र में चल रहे ट्रकों में हो रही परेशानी एवं बंद हो रहे माइंस पर चल रहे ट्रकों को कहीं अन्य जगह पर उक्त ट्रक को कंपनी चलवाने की व्यवस्था करें, आदि के संबंध में चर्चा परिचर्चा की गई। कहा गया कि इसी सभी के संबंध पर राज्यसभा सांसद सह संरक्षक माननीय धीरज प्रसाद साहू जी से मुलाकात कर उन्हें विस्तृत जानकारी दी जाएगी इस संबंध में दूरभाष पर बात की गई, दिल्ली में व्यवस्ता के कारण श्री अशोक यादव



जी से बात कर उन्हें पूर्ण जानकारी दी गई, एवं इसी सभी संबंध में हिंडालको प्रबंधन से उनके निदान हेतु मुलाकात की जाएगी और चंदवा ट्रक ओनर्स से भी बात किया गया?। उन लोगों ने सभी मुद्दों पर आगे से आगे रह कर समर्थन करने की बात कही। मौके पर राजेश गुप्ता, शशि भूषण सिंह, प्रदीप पाठक, दीपक सराफ, मोहम्मद सिराजुद्दीन, राममोहन साहू, सत्येंद्र मिश्रा, मोहम्मद हलीम, देवा उरांव, जगदीश प्रसाद गुप्ता, विजय प्रसाद, संदेश कुमार, आनंद कुमार, मुकेश साहू आदि थे।

## 1 फरवरी को नवनियुक्त महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांमा का होगा लोहरदगा आगमन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अखिल भारतीय महिला कांग्रेस के नवनियुक्त सम्मानित राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा का झारखंड में प्रथम आगमन दिनांक 31.01.2024 को सुनिश्चित हुआ है। और लोहरदगा जिला मे 01.02.2024 को आगमन है। महिला कांग्रेस महासम्मेलन में स्थान पुराना नगर भवन में समय 12:30 बजे महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष सीमा परवीन के नेतृत्व में मुख्य अत्तिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा, झारखंड प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह, विधायक सह वित्त मंत्री डॉक्टर रामेश्वर उराव, जिला अध्यक्ष श्री सूखैर भगत, कार्यकारी अध्यक्ष शकील अहमद, विधायक प्रतिनिधि सह जिला उपाध्यक्ष निशीथ



जायसवाल, जिला कांग्रेस कमिटी के सभी सम्मानित पदाधिकारी गण, सभी प्रोकोष्ठ के पदाधिकारीगण उपस्थित होंगे। लोहरदगा जिला महिला कांग्रेस कमेटी हमारे नव नियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय अलका लांबा का महिला कांग्रेस महासम्मेलन मे लोहरदगा जिला महिला कांग्रेस कमेटी हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत करती है।

# छलांग प्रोजेक्ट के तहत हुई विद्यालयों में दो दिवसीय शारीरिक शिक्षा और खेल विकास हेतु शिक्षकों की क्षमता निर्माण कार्यशाला की शुरुआत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** राजकीय मध्य विद्यालय सिमडेगा में साख फॉउंडेशन के माध्यम से छलांग प्रोजेक्ट के तहत दो दिवसीय 30-31 जनवरी विद्यालयों में शारीरिक शिक्षा और खेल विकास हेतु शिक्षकों का क्षमता निर्माण कार्यशाला की शुरुआत हुई। पीरामल फाउंडेशन जिला स्तर पर दो गैर सरकारी संगठनों के माध्यम से पांच ब्लॉकों में छलांग प्रोजेक्ट को कार्यान्वित और सहायता प्रदान कर रहा है। ई.एल.एम.एस स्पोर्ट्स फाउंडेशन द्वारा छलांग प्रोजेक्ट चलाई जा रही है। कार्यशाला में सिमडेगा, ठेठईटांगर और पाकरडांर प्रखंड के लगभग 50 शिक्षक इस कार्यशाला में उपस्थित थे। प्रोग्राम



मैनजर मृतुन्जय चंद्रा के द्वारा प्रोजेक्ट छलांग की अवधारणा, कार्यक्रम का उद्देश्य, मापने योग्य परिणाम, शारिरिक शिक्षा और खेल के महत्व आदि पर विस्तरित रूप से झारखंड के परिपेक्ष्य में जानकारी दिया गया। साथ ही उन्होंने कहा कि छलांग प्रोजेक्ट के माध्यम से विद्यार्थियों में शरीरिक कौशल में विकास में छात्रों के सीखने में सुधार, खेल गतिविधियों में बालिकाओं की भागीदारी में सांख्यिकीय रूप से महत्वपूर्ण सुधार, बालिकाओं की उपस्थिति में सांख्यिकीय रूप से महत्वपूर्ण सुधार, प्रत्येक छात्र के लिए 40 घण्टे की वार्षिक शारिरिक शिक्षा सुनिश्चित, ऐसे विद्यार्थियों की भी पहचान की जाएगी जिनमें एथलेटिक्स क्षमता आदि विकास हेतु कार्य कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि छलांग प्रोजेक्ट के माध्यम से अनेकों ऐसे बच्चे सामने आ रहें हैं जो पहले संकोच और आत्मविश्वास कमी के कारण बात चित या कुछ बोलने में संकोच करते थे लेकिन अब छलांग प्रोजेक्ट स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण कार्यक्रम चलने के कारण अब बच्चे खुल कर हर बच्चे बात चीत करने लगे हैं साथ ही उसमें आत्मविश्वास देखने को मिल रही है साथ ही पूरे आत्मविश्वास से अपनी बातों को हर प्लेटफार्म में रख पा रहें हैं साथ ही बच्चों में व्यक्तित्व विकास में छलांग प्रोजेक्ट महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। कार्यशाला में सभी विषयों पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी जा रही है साथ ही सर्किट रिले रेस, ट्रेजर हंट, लेटस दु डाय देशन, बिल्डिंग एंड बुलडोजर, पीठो फुटबॉल आदि खेल के माध्यम से भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## लक्ष्मण बड़ाईक को पुनः मिली भाजपा जिलाध्यक्ष की जिम्मेवारी, कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** लक्ष्मण बड़ाईक को पुनः भारतीय जनता पार्टी सिमडेगा जिला अध्यक्ष की जिम्मेवारी दी गई, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री बाबूलाल मरांडी ने पत्र जारी करते हुए जिला अध्यक्ष नियुक्ति की घोषणा की पुनः जिला अध्यक्ष नियुक्त होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने लक्ष्मण बड़ाईक को बधाई देते हुए खुशी जाहिर की है एवं कार्यकर्ताओं ने कहा की लक्ष्मण बड़ाईक के पुनः जिला अध्यक्ष नियुक्त होने पर कार्यकर्ताओं में जोश और उल्लास है और आने वाले लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में पार्टी अपना परचम लहराएगी। बधाई देने वालों में केंद्रीय कृषि मंत्री श्री अर्जुन मुंडा पूर्व मंत्री विमला प्रधान केंद्रीय मंत्री के जिला सांसद प्रतिनिधित्व सुशील श्रीवास्तव पूर्व विधायक निर्मल कुमार



बेसरा खूंटी लोकसभा के सहसंयोजक ओम प्रकाश साहू दुर्गविजय सिंहदेव अमरनाथ बामलिया दीपक पुरी अनूप प्रसाद श्रद्धानंद बेसरा सुजान मुंडा भोला साहू सतीश पांडेय मनोज साय प्रणव कुमार राकेश रविकांत तुलसी साहू रवि गुप्ता कृष्णा ठाकुर संजय ठाकुर रामविलास बड़ाईक सोनी पैंकरा नरेंद्र बड़ाईक कृष्णा बड़ाईक नवीन सिंह सतनारायण प्रसाद सावित्री देवी फुल सुंदरी देवी रेणु पुरी पिंकी प्रसाद कमला देवी हंस रानी शकुंतला देवी रागिनी राज नंदिनी दास शिखा अग्रवाल कंचन सिंह जयंती देवी सहित सभी मंडल अध्यक्षों ने बधाई दी है।

# वित्तपोषित कल्याण अस्पताल हेसल में एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** कल्याण विभाग झारखंड सरकार द्वारा वित्तपोषित कल्याण अस्पताल हेसल बसारडीह संचालित विकास भारती बिशनपुर में आज सदर अस्पताल के मलेरिया विभाग के द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से डॉक्टर अलिप कुमार मिश्रा के द्वारा राष्ट्रीय विषाणु जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के बारे में विस्तृत रूप से अस्पताल के चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल कर्मियों को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण देते हुए डॉक्टर अलिप कुमार मिश्रा ने कहा कि विषाणु जनित रोगों में लोहरदगा जिले में मुख्य रूप से मलेरिया फाइलेरिया ज्यादा पाया जाता है और आंशिक तौर पर डेंगू



और चिकनगुनिया का कोई केस नहीं पाया जाता है। मुख्य रूप से मलेरिया फाइलेरिया आदि रोगों के पहचान शुरुआती लक्षण रोगी के रोग निदान एवं रोग के दौरान दी जाने वाली औषधियां के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से अस्पताल के प्रबंधक प्रणव कुमार पाठक, विकास भारती बिशनपुर के क्षेत्रीय समन्वयक देवेंद्र कुमार, मंडल चिकित्सक डॉक्टर सतीश कुमार सिन्हा, डॉ प्रेम प्रकाश सिन्हा, डॉक्टर दिलीप खेस, डॉक्टर आस्था कुमारी सिन्हा, लैब टेक्नीशियन सुखमय, कुडू फार्मासिस्ट कंचन कुमारी, वरुण कुमार, जी एन एम अनीता केरकेट्टा, एन एम एम अंशु कुमारी, सीमा कुमारी, सरोज कुमारी, शांति कुमारी, उर्मिला कुजूर, प्रीति कुमारी, फारूक अंसारी, मुकेश साहू, राजीव रंजन,अरुण राम आदि उपस्थित थे।

## मुआवजा राशि को ले पथ पर शव रख कंडरा चौक को ग्रामीणों ने किया जाम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** थाना क्षेत्र के कोराम्बे नया टोली में सोमवार देर शाम हुई घटना में दो मासूम भाई बहन का दर्दनाक मौत पर पुलिस प्रशासन द्वारा त्वरित कारवाई करते हुए मालवाहक पिकअप को जप्त कर अग्रतर कारवाई आरम्भ कर दिया गया था। परंतु दोनो बच्चा का पोस्टमार्टम के पश्चात शव गांव पहुंचते ही ग्रामीण तत्काल मुआवजा की मांग को लेकर आधा घंटा तक एन एच 143 ए पथ कंडरा चौक को जाम कर दिया। जिसकी सूचना पुलिस प्रशासन को मिलते ही प्रशिक्षु एस पी वेदांत शंकर,प्रशिक्षु डीएसपी अमित कुमार दलबल के साथ जाम स्थल पहुंच जाम हटाने का दिशा में पहल करते एवं परिजनों को मुआवजा की राशि मुहैया करवाने का आश्वसन दे कर ग्रामीणों को समझाया गया। वहीं इस मामला को लेकर प्रखंड विकास



पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा मृतक के परिजनों एवं ग्रामीणों को सरकारी प्रावधान के अनुसार मुआवजा राशि दिलाने तथा घायल को इलाज करवाने का आश्वासन देते हुए ग्रामीण व परिजनों को समझाया गया। तथा दोनों भाई बहन का अंतिम संस्कार हेतु प्रशासन की ओर से सहयोग प्रदान किया गया। मौके पर बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा, प्रशिक्षु एसपी वेदांत शंकर, प्रशिक्षु डीएसपी अमित कुमार सिंह, पुलिस इंस्पेक्टर रत्नेश मोहन ठाकुर, एस आई गणेश कुमार यादव तथा महिला पुरुष सुरक्षा बल जाम स्थल पर मौजूद थे।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेन्हा में स्नेह मिलन समारोह का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में आचार्य आचार्या एवं भैया बहन के बीच स्नेहमिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के संस्थापक सदस्य सह द्वारा भारत माता की तस्वीर पर पुष्पार्चन व दीप प्रज्ज्वलित कर प्रारम्भ किया गया। कार्यक्रम में कक्षा नवम के बहनों द्वारा गीत प्रस्तुत की गई। वही संस्थापक सदस्य ने कहा कि छात्र छात्राएँ समय का सदुपयोग करते हुए परीक्षा की तैयारी को और मजबूत बनाने का प्रयास करें साथ ही देश के महान शपूतो वीर शिवाजी, तात्या टोपे, भक्त प्रह्लाद, विवेकानंद जैसे बनने की प्रेरणा देते हुए कहा कि जीवन मे सफल होने के लिए संयमित और कठोर परिश्रमी बन कर लक्ष्य को प्राप्त



किया जा सकता है। साथ ही कक्षा दशम के विद्यार्थियों को शुभकामना दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य बिमलेश कुमार तिवारी ने कहा कि इस विद्यालय से पढ़ लिख कर समाज सेवा,देश सेवा एवं राष्ट्र निर्माण के लिए तैयार हो कर गौरवान्वित माता पिता,गुरु व क्षेत्र का नाम को गौरवाविन्त करने का सफल प्रयास करें। कक्षा दशम के बहन सुभद्रा, अर्चना, दिव्या, भैया आदित्य ने अपने अनुभव कथन में कहा कि सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में संस्कारक्षम वातावरण में पढ़ाई के साथ साथ अन्य गतिविधि प्राप्त करने का अवसर मिलता है। तथा विद्यालय के अन्य भैया बहनों ने अपने सहपाठियों को मैट्रिक की परीक्षा सफलता प्राप्त करने के लिये शुभकामनाएं देते हुए विदाई किया गया। मौके पर डॉली कविता, जयप्रकाश सिंह, प्रतिभा देवी, संध्या कुमारी, रामशिला उराँव, चाँदनी कुमारी, राजकिशोर उराँव सहित सभी भैया बहन उपस्थित थे।

## चलते चलते एक नजर

### साइबर अपराधी को तीन साल की सजा और दो लाख का जुर्माना

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ईडी के विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा ने मंगलवार को साइबर अपराधी संतोष यादव को दोषी करार करते हुए तीन साल की सश्रम कारावास की सजा सुनायी है। साथ ही दो लाख का जुर्माना लगाया है। जुर्माना की राशि नहीं देने पर छह माह का साधारण कारावास काटना होगा। अदालत ने साइबर अपराध से कमाये गये 15 लाख 24 हजार 500 जब्त रुपये को सेंट्रल गवर्नमेंट के पक्ष में जमा करने को कहा है। इस संबंध में देवघर जिले के मधुपुर थाना कांड संख्या 351/17 के दर्ज मुकदमे के आधार पर ईडी ने मामला दर्ज किया था। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि छदम वेश में संतोष यादव धोखाधड़ी और साइबर अपराध कर धन अर्जित करता है। उक्त सूचना के अधार पर संतोष यादव को देवघर के छतापातर स्थित घर से गिरफ्तार किया था। छापेमारी के दौरान पुलिस ने साइबर अपराध से अर्जित 15 लाख 24 हजार 500 रुपये और मोबाइल सहित अन्य सामान जब्त किया गया।

### राज्यपाल ने मुख्य सचिव, गृह सचिव और डीजीपी को किया तलब

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** दिल्ली स्थित सीएम आवास में सोमवार को ईडी की दबिश के बाद राज्य की मौजूदा स्थिति में ला एंड ऑर्डर सहित अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर जानकारी लेने और अधिकारियों को दिशा-निर्देश देने के लिए राज्यपाल ने मुख्य सचिव, गृह साचिव, डीजीपी को मंगलवार को तलब किया है। राज्यपाल के बुलावे के बाद सभी आला अधिकारी राजभवन पहुंचे हैं। राज्यपाल अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे हैं।

### गांधी के विचार हमेशा पथ प्रदर्शक एवं प्रेरणाश्रोत रहेंगे : गुलाम अहमद मीर

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का शहादत दिवस कांग्रेस भवन में प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर की अध्यक्षता में मनाई गयी। मौके पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के महासचिव और झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने राष्ट्रपिता की तस्वीर पर फूल माला चढ़ाकर श्रद्धासुमन अर्पित किया। मौके पर गुलाम अहमद मीर ने कहा कि महात्मा गांधी की विचारधारायें, सत्य और अहिंसा का पथ एवं सहिष्णुता का संदेश संपूर्ण विश्व के लिए हमेशा पथ प्रदर्शक एवं प्रेरणाश्रोत रहेंगे। उन्होंने कहा कि अहिंसा के पुजारी बापू की पुण्यतिथि पर स्मरणपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एक महान दार्शनिक थे, जिनके सिद्धांत न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया में लोग आत्मसात कर रहे हैं। यही वजह है कि गांधी को पूरी दुनिया में एक प्रेरणास्रोत के रूप में जाना जाता है। मीर ने बापू को युगांतरकारी परिवर्तन के लिए आदर्शों का सच्चा मसीहा बताया, जिन्होंने न सिर्फ भारत के स्वतंत्रता संग्राम के आंदोलन को अहिंसात्मक तरीके से अंजाम तक पहुंचाकर आजादी का गौरव दिलाया। साथ ही तत्कालीन भारत में व्याप्त सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ भी संघर्ष कर कई प्रथाओं को समाज से हटाया। शहादत दिवस पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि गांधी का अपार स्नेह झारखंड से था। विशेषकर 1940 में रामगढ़ में अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी का अधिवेशन देश की आजादी का सूत्रधार बना। अहिंसा और सत्याग्रह गांधी के आंदोलन का मूल मंत्र था। उन्होंने कहा कि गांधी के आदर्शों और सिद्धांतो को अपने जीवन में उतारकर हम आम लोगों की सेवा करें तभी राष्ट्रपिता के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# डीसी ने सुनी आमजनों की समस्या



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** उपायुक्त शेखर जमुआर के निर्देश पर आज निदेशक डीआरडीए दिनेश प्रसाद सुरीन द्वारा समाहरणालय के सभा कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया।

जनता दरबार में आए फरियादियों की समस्याएं बारी-बारी से सुनी गई एवं समस्याओं के निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया गया। आज के जनता दरबार में राशन, आवास, राशनकार्ड, भूमि विवाद, समेत अन्य समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए ग्रामीणों की बारी-बारी से समस्या सुनी गई एवं यथाशीघ्र उनके समस्याओं के निराकरण करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निदेशित किया गया।

सर्वप्रथम नगर ऊंटरी प्रखंड के पिपरडीह पंचायत के ग्रामीणों द्वारा सामूहिक रूप से जन वितरण प्रणाली के तहत राशन वितरण में अनियमितता बरते जाने एवं प्रत्येक माह राशन उपलब्ध नहीं होने की शिकायत की गई। मामले में जांच एवं कार्रवाई हेतु जिला आपूर्ति कार्यालय को निर्देशित किया गया। सुमती कुंवर, पति स्वर्गीय राजपाल यादव, ग्राम बुका, प्रखंड भवनाथपुर निवासी द्वारा आवास योजना अंतर्गत आवास उपलब्ध कराने के संबंध में आवेदन दिया गया। मामले में आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारी भवनाथपुर को निर्देशित किया गया। कांडी प्रखंड के गोसांग निवासी विमला देवी ने राशन कार्ड नहीं बन पाने की शिकायत की है। उन्होंने कहा कि वे अत्यंत गरीब परिवार से संबंध रखते हैं। उनके पति बीमार हैं, जिसके कारण मेहनत मजदूरी भी नहीं कर सकते हैं। स्वयं ही वे मजदूरी करके अपने बच्चों का पालन पोषण करतीं हैं। उन्होंने राशन कार्ड बनवाने के लिए कई बार आवेदन किया, परंतु अभी तक राशन कार्ड की स्वीकृति नहीं मिल सकी, जिसके कारण काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने आवेदन समर्पित करते हुए राशन कार्ड बनवाने का अनुरोध किया है।

## भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष ने नवनियुक्त जिला भाजपा अध्यक्ष को किया सम्मानित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** भाजपा नगर मंडल गढ़वा के अध्यक्ष उमेश कश्यप ने गढ़वा जिला भाजपा के नवनियुक्त अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो को भंडरिया मण्डल कार्यालय पर पहुंचकर पुष्प गुच्छ एवं अंग वस्त्र दे कर सम्मानित किया। वहीं ओमप्रकाश केसरी को प्रदेश कार्यसमिति बनने पर उन्हें भी पुष्प गुच्छ अंगवस्त्र देकर सम्मानित करने का कार्य किया। इस मौके पर उन्होंने प्रदेश नेतृत्व का आभार जताया तथा कहा की एक किसान के बेटा को सम्मान देने का कार्य किया गया। निवर्तमान अध्यक्ष को प्रदेश कार्यसमिति में जगह दिया गया। भाजपा जो कहती है आज उसी को चरितार्थ किया। सबका साथ सबका विकास के साथ सम्मान देने का कार्य किया। मौके पर भंडरिया मंडल अध्यक्ष राजेश्वर ठाकुर, महामंत्री विनय जायसवाल, सांसद प्रतिनिधि रूप निरंजन सिन्हा, रूपेश कुमार, मदन केसरी, संतोष कश्यप, मधु लता कुमारी, सत्यनारायण गुप्ता, प्रेम नाथ ठाकुर प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# पेपर लीक की सीबीआई जांच हो : नमन भारतीय

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग जेएसएससी की परीक्षा रविवार को संपन्न होने के बाद जोर-शोर से सोशल मीडिया पर पेपर लीक का मामला चल रहा है तीसरा पेपर सामान्य ज्ञान का लीक होने की खबर सामने आ रही है लगभग पाचस प्रतिशत से अधिक प्रश्न पर्चा में हूबहू मिले इसका विरोध करते हुए पंडित शोभानाथ तिवारी जनकल्याण सेवा संस्थान के महानगर अध्यक्ष नमन कुमार भारतीय ने कहां की फिर से दोबारा एग्जाम लिया जाए और पेपर लीक का सीबीआई जांच किया जाए और दोस्तों पर कड़ी से कड़ी करवाई किया जाए।

भारतीय ने कहाकी और लाखों छात्रों जो रात दिन मेहनत करके पढ़े हैं उनका रिजल्ट नहीं आएगाऔर जो तैयारी नहीं किया है ।

वह पास करेगा ऐसा कभी झारखंड अगेंस्ट करप्शन होने नहीं देगा और उन्होंने कहा कि भविष्य में ऐसा ना हो उसके लिए दोषियों को कड़ी से कड़ी करवाई किया जाना चाहिए और नमन नेट जोर देकर कहा कि बिहार का रहा पर अब झारखंड चल रहा है पहले यह सब बिहार में अधिकतर सुनने को मिलता था लेकिन अब झारखंड भी बिहार से पीछे नहीं है या झारखंड या के लिए शर्मनाक बात है और पढ़ने वाला छात्र के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है।

### संत मरियम विद्यालय में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का हुआ सीधा प्रसारण

# बच्चों के भीतर छिपी प्रतिभा को महत्व दें : अविनाश देव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** संत मरियम आवासीय विद्यालय परिसर में 29 जनवरी 2024 को परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। जिसमें विद्यालय में अध्यनरत 10वीं व 12वीं के विद्यार्थी छात्रावास अधीक्षक श्री उत्कर्ष देव के साथ-साथ शिक्षक व शिक्षिकाएं मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम बोर्ड परीक्षाओं में शामिल होने जा रहे छात्रों के मानसिक तनाव को कम करने के लिए माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा हर साल परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है।इसकी शुरुआत 2018 से हर साल की जा रही है।परीक्षा पे चर्चा का सातवां संस्करण 29 जनवरी 2024 को आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम भारत मंडपम आईटीपीओ प्रगति मैदान नई दिल्ली में आयोजित किया गया। इस वार्षिक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी जी सिर्फ छात्रों की ही नहीं बल्कि शिक्षकों और शिक्षिकाओं तथा अभिभावकों को भी परीक्षा की तैयारी की चुनौतियों से निपटने के लिए सलाह दिए।

उनकी ओर से आए प्रश्नों के उत्तर भी दिए। इस कार्यक्रम के संदर्भ मे संत मरियम विद्यालय के चेयर मैन श्री अविनाश देव ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अभिभावकों, शिक्षकों और छात्रों की काबिलियत को समाज को समझना चाहिए और एक ऐसा वातावरण बनाना है जिसमें बच्चों के भीतर छिपी प्रतिभा को महत्व दे और उन्हें प्रोत्साहित करें ।कार्यक्रम को लेकर स्कूल के प्रधानाध्यापक श्री कुमार आदर्श ने कहा कि हर बच्चों में अपनी अलग अलग प्रतिभा होती है ।तथा ऐसे में एक बच्चे की तुलना दूसरे बच्चे से नहीं करनी चाहिए। उन बच्चों को अपने ही प्रतिभा के कार्यान्वयन के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

# बॉलीवुड अभिनेता परवीन डबास व अभिनेत्री प्रीति झंगियानी ने विजेताओं को किया सम्मानित



दीपेंद्र सिंह बिष्ट

**नई दिल्ली :** 22वीं दिल्ली स्टेट आर्मरेसलिंग चैंपियनशिप 2023-24 का आयोजन रॉयल स्पोर्ट्स क्लब द्वारा आर्मरेसलिंग एसोसिएशन ऑफ नई दिल्ली के तत्वावधान में दयाल सिंह कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय लोधी रोड नई दिल्ली के सहयोग से 20 और 21 जनवरी, 2024 को सफलतापूर्वक किया गया था।

चैंपियनशिप का उद्घाटन दयाल सिंह कॉलेज के प्राचार्य प्रो वीके पालीवाल ने किया. मुख्य अतिथि अभिनेता और प्रो पांजा लीग के मालिक प्रवीण डबास ने कहा कि प्रो पांजा लीग दुनिया की सबसे बड़ी लीग है और अन्य अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हमसे जुड़ना चाहते हैं। हजारों पुरुष, महिलाएं और पैरा एथलीट शामिल हो रहे हैं। अभिनेत्री और पीपुल्स आर्म रेसलिंग फेडरेशन इंडिया (पीएएफआई) की अध्यक्ष सुश्री प्रीति झंगियानी ने कहा कि अब आर्म रेसलिंग सबसे तेजी से बढ़ने वाला खेल बन रहा है। पीएएफआई देश भर में इसके विकास के लिए कड़ी मेहनत कर रहा है। हम भारत में अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप की मेजबानी के लिए भी काम कर रहे हैं और उन्होंने चैंपियनशिप के विजेताओं को सम्मानित किया है। रविंदर गुप्ता, अध्यक्ष आवंड, विजय मानव, अध्यक्ष अवांड, डॉ. संदीप मेहता, खेल प्रमुख दयाल सिंह कॉलेज, राज मखीजा, फिटकार्ट से,सुश्री दीप्ति कलिब्रे खेल प्रबंधन श्री. शीशपाल दयाल सिंह महाविद्यालय, डॉ. नीरजा शर्मा समर्पण सोसायटी, श्री. महेश चौधरी फिटनेस कोच, फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. मनोज राजौर और श्री रंजन नेगी ने भी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया और पुरस्कार वितरित किया। टूर्नामेंट के चैंपियन सब जूनियर बॉय राइट हैंड में अतीक्ष काजी,जूनियर बॉय लेफ्ट और राइट हैंड में तुषार अवस्थी, जूनियर गर्ल राइट हैंड में गौरी वर्मा, यूथ राइट हैंड में आभास राणा, यूथ लेफ्ट हैंड में राहुल दलाल, राइट हैंड में श्रुति बावा यूथ गर्ल रहे। युवराज एस वर्मा वरिष्ठ दाएं हाथ, आभास राणा वरिष्ठ बाएं हाथ, निर्मल ओलियान वरिष्ठ महिला दाएं हाथ, योगेश चौधरी वरिष्ठ महिला बाएं हाथ, बिमला रावत मास्टर महिला दाएं हाथ, पुष्पा शर्मा मास्टर बाएं हाथ, लक्ष्मण सिंह भंडारी मास्टर पुरुष दाएं हाथ। आवंद और पाफी के महासचिव लक्ष्मण सिंह भंडारी ने कहा कि इस चैंपियनशिप में 500 से अधिक एथलीटों ने भाग लिया, जो आर्म रेसलिंग की लोकप्रियता को दर्शाता है.

### राज्य के 35 हजार सरकारी स्कूलों में शहीद दिवस पर दी गयी मौन श्रद्धांजलि

**रांची :** राज्य के सभी सरकारी स्कूलों में मंगलवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और स्वतंत्रता संग्राम में शहीद होने वाले वीरो को मौन श्रद्धांजलि दी गयी। राज्य सरकार के निर्देशानुसार राज्य के 35000 स्कूलों में आज पूर्वाह्न 11 बजे स्मृति सह मौन सभा का आयोजन किया गया। इसमें स्कूल के शिक्षक, एसएमसी सदस्य समेत सभी बच्चों ने भाग लिया। इस सभा में बच्चों को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के राष्ट्र के प्रति समर्पण और स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने वाले वीर शहीदों के जीवन से जुड़ी प्रेरक भाषण व पाठ्येत्तर गतिविधियां भी कराई गयी। बच्चों ने इस दौरान दो मिनट का मौन रखकर बापू और शहीदों को श्रद्धांजलि दी और उनके जीवन से प्रेरणा लेकर देश के प्रति सच्चा समर्पण और स्वयं को राष्ट्र सेवा में आत्मसात करने का संकल्प लिया। इस स्मृति सभा में स्कूल के आस पास रहने वाले अभिभावकों ने भी हिस्सा लिया।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ डीएवी मॉडल स्कूल में विदाई समारोह आयोजित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** डीएवी मॉडल स्कूल गढ़वा में दसवीं क्लास के बच्चों का विदाई समारोह रंगारंग कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर निदेशक सुशील केसरी एवं प्राचार्य गुलाम सरवर, पूनम केसरी, मिथिलेश सिन्हा, अंजनी सिंह, आरती देवी, ओम प्रकाश शर्मा आदि ने सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की शुरुआत में नवम क्लास की कृतिका एवं ग्रुप ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। तत्पश्चात कक्षा वन के बच्चे पायल कुमारी, प्रिया कुमारी, सोनम कुमारी, संध्या कुमारी, अनु कुमारी, अलीशा परवीन, दिव्या राज, आनंदिता पाठक, अंशिका राज, सिद्दीका रानी ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। तत्पश्चात यूकेजी की सिद्धि रानी, पूजा कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, कनक कुमारी, इसीका, अंशी, अर्पित, सुरुचि और चाहत ने टुकुर-टुकुर नृत्य पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत की। वसीम खान ने उड जा काले कौवे गीत को प्रस्तुत किया। सलोनी, दीक्षा, माही और रागिनी ने बन्नो÷ गीत पर बहुत सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। पीहू एवं ग्रुप ने विदाई गीत से सबको भावुक कर दिया। चतुर्थ क्लास की अंशिका ने मुंडा थोड़ा गीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। शिवानी, आराधना, सोना, भावना और गीत गुप्ता ने अपने नृत्य से सबको मोह लिया। कक्षा वन के माजीद, शुभम, आहिल, शिवांश, अखिलेश, अभिनव और पीयूष ने गलती से मिस्टेक गीत पर अपना नृत्य प्रस्तुत किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अभिभावक और शिक्षक उपस्थित थे। निदेशक सुशील केसरी ने दसवीं क्लास के बच्चों की विदाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी।

# बहुत रोमांचक है पीएम के साथ मेरा सफर : एस. जयशंकर



एजेंसी

**नई दिल्ली :** केंद्रीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना की है. मंगलवार को आईआईएम मुंबई के छात्रों के साथ एक परिचर्चा के दौरान पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी को साहसिक फैसले लेने वाला और देश के लिए समर्पित भाव से काम करने वाला प्रधानमंत्री बताया है.छात्रों ने उनसे पूछा था कि पीएम नरेंद्र मोदी के साथ विदेश मंत्री के तौर पर काम करना उन्हें कैसा लगता है. खासकर तब जब वह पूर्व में एक राजनयिक रहे हैं. इसके जवाब में विदेश मंत्री एस जयशंकर कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के साथ मेरा सफर बहुत रोमांचक है. इसकी वजह है कि पीएम मोदी बहुत बड़ी महत्वाकांक्षा और देश के लिए समर्पित बड़ी विचारधारा के साथ काम करते हैं.जयशंकर ने कहा,पीएम मोदी बेहद साहसिक हैं. नए आइडियाज को खुले तौर पर स्वीकार कर उसे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ाने का काम करते हैं. विदेश मंत्री ने कहा कि पीएम मोदी इसलिए भी लोकप्रिय है क्योंकि वह काम में गति लाने वाले हैं. इसके साथ ही उनमें सटीकता भी रहती है. चुनौतियों के साथ पीएम मोदी का यह संयोजन काफी अच्छा रहा है. बता दें कि विदेश मंत्री का पूरा नाम सुब्रह्मण्यम जयशंकर है. वह पूर्व राजनयिक और विदेश सचिव रहे हैं. 2014 से 2019 के बीच प्रधानमंत्री के रूप में अपने पहले कार्यकाल में पीएम नरेंद्र मोदी ने विदेश दौरे के दौरान जयशंकर की काबिलियत को बखूबी परखा था. इसके बाद 2019 में केंद्र में दूसरी बार एनडीए सरकार बनने पर पीएम नरेंद्र मोदी ने एस जयशंकर को केंद्रीय विदेश मंत्री के रूप में मंत्रिमंडल में शामिल किया था.भारतीय राजनीतिक क्षेत्र में आने से पहले, उन्होंने संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन और चेक गणराज्य में राजदूत के रूप में कार्य किया. इस पोर्टफोलियो के अतिरिक्त, वे सिंगापुर के उच्चायुक्त (2007-09) के रूप में भी कार्यरत रहे. जयशंकर ने भारत-अमेरिका असैन्य परमाणु समझौते पर बातचीत करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी. विदेश मामलों पर बिना लाग-लपेट अचूक तरीके से भारत की बातें विश्व पटल पर रखने वाले एस जयशंकर वर्तमान में बीजेपी के राज्यसभा सांसद हैं.

### राजभवन, मुख्यमंत्री आवास और ईडी ऑफिस के 100 मीटर की परिधि में धारा 144 लागू

**रांची :** राजभवन और मुख्यमंत्री आवास और ईडी ऑफिस के 100 मीटर की परिधि में धारा 144 लागू कर दी गयी है। इसको लेकर मंगलवार को सदर एसडीओ ने आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार इन स्थानों के 100 मीटर की परिधि में दिन के दस बजे से रात के दस बजे तक धारा 144 लागू रहेगा। जारी आदेश में कहा गया है कि इन स्थानों पर संगठनों, दलों द्वारा धरना, प्रदर्शन, जुलूस और रैंक किये जाने की सूचना है। इस प्रकार के कार्यक्रमों से सरकारी काम-काज में व्यवधान उत्पन्न होने के साथ-साथ यातायात व्यवस्था बाधित होने, विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होने और लोक परिशांति भंग होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। इस दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। दंडाधिकारी और पुलिस बल तैनाती की गई है।

# पुलिस मुख्यालय जिलों से ले रहा पल-पल की जानकारी




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** ईडी के एक्शन के बाद झारखंड पुलिस अलर्ट मोड में है। पुलिस मुख्यालय जिलों से पल-पल की जानकारी ले रहा है। विधि व्यवस्था न बिगड़े इसको लेकर पुलिस मुख्यालय सतर्कता बरत रहा है।

साथ ही जिलों को भी अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। ईडी जैसे अन्य केन्द्रीय ब्यूरो के कार्यालयों की सुरक्षा के लिए अतिरिक्त बलों को प्रतिनियुक्ति किया गया है। रोड जाम की स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल के साथ तैयार रहने के निर्देश दिए गए हैं।

रेलवे की सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है। पुलिस मुख्यालय स्थित कन्ट्रोल रूम में पालीवार डीएसपी स्तर के पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्त की गई है। जोनल आईजी को निगरानी रखने और पुलिस मुख्यालय स्थित कन्ट्रोल रूम में सूचना देने के लिए कहा गया है। राज्य के सभी थानों को अपने जिलों के कन्ट्रोल रूम से संपर्क के लिए कहा गया है।

पुलिस मुख्यालय स्थित कन्ट्रोल रूम में प्रत्येक एक-एक घंटे स्थिति की जानकारी मांगी गई है। रेंज के आईडी और डीआईजी को इसकी जिम्मेवारी दी गई है। वर्तमान में देवघर एसपी का पद रिक्त रहने के कारण चंदन कुमार झा प्रभार दिया गया है। पुलिस मुख्यालय को सूचना मिली है कि ईडी की कार्रवाई के विरोध में लोहरदगा, रामगढ़, दुमका और बोकारो में स्थिति बिगड़ने की संभावना है। खुफिया विभाग ने इसकी पुष्टि की है।

ईडी की कार्रवाई की सूचना प्राप्त होती है तो सत्तारूढ़ दल के कार्यकर्ता सबसे पहले इन जिलों में धरना प्रदर्शन करेंगे। बस आदि से कार्यकर्ताओं का सैलाब राजभवन के घेराव के लिए रांची पहुंच सकता है। इस प्रकार की स्थिति से निपटने के लिए सभी जिला सुरक्षात्मक तैयारी करने का निर्देश दिया गया है। स्थिति को देखते हुए प्रशिक्षण शाखाओं से 200-200 की संख्या में पुलिस बल की तैनाती पुलिस मुख्यालय स्तर से की गई है। जिलों में स्थित भाजपा कार्यालयों की सुरक्षा के लिए बलों की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने को कहा गया है। प्रसिद्ध भाजपा कार्यकर्ताओं तथा उनके आवासों एवं भाजपा के झंडे लगे वाहनों को भी सत्तारूढ़ दल के कार्यकर्ता निशाना बना सकते हैं। आशंका के मद्देनजर पुलिस मुख्यालय कड़ी नजर रख रहा है।